खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27° C
न्यूनतम : 15° C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 5 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 294 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार: अखिलेश पेज 2



मंधाना को हटाकर वुलफार्ट बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज खेल टाइम्स



बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच सम्पादकीय



भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर अमेरिकी अदालत की रोक पेज 12

# बिहार में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर, कहा था- वोटिंग के दिन कुछ नेताओं को घर से निकलने मत देना



**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है।

दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें, तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। राजद ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जदयू ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है। दूसरी तरफ, राजद नेता और महागठबंधन के सीएम चेहरे तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी को माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे। तेजस्वी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन, 14 जनवरी को, पूरे साल भर का 30 हजार महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। 5 साल के दौरान कुल डेढ़ लाख मिलेंगे। राज्य की जीविका दीदीयों को स्थायी किया जाएगा। उन्हें 30,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।



कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य टीएमसी नेता राज्य के मताधिकार की रक्षा के लिए एसआईआर पहल के खिलाफ एक विशाल रैली निकालते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में NDA की प्रचंड जीत होगी, कोई शक नहीं: मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान के आखिरी चरण में एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत की। भाजपा-एनडीए समर्थक मतदाताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह बातचीत भारतीय जनता पार्टी की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत हुई।

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। हिंदुजा परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं।

### NHRC ने अफसरों के रिश्वत मामले का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि बेंगलुरु में अपनी इकलौती बेटी की मौत के बाद एक पिता को हर कदम पर रिश्वत देनी पड़ी। आयोग ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में केंद्र सरकार से जवाब तलब

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई
■ कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवम्बर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें, ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इस पर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को -शेष पृष्ठ दो पर

### ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के कदम पर केंद्र की खिंचाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने के केंद्र सरकार के आवेदन पर नाराजगी व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यह कदम मौजूदा पीठ से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जो पहले ही इस मामले की व्यापक सुनवाई कर चुकी है।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ लंबे समय से लंबित मद्रास बार एसोसिएशन मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। कार्यवाही के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने एक आवेदन पेश कर अनुरोध किया है कि मामले को एक बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाए। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि हमें उम्मीद नहीं है कि भारत संघ इस तरह की रणनीति अपनाएगा।

# बंगाल में एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी का मार्च

कोलकाता, वार्ता

■ पार्टी वर्कर्स के साथ कोलकाता की सड़कों पर उतरीं, भाजपा ने कहा: जमात की रैली

**पश्चिम बंगाल** में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किमी लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से एसआईआर शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है। एसआईआर पर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। जिसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं। इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी।

### इंडिया गठबंधन करेगा एसआईआर प्रक्रिया का देशव्यापी विरोध

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन ने मंगलवार से दूसरे चरण की शुरू हो रही मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने की योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन ने देशव्यापी आंदोलन करने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन इसके विरोध में सामूहिक रूप से उच्चतम न्यायालय का फिर से रुख करने की भी तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद (एसआईआर) के मसले पर इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय से गुहार करने और देशव्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। फिलहाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने पर सहमति दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई गहरी चिंता

■ कहा: लोगों को दुष्कर्म व पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है।

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। अदालत ने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि कई बार पोक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है।

### यात्री ने की विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार शाम को वाराणसी से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट के एप्रन से रनवे की ओर जाते समय एक यात्री ने अचानक इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया। क्रू मेंबरों ने तत्काल इसकी सूचना पायलट को दी। पायलट एटीसी को सूचना देते हुए विमान को वापस एप्रन पर ले आया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर सुरक्षाकर्मियों द्वारा विमान की जांच की गई और यात्री को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# मालगाड़ी पर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, छह की मौत



■ कई लोग घायल, आमने-सामने की हुई टक्कर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई।

छह लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है।


### दिवाली के 13 दिन बाद भी दिल्ली में एक्यूआई 229

**नई दिल्ली।** देश में इस समय 3 तरह के मौसम चल रहे हैं। राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली प्रदूषण, कोहरा और धुंध से जूझ रही है। दिवाली के 13 दिन बाद भी यहां एक्यूआई लेवल गंभीर कैटेगरी में है। मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक्यूआई लेवल 229 रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हिमालय से सटे राज्यों में बर्फबारी का अलर्ट है।

# भारत में राजनीति बन गई फैमिली बिजनेस: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस सांसद ने कहा: कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार, वंशवाद छोड़ना चाहिए



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा कि भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है।

जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने लेख में लिखा कि यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है। थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

# मणिपुर: उग्रवादियों ने सेना पर की फायरिंग, चार उग्रवादी ढेर

■ खनपी गांव में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में सोमवार तड़के सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के चार उग्रवादी मारे गए।

सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यूकेएनए अब तक केंद्र , राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश दुबे के करीबी डीएसपी ऋषिकांत सस्पेंड

**लखनऊ।** कानपुर के वकील अखिलेश दुबे के करीबी और मैनपुरी के डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला को आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित कर दिया गया हैं। उन पर अखिलेश दुबे से साठ गांठ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। वो दस तक साल कानपुर में सीओ पद पर नियुक्त रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गृह विभाग के सचिव आईएएस जगदीश ने इन्हें निलंबित करते हुए विजिलेंस जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ऋषिकांत शुक्ला पर कानपुर में तैनाती के दौरान लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर संपत्ति अर्जित करने का आरोप थे। विजिलेंस जांच में भी उनकी अकूत संपत्ति का खुलासा हुआ है, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है। एसआईटी जांच ने जब इस मामले की जांच की, तो सौ करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इनमें पड़ोसी के नाम पर खरीदी गई आर्य नगर में 11 दुकानें भी शामिल हैं।

### तिवारी ने थरूर के वंशवाद संबंधी लेख पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के राजनीति में वंशवाद को लेकर प्रकाशित एक लेख पर गहरी नाराजगी और आपत्ति जताई है। तिवारी ने यहां मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा कि नेहरू परिवार के नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। आखिर भारत में ऐसा कौन सा परिवार है, जिसमें नेहरू परिवार जैसी निष्ठा और क्षमता रही है? गौरतलब है कि थरूर ने वंशवाद की राजनीति को केंद्र में रखकर एक लेख लिखा था।

## स्नान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री का निर्देश

# रीलबाज पुलिसकर्मियों को हटाया जाए: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ घाटों पर सुविधाएं रखने का निर्देश, मर्यादा में रहे आचरण

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, ददरी मेला (बलिया) व गढ़मुक्तेवर मेला (हापुड़) के आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी करने के दौरान रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों को हटाने का भी आदेश दिया है। ताकि किसी की भी लापरवाही के चलते इन आयोजनों में कोई बड़ी चूक न हो। जनता की सेवा से जुड़े कामों में मर्यादा और अनुशासन बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आगामी आयोजनो के दौरान घाटों व मेलों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान मेलों में स्वच्छता, सुरक्षा व सतर्कता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा कि ये पुलिस और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आयोजनों में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित व श्रद्धाभाव से भरा रहे। नदियों के जलस्तर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'विकसित उत्तर प्रदेश -2047' अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 72 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। जौनपुर, गाजीपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, बिजनौर, गोरखपुर, बरेली, सोनभद्र और गोंडा सहित कई जिलों से लोगों ने विकास के उपयोगी विचार साझा किए हैं।

### दरभंगा में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतिम दिन दरभंगा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के दौरान भारी जनसमूह उमड़ा। लोहिया चौक से प्रारंभ होकर मछली चौक तक चले इस भव्य रोड शो में लोगों का उत्साह चरम पर रहा। सड़क के दोनों ओर और छतों पर खड़े लोगों ने योगी योगी, जय श्री राम, भारत माता की जय, मिथिला धाम की जय, माता जानकी की जय और हर हर महादेव के नारे लगाए।

### किसानों को राहत: नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक प्रतिशत रिकवरी की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 प्रतिशत रिकवरी छूट की घोषणा की है, जिससे राज्य के लाखों अन्नदाता किसानों और राइस मिलों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में रोजगार और निवेश क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। योगी सरकार का धान कुटाई पर राहत पैकेज का ऐलान किया है। इस छूट से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। इससे प्रदेश के 13-15 लाख अन्नदाता किसानों और 2000 से अधिक राइस मिलों को सीधा लाभ पहुंचेगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। योगी सरकार के इस निर्णय से राष्ट्रीय स्तर पर बचत होगी। अब पीडीएस के लिए बाहर से चावल की रैक नहीं मांगनी पड़ेगी। सरकार ने हाइब्रिड धान की कुटाई पर रिकवरी प्रतिशत पर पहले से ही 3 प्रतिशत की छूट दी हख जिसके लिए सरकार प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करती है।

## लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलेगी वंदे भारत

लखनऊ, वार्ता

■ सात नवम्बर से होगी शुरू, नौ शहरों से होकर गुजरेगी

उत्तर प्रदेश में अब एक और नए रूट पर वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। ये नई ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सहारनपुर जिले के बीच चलेगी, जिससे प्रदेश के अवध क्षेत्र से पश्चिमी यूपी के जिल के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। लखनऊ से सहारनपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन 7 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए ट्रेन का टाइमटेबल और रूट तय हो गया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है।

वंदे भारत के नए रूट पर चलने के बाद सीतापुर भी वंदे भारत एक्स्प्रेस के रूट से जाएग। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 26504 सोमवार को छोड़कर बाकी सभी सप्ताह के छह दिनों पर चलेगी। टाइम टेबल के मुताबिक वंदे भारत ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सुबह पांच बजे रवाना होगा, इसके बाद ये ट्रेन सुबह 5.55 बजे सीतापुर पहुंचेगी। सीतापुर से शाहजहांपुर सुबह 7.10 बजे, बरेली सुबह 8.08 बजे, मुरादाबाद सुबह 9.27 बजे, नजीबाबाद सुबह 10.45 बजे, रुड़की सुबह 11.40 बजे और रुड़की से सहारनपुर दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। इस तरह ये ट्रेन नौ बड़े शहरों से होकर गुजरेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 26503 वंदे भारत ट्रेन सहारनपुर से दोपहर तीन बजे रवाना होगी और फिर रुड़की 3.45, नजीबाबाद शाम 4.40 बजे, मुरादाबाद शाम 6.10 बजे, बरेली शाम 7.33 बजे, शाहजहांपुर रात 8.38 बजे, सीतापुर रात 9.50 और लखनऊ जंक्शन पर रात 11.00 पहुंचेगी। वापसी में भी ये ट्रेन सहारनपुर से सोमवार को छोड़कर बाकी सभी छह दिन चलेगी।

## अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतर्राष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नई परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### बाराबंकी में सड़क हादसे में आठ मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत आठ लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा-फतेहपुर मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास बीती रात कल्याणी नदी के पुल पर कार और ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी व हर जगह दलालों का राज

**लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे निलंबित पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकांत शुक्ल और माफिया अखिलेश दुबे को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार के सुशासन के दावों की आए दिन पोल खुल रही है और हर विभाग में दलालों और रिश्वतखोरी चरम पर है।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति मिली है, सोचिए उनके पास खुद कितनी अपार दौलत होगी और उनके उस 'ऊपर वाले' के पास कितनी, जिनके संरक्षण और आशीर्वाद से वे अब तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 'सुशासन' के दावे अब खोखले साबित हो चुके हैं। हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी और हर जगह दलालों का राज कायम है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज का असली अर्थ है 'भ्रष्टाचार का भंडार', जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई का धन लूटने की खुली छूट दी जा रही है। कानपुर के अखिलेश दुबे को लेकर सपा मुखिया इन दिनों काफी हमलावर हैं। अभी बीते दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा था कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास दुबे की गाड़ी इसलिए पलटाई गई थी कि कहीं सरकार न पलट जाए। अब अखिलेश दुबे को बचाया जा रहा है। गौरतलब है कि ऋषिकांत शुक्ल कानपुर नगर पुलिस में लंबे समय तक तैनात रहे हैं।



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



## निवेशकों के 2.7 लाख करोड़ डूबे, सूचकांक टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



**सेंसेक्स 500 अंक टूटा निफ्टी 25,600 के नीचे**

भारतीय शेयर बाजारों मंगलवार को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 519 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी गिरकर 25,600 के नीचे चला गया। कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों से शेयर बाजार के सेंटीमेंट पर दबाव देखा गया। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों को लेकर मिलेजुले संकेत और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के चलते भी निवेशक सतर्क दिखाई दिए।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 519.34 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,459.15 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी इंडेक्स 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत तक फिसल गए। दिनभर के कारोबार में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे सूचकांक दिन के निचले स्तरों के पास ही सिमट गए। लगभग सभी सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए। आईटी, मेटल, बैंकिंग और अक्क्टो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर डड्रूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। आईटी, मेटल, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 469.79 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 472.51 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। सेंसेक्स के इन 5 शेयरों में रही सबसे अधिक तेजी बीएसई सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 5 शेयर आज हरे निशान में यानी बढ़त के साथ बंद हुए। इसमें टाइटन के शेयरों में 2.28 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्टेट बैंक आफ इंडिया के शेयर 0.72 फीसदी से लेकर 1.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसमें भी पावरग्रिड का शेयर 3.13 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं, इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयरों में 1.76 फीसदी से लेकर 2.79 फीसदी तक की गिरावट रही।

### सस्ता हुआ सोना-चांदी खरीदारी का शानदार मौका

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन में सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। नवंबर की शुरुआत में वेडिंग सीजन शुरू होने से पहले ही सोने-चांदी के दामों में गिरावट आई है। अगर आप गोल्ड ज्वेलरी खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह बढ़िया मौका हो सकता है। 4 नवंबर दोपहर 12.30 बजे के मुताबिक एमसीएक्स पर 5 दिसंबर एक्सपायरी वाला गोल्ड 120,685 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले बंद भाव 121,409 से करीब 724 सस्ता है। यानी सोने में 0.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 4 नवंबर दोपहर 12.32 बजे चांदी 145,924 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी, जो पिछले बंद भाव 147,758 से 1,834 कम है। यानी चांदी 1.24 प्रतिशत टूटी है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 4 नवंबर को 24 कैरेट सोना 1,21,010 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,10,926 पर रहा। चांदी का भाव 1,46,120 प्रति किलो दर्ज हुआ, जिसमें 1.25 प्रशित की गिरावट दिखी। बता दें कि आईबीजेए द्वारा जारी रेट पूरे देश में समान होते हैं।

## फंडिंग के लिए जूझ रही 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑनलाइन जुआ....**

बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी, जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेंटर फॉर अकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टमिक चेंज (सीएएससी) और शौर्य तिवारी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें सरकार को सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चलने वाले ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि ये एप्स पूरे देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट विराग गुप्ता ने केंद्र को 2,000 सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े एप्स की डिटेल्स सौंपीं। गुप्ता ने बेंच को बताया कि 15 करोड़ बच्चों की सुरक्षा के बारे में है। उन्होंने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 का जिक्र भी किया। बेंच ने सरकार से याचिकाकर्ता द्वारा दी गई ऑनलाइन गेमिंग एप्स की डिटेल्स पर एक्शन लेने को कहा।

### कौशाल्या नंद गिरि सनातन किन्नर अखाड़ा की पीठाधीश्वर नियुक्त

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा में लगातार हो रहे भेदभाव और अनियमितता के चलते प्रयागराज में किन्नर अखाड़े में हुई दो फाड़ फाड़ के बाद किन्नर अखाड़े के कई किन्नरों ने महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को सर्वसम्मति से नए किन्नर अखाड़ा का पीठाधीश्वर नियुक्त किया है। सनातन किन्नर अखाड़ा के नाम से बने इस किन्नर अखाड़े की पीठाधीश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को बनाया गया जबकि पूर्व के किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भवानी मां इसकी संरक्षक बनी है। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम में जहां टीना मां का पट्टाभिषेक किया गया, वहीं यज्ञ और हवन कर नए अखाड़े का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई किन्नर परिवारों के संरक्षक किन्नर गुरु मौजूद रही। उन्होंने साफ तौर से कहा कि इस अखाड़े का उद्देश्य सनातन सभ्यता से जुड़े कर्मकांड को करना है तथा ऐसे लोग जो किन्नर ना होते हुए भी पैसों के बल पर किन्नर अखाड़े को जॉइन कर उसको बदलाव करने में लगे हैं उनसे कितने समाज की रक्षा करना है।

## ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में भिड़े श्रद्धालु और पुलिस

वृंदावन, वार्ता

■ पहले राधे-राधे फिर जमकर हुई मारपीट

वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार की सुबह अजीब स्थिति बन गई। यहां मंदिर में दर्शन कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं को पहले पुलिस ने रोका और फिर देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पुलिस वाले श्रद्धालुओं को पीटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं श्रद्धालु भी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

मामला ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एंट्री गेट का है। जानकारी के मुताबिक मंदिर में दर्शन करने के बाद कुछ महिला और पुरुष श्रद्धालु इसी गेट से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। वहां गेट पर खड़े पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और एग्जिट गेट से बाहर जाने को कहा। चूंकि मंदिर में इतनी भीड़ थी कि एग्जिट गेट तक पहुंचना थोड़ा मुश्किल था, ऐसे में इन श्रद्धालुओं ने पुलिस कर्मियों की बात को नजरअंदाज कर एंट्री गेट से ही आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी बात पर पुलिस के साथ टकराव हो गया। बता दें कि कार्तिक महीने की वजह से वृंदावन में श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। वृंदावन आने वाले बांके बिहारी के दर्शन के लिए जरूर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ बार-बार अनियंत्रित हो जा रही है। इसी क्रम में आज यानी मंगलवार की सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इनमें एटा और मैनपुरी से आए श्रद्धालु भी शामिल थे। ये लोग पहले मंदिर में घुसे और दर्शन के बाद उसी गेट से वापस निकलने लगे थे। वहीं जब पुलिस के साथ इन श्रद्धालुओं की झड़प और मारपीट होने लगी, तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा दिया है। पुलिस इन सभी श्रद्धालुओं से अभी पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेकाबू कार ने रेहड़ा चालक को कुचला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र खटीमा हाइवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार हुंडई इमेज कार ने गुड़-शक्कर बेचने जा रहे एक रेहड़ा चालक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी जाटान निवासी 55 वर्षीय तेजपाल पुत्र चंदर बाइक वाले रहडे पर गुड-शक्कर बेचने के लिए निकाला था। तेजपाल जब लालूखेड़ी-धोलरा के बीच पहुंचा तो तेज रफ्तार हुंडई इमेज कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तेजपाल रहड़े से उछलकर हाईवे पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेहड़ा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रेहड़े में टक्कर मारने के बाद कार पलट गई। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कार चालक की पहचान रुड़की के बेल्डा निवासी छोटू पुत्र फूल सिंह के रूप में हुई है। छोटू रुड़की से हरियाणा जा रहा था और इस हादसे में वह खुद भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल रैफर किया गया। छोटू की हालत स्थिर बताई गई है, लेकिन वह अभी पूछताछ के लायक नहीं है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। हादसे के बाद कार में सवार दूसरा व्यक्ति चितरंजन पुत्र विक्रम मौके से फरार हो गया। वह कार छोड़कर भीड़ का फायदा उठाते हुए भाग निकला।

पुलिस ने चितरंजन की तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार की रफ्तार 100 से ऊपर थी और चालक शायद नशे में था। टक्कर लगते ही कार हाईवे पर पलट गई। तितावी पुलिस ने बताया कि और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे की वजह तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग बताई जा रही है। हाईवे पर स्पीड लिमिट का पालन न करने से ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि हाईवे पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और रात में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। सोहजनी जाटान निवासी लोगों ने मांग की कि मृतक बहुत ही गरीब व्यक्ति तथा गुड़शक्कर की फेरी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण रहा था। उन्होंने मांग की कि मृतक के परिजनों को सरकारी मदद दी जाए।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय से हार्ड डिस्क व दस्तावेज चोरी

## सदर तहसील में चोरी से हड़कंप मचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाना क्षेत्र में स्थित सदर तहसील के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरी की इस घटना से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही खालापार थाना पुलिस, एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह और एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी।

मंगलवार की देर रात खालापार थाना क्षेत्र स्थित मुजफ्फरनगर सदर तहसील के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में चोरों ने सेंध लगाई। चोर कार्यालय से कई हार्ड डिस्क, महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह जब कर्मचारियों ने कार्यालय खोला, तो दरवाजे और आलमारी के ताले टूटे मिले।

सूचना मिलते ही खालापार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडीएम (फाइनेंस) गजेंद्र सिंह और एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे।

दोनों अधिकारियों ने चोरी के संभावित कारणों की जांच कर स्थानीय पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि



प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों को कार्यालय की संरचना और अंदरूनी व्यवस्था की जानक. ारी थी। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा



जा सके। तहसील कर्मियों का कहना है कि परिसर में रात के समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होती। कई बार कर्मचारियों ने सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने की मांग की थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया।



मुजफ्फरनगर: गीता संवाद गोष्ठी में महाराज से आशीर्वाद लेते राज्यमंत्री कपिल देव व अन्य।

# गीता मनीषी स्वामी की संवाद गोष्ठी आयोजित

**■ 23 नवंबर को प्रांतीय कार्यक्रम लखनऊ में होगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महा मण्डलेश्वर गीता मनीषी ज्ञानानन्द महाराज द्वारा गीता गोष्ठी एवं संवाद का कार्यक्रम मे बताया कि आगामी 23 नवम्बर को जीओ गीता का उत्तर प्रदेश का प्रान्तीय कार्यक्रम लखनऊ रखा गया है, जिसमे अधिक से अधिक संख्या मे सम्मिलित होने का आह्वान किया। महाराज ने बताया कि अर्जुन की तरह सकारात्मक सोच बनाकर रहे, दुर्योधन जैसी नकारात्मक वाली सोच से दूर रहे। हर घर गीता, घर घर गीता का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अमर कांत गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल एवं अतुल गर्ग ने सयुंक्त रूप से किया। जीओ गीतापरिवार के रामबीर सिंह, सुभाष गर्ग, सुभाष गोयल, अजय गर्ग, गिरीश अग्रवाल, दिवाकर सोलंकी, सुनील शर्मा, अमित गर्ग आदि का कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम मे संरक्षक सुरेन्द्र अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, होती लाल शर्मा, रामबीर सिंह, अजय गोयल, अजय गर्ग, सुभाष गर्ग, सुरेश मित्तल, ताराचंद वर्मा, रजनीश अग्रवाल, अमित गर्ग, राजीव अग्रवाल, सुभाष गोयल, राजेश वर्मा, गोपाल मित्तल, मनोज कुमार गुप्ता, विपिन गुप्ता, अशोक शर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, दिनेश पुंडीर तथा सैकडो की संख्या मे मातृ शक्ति एवं शहर के अनेको गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे भारी संख्या मे शहर के धर्म प्रेमी गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत मे प्रसाद वितरण एवं भण्डारे की व्यवस्था भी की गयी। महाराज द्वारा भक्तो को अपने कर कमलो से खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया।

## एक्यूआई पहुंचा 350 के पार, मेरठ रोड पर कूड़े के ढ़ेर में लगाई आग

**मुजफ्फरनगर।** शहर की आबो-हवा जहरीली हो गई है। सोमवार की सुबह एक्यूआई 350 दर्ज किया गया जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर श्रेणी माना जाता है। विशेषको के मुताबिक 200 से ऊपर का एक्यूआई स्तर खतरनाक माना जाता है। पिछले 24 घंटे में एक्यूआई में 21 की वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार को जिले का एक्यूआई 329 था जो मंगलवार सुबह बढ़कर 350 के पार पहुंच गया।

इतना ही नहीं लाख कोशिशो के बावुजूद भी शहर में कई स्थानों पर प्रतिबंधित सामाग्री को जलाया गया। मेरठ रोड स्थित उद्योग केन्द्र के बाहर कूड़े के ढेर में आग लगती रही जिससे निकलने वाला धुंआ शहर की हवा को प्रदूषित करता रहा। यह मामला सोशल मीडिया की भी सुर्खिया बना और कई लोगों ने कूड़े के ढेर में लगाई गई आग के फोटो लेकर प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भेजे, लेकिन देर शाम तक भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। और कूड़े के ढ़ेर में आग लगती रही। एक्यूआई 350 के ऊपर होने पर हवा में मौजूद प्रदूषक सांस के जरिये शरीर में प्रवेश कर फेफडे और हृदय को नुकसान पहुंचा सकते है। यह स्थिति विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गो और सांस की बीमारी से पीडित लोगों के लिए गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। आंखो में जलन, सिर दर्द और थकान जैसी समस्याएं भी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन ने इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होने प्रतिबंधित सामाग्री जलाने वाले औद्योगिक इकाईओं पर रोक लगाने की भी मांग की।

# देव दीपावली उत्सव में जगमगाएं खुशियों के द्वीप

**■ हर घर से 11-11 दीपक लेकर पहुंचे श्रद्धालु**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** देव दीपावली मनाई जा रही है। इस मौके पर गणपति धाम मंदिर में भी देव दीपावली के पर्व पर बड़े उत्सव का आयोजन किया गया है। देव दीपावली में शामिल होने के लिए कार्तिक मास मे विधि विधान से पूजा अर्चना करने वाली श्रदालु महिलाये अपने घरों से 11-11 दीपक लेकर मंदिर आई थी। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर को हजारों दीपको की रोशनी से जगमग कर दिया गया।

काशी और उज्जैन आदि धार्मिक स्थानों की तर्ज पर मुजफ्फरनगर के गणपति धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने देव दीपावली का पर्व अपार उत्साह के साथ मनाया। देव प्रतिमाओं के श्रृंगार के साथ-साथ मंदिर में भी विशेष सजावट की गई थी, मान्यता है कि देव दीपावली पर देवता आकर दीपदान करते हैं। गणपति धाम मंदिर में 11000 से अधिक दीपक रंगोली के आकार में जब रोशन हुए तो अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री गणपति धाम मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक भीम कंसल ने देव दीपावली के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें अपनी संस्कृति से जुड़ा हर पर्व सामाजिक समरसता की भावना से मनाने चाहिए, इसी उद्देश्य के साथ गणपति धाम मंदिर में हर आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग एकजुट होकर त्यौहार की खुशियां बांट सके। देव दीपावली पर दीप प्रज्वलन करने वालों में भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, मंदिर प्रधान अशोक गर्ग, जेपी गोयल, विनोद राठी, विजेंद्र अग्रवाल रानोजी, रजत राठी, अनिल गोयल



मन्नी पंडित कृष्णानंद,, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद भारद्वाज, शरद गोयल, सले पालम, अतुल जैन, नेहा बंसल, गरिमा गोयल, राधिका देवी, चंपा देवी, श्रीमती मुकेश देवी, कमलेश देवी, सरोज बाला, गरिमा, सरोज रानी, मीनू, माया, सुषमा, गीता, अंजना, मानसी, बबीता, सुनीता, संध्या, स्नेह लता, सुमन ललित, नीलम वत्रा, ममता और मुन्नी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: ट्रैफिक पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया लंगड़ा।

## रहम की भीख मांगते नजर आए ट्रैफिक पुलिसकर्मी से मारपीट के आरोपी

# खाकी पर हाथ डालने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों पर पुलिस का शिकंजा कस गया है। जुलूस के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक यातायात पुलिसकर्मी से अभद्रता और मारपीट करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीमों ने महज दो दिनों में यह सफलता हासिल की है।

एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में आयोजित एक जुलूस के दौरान हुई मारपीट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 02 नवम्बर 2025 की शाम को शहर में गुरूनानक देव प्रकाश पर्व के अवसर पर नावल्टी चौक से शिव चौक की ओर निकाले जा रहे नगर कीर्तन जुलूस के दौरान एक यातायात पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान कुछ युवक, जो लोनी (गाजियाबाद) से किसी समारोह में शामिल होने आए थे, अपने वाहन को रांग साइड से निकालने की कोशिश कर रहे थे। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उन्हें रोकते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी, जिस पर आरोपी युवकों ने पुलिसकर्मी से अभद्रता की और मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद पुलिसकर्मी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मामले में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों थाना कोतवाली नगर पुलिस तथा एसआ. ेजी/सर्विलांस टीम का गठन किया गया। पुलिस की सक्रियता के चलते दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सचिन पुत्र महेश सिंह निवासी अशोक नगर थाना ज्योति नगर दिल्ली और सूरज पाल पुत्र फूल सिंह निवासी राहुल गार्डन लोनी जनपद गाजियाबाद शामिल हैं। दोनों को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, इस प्रकरण में अब तक कुल तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी से अभद्रता और मारपीट किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने का दुस्साहस न करे। बताया कि यातायात पुलिसकर्मी शहर की व्यवस्था बनाए रखने में दिन-रात लगे रहते हैं। उनके साथ दुर्व्यवहार करना कानून का अपमान है। सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं दोनों आरोपियों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सिपाहियों के कंधों पर सवार नजर आ रहे हैं। दोनों का पुलिस ने ऐसा इलाज किया कि वो पैरों से लंगडाते हुए चलते नजर आये।

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
सरकारी फीस पर प्रवेश
छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
अनुभवी शिक्षक
आधुनिक प्रयोगशालाएं
छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एंव बुक बैंक की व्यवस्था
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड़, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रूपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# खुरपका रोग से 3 दिन में 3 पशुओं की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र की सफीपुर पटी प्रणामी मंदिर के आसपास निवास करने वाले दर्जनों पशुपालकों में इस समय जबरदस्त हडकम्प मचा हुआ है।

इसकी वजह खुरपका मुंहपका रोग की चपेट में आने से उनके 3 पशु 3 दिन में मर चुके हैं। जिनमें 2 दुधारु गाय व एक दुधारु भैंस है जबकि एक दर्जन के आसपास दुधारु भैंसें, कटिया और लवारे बहुत ही गंभीर हैं। पशु विभाग पूरी तरह से बेखबर है। ग्रामीणों का आरोप है कि सपा सरकार में पशुओं को टीके लग जाया करते थे लेकिन इस बार पशुओं के लिए कोई कैम्प क्या टीकों को लगाने की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते उनके पशु बीमारी की चपेट में आकर मर रहे हैं।



यह सिलसिला बीती 1 नवम्बर की दोपहर से शुरु हुआ। जिसमें मिंटू त्यागी पुत्र मंगूमल की दुधारु गाय, सत्तू कश्यप पुत्र रतनलाल की दुधारु भैंस व प्रवीण शर्मा पुत्र मुकेश की दुधारु गाय मर गयी जबकि शीबू कश्यप पुत्र लक्की कश्यप का बैल, राजकुमार कश्यप पुत्र रतनलाल की दुधारु भैंस व उसका लवारा व 2 भैंस ग्याभिन, अरविंद कश्यप पुत्र राजकुमार की 2 कटिया व ग्याभिन भैंस, राजेश सैनी पुत्र बलजीत की ग्याभिन भैंस, अनिल कश्यप पुत्र रघु की दुधारु भैंस और ग्याभिन भैंस, रणधीर सैनी की दुधारु भैंस व दुधारु गाय बीमार है। पशुपालकों के अनुसार पहले पशु को बुखार बनता है और फिर वह लंगड़ाकर चलने लगता है और खाना पीना भी बंद कर देता है और फिर तड़प तडपकर दम तोड देता है।

## बारिश के बाद लापरवाह ही रहा पशु विभाग

**बुढ़ाना।** सपा की सरकार मे हर साल बारिश के जाते ही पशु विभाग के द्वारा पशुओं के टीकाकरण का कार्य शुरू कर दिया जाता था मगर इस बार ऐसा नहीं हुआ। तभी तो पशुओं में खुरपका मुंहपका की बीमारी पनप रही है। पशुपालक राज. कुमार कश्यप का कहना है कि पशु को पहले हल्का बुखार आता है। फिर वह खाना पीना छोड़ देता है। मुंह से लार टपकनी शुरु हो जाती है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से गांव में कोई टीकाकरण अभियान नहीं चलाया गया। बीते 3 दिन 3 मवेशियों की जान इस बीमारी के चलते जा चुकी। अब वे अपने पशुओं का उपचार निजी चिकित्सक से कराने पर मजबूर हैं।

### क्या कहते हैं पशु चिकित्साधिकारी...

**बुढ़ाना।** पशु चिकित्सक से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना था कि क्षेत्र में अभियान चलाकर टीकाकरण कराया जाएगा। पशु के बीमार होते ही सबसे पहले पशुपालक को पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। पांच दिन में इस बीमारी को कवर कर लिया जाता है। फिर भी वे इसको दिखवाते हैं।

# एम-पैक्स सदस्यता अभियान से आई सहकारिता में पारदर्शिता: डॉ. जादौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** सहकार से समृद्धि के संदेश को साकार करने हेतु एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक लि. मुज़फ्फरनगर के सभागार में सहकारी संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन, ने कहा कि सहकारिता आर्थिक विकास का आधार है। जब समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और भागीदारी मिलती है, तभी वास्तविक समृद्धि संभव होती है। एम-पैक्स सदस्यता अभियान सहका. रिता को डिजिटल और पारदर्शी स्वरूप दे रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी उन्होंने सदस्यता अभियान में पैक्स सचिवों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कडे परिश्रम की प्रशंसा करते हुए अग्रेतर प्रगति हेतू प्रोत्साहित किया। सहकारी संवाद की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में वित्तीय साक्षरता और आत्मनिर्भरता का भाव तेजी से बढ़ रहा है। एम-पैक्स प्लेटफॉर्म इस दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता उदयभानु सिंहने कहा सहकारिता केवल संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने की भावना है। यदि प्रत्येक नागरिक सहकार भावना से कार्य करे, तो समाज में पारदर्शिता, बिवास और विकास तीनों का संतुलन बनेगा।ह प्रदेश सहकारी फेडरेशन के निदेशक विनोद जैन ने कहा कि किसान, श्रमिक और आम नागरिक जब सहकारिता से जुड़ते हैं, तब समाज मजबूत होता है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक विजय सैनी ने सहकारिता के आधारभूत ढांचे, इसकी महत्व एवं प्रत्येक व्यक्ति को जुड़ने के लिए कहा सकार्यक्रम का संचालन सहकार भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी विनय कुमार गुर्जर ने किया.



कार्यक्रम संयोजक एवं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम में अतिथियो का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया इस मौके पर चौधरी इंद्रपाल सिंह डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक, ठाकुर सन्दल सिंह उर्फ बारू सिंह, ठाकुर भगवान दास सिंह सरपंच, ठाकुर महेंद्र सिंह, ठाकुर यशपाल सिंह, चौधरी रिषिपाल सिंह भाटी, चौधरी महिपाल सिंह, चौधरी मनोज रोसवाल सहित सहकारिता सेकार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी, किसान प्रतिनिधि,और बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने एम-पैक्स सदस्यता अभियान को गांव-गांव तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सहकारिता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता और सहकार से समृद्धि के नारे के साथ हुआ।?

# मेले में पहुंचे राकेश टिकैत ने किसानों से की बात

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** कार्तिक गंगा स्नान मेले मे पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश ने किसानो से कुशलक्षेम जाना। इस दौरान किसानो मे भारी उत्साह दिखाई पड़ा

ट्रेक्टर चलाकर मेला ग्राउंड मे पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा की प्रशासन की गलत नीतियों के कारण शुक्रताल मेले का रूप घटता जा रहा है।

मेले मे जब तक किसान मजदूर नहीं आएगा दुकानदार के लिए उचित व्यवस्था नहीं होगी मेला फीका रहेगा। आश्रमो मे पहले से ही ग्रामीण ठहरते आये हैं। प्रशासन ने जूयादा सख्ती कर दी है। मेला मिलाप का होता है।प्रशासन उचित व्यवस्था करेगा तो सभी लोग परिवार के साथ आएंगे। पशु प्रदर्शनी के लिए होते हैं दौड़ाने के लिए नहीं। प्रशासन उचित व्यवस्था कर मेले के स्वरूप को बढ़ाये।



## राह चलते अज्ञात युवक से तमंचा खरीदने वाला थमा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है जिसने अपनी सुरक्षा के लिए किसी राह चलते अज्ञात व्यक्ति से एक अवैध तमंचा खरीदा था। बताया जाता है कि दारोगा छविकांत सिंह ने किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम सुवेब पुत्र इस्लाम निवासी लोनी गाजियाबाद बताया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी बुढ़ाना कोतवाली का गैंगस्टर के किसी एक मुकदमे का वांछित अभियुक्त हैं। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा था। आरोपी को गांव मंदवाडा वाया लुहसाना मार्ग से पकड़ा है। आरोपी ने ये भी बताया कि वह ये तमंचा अपने बचाव के लिए रखता है और उसने बहुत समय पहले लोनी से एक राह चलते व्यक्ति से इस तमंचे को खरीदा था।

## ग्राहकों की झोली में दीपावली पर बरसे इनाम, लकी ड्रा में थाईलैंड टूर सहित मिले आकर्षक उपहार

**खतौली।** दीपावली के शुभ अवसर पर खतौली के प्रमुख व्यापारी निक्कू अरोरा ने अपने ग्राहकों को बड़ा सरप्राइज दिया। अरोरा टेलीकॉम, अशोका मार्केट के स्वामी निक्कू अरोरा ने दीपावली पर्व पर अपने ग्राहकों के लिए विशेष लकी ड्रा आयोजन किया, जिसमें भाग्यशाली ग्राहकों को थाईलैंड टूर, एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन जैसे आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बुढ़ाना मार्ग स्थित सद्दीकनगर कॉलोनी में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्नू अरोरा द्वारा लकी ड्रा निकाला गया। ड्रा में एक भाग्यशाली ग्राहक को थाईलैंड घूमने का मौका मिला, जबकि अन्य विजेताओं को वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी उपहारस्वरूप दिए गए। कार्यक्रम में परवेज गाजी, मदन छाबड़ा, सोनू फरीदी, अब्दुल सत्तार, माधव ठकराल, विवेक रहेजा, शादाब अब्बासी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपहार जीतने वाले ग्राहकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने व्यापारी निक्कू अरोरा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली पर इस तरह के आयोजन से व्यापारी और ग्राहक के बीच आपसी विश्वास और संबंध और मजबूत होते हैं।



### संक्षिप्त समाचार

## मरीज लेकर घंटों तक जाम में फंसी रही एंबुलेंस

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के लुहसाना रोड पर लगे जाम में किसी गंभीर मरीज को हस्पताल लेकर जा रही एक एंबुलेंस अचानक से आधा घंटे तक लंबे जामे फंसी रही। जिसको लेकर मरीज के तीमारदार आसपास के दुकानदारों पर अपनी भड़ास निकालते हुए नजर आए। एंबुलेंस के चालक के द्वारा लगातार हूटर बजता रहा पर ट्रैक्टर चालक सहित अन्य जो भी वाहन थे वे टस से मस तक नहीं हुए बस अपने अपने वाहनों को आगे निकालने की होड़ में देखें गये। जिस कारण जाम लगता ही चला गया। आरोप है कि लुहसाना रोड के कुछ दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों के वाहनों को अपनी दुकान के आगे आडे तिरछे खड़े करवाकर जाम में और भी इजाफा कर देते हैं और रही सही कसर ये दुक. ानदार अपनी अपनी दुकानों का सामान बाहर निकालकर पूरी कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुढ़ाना पुलिस लुहसाना रोड पर हर आधा घंटे बाद लगने वाले जाम को खुलवाने में किसी भी तरह की दिलचस्पी नहीं दिखाती। जिसके चलते जाम लगाने वाले वाहन चालक अपने अपने वाहनों को आगे निकालने की होड़ में जाम को और भी लंबा कर पैदल चलने वाले लोगों को भी दुखी करते हैं। आज मंगलवार के दिन भी यही स्थिति रही और जाम में सैंकड़ों वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग बूरी तरह फंसे रहे।

## सफीपुर पट्टी में बारातघर हेतू भूमि की तलाश

**बुढाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की सफीपुर पटी में बारातघर के निर्माण के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी द्वारा उपजिलाधिकारी बुढाना श्रीमति अपूर्वा यादव को पत्र प्रेषित किया गया है। अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एहतशाम सिददीकी एडवोकेट द्वारा अपने मांग पत्र में कहा गया था कि सफीपुर पटी अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र है। जिसकी आबादी लगभग पन्द्रह हजार है। सफीपुर पटी के निकट ग्राम लुहसाना, गांव हुसैनपुर कला, गांव सफीपुर, गांव बवाना और गांव खानपुर आदि ग्राम भी पडते हैं। जिसमे कोई सरक. ारी बारात घर नही बनवाया गया है। निर्धन लोगो के सामने विवाह तथा अन्य कार्यक्रम करते हुए कठिनाई पैश आती है ओर निर्धन व्यक्ति अपने बच्चो के विवाहों के लिए प्राईवेट बारातघर बुक करने की स्थिति में नही हैं। एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट की पुरजोर मांग पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी बुढाना को इस आश्य का पत्र भेजा गया है कि शासनाद. ेशानुसार प्रधानमन्त्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सदभाव मंडप बारात घर के लिए ग्रामीण क्षेत्र मे एक एकड अथवा उससे अधिक भूमि की आवश्यकता होती है इसलिए भूमि की स्थलीय अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ भूमि प्रबन्धक समिति के प्रस्ताव सहित पत्रावली जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है तथा उक्त पत्र की प्रतिलिपि खण्ड विकास अधिकारी बुढाना सतीश कुमार को भी भेजी गयी है।

## बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में मेरठ छुर की टीम जीती

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मेला ग्राउंड में आयोजित चौधरी चरण सिंह बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुकाबले में छूर मेरठ की टीम ने शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। समापन पर विजेता टीमों को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में बालिका कबढी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके पहले सेमीफाइनल मैच में शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम ने छछरौली क्लब की टीम को 45-15 अंको के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में छूर मेरठ की टीम ने मोरना क्लब की टीम को 30-5 अंको के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैंच छूर मेरठ की टीम व शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम के बीच खेला गया जिसमें छूर मेरठ की टीम ने शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम को 25-5 अंको के अंतर से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। जिसमें खिलाडी कीर्ति का बेहतर प्रदर्शन रहा। समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा वीरपाल निर्वाल, भाजपा सहका. रिता प्रकोष्ठ के संयोजक रविंद्र कुमार, समाजसेवी विनोद कुमार शर्मा ने विज. ेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रेफरी के रूप में अंकित आर्य व अंकित बालियान ने मुख्य भूमिका निभाई। मैंचों की कामेंट्री मौ.इदरीस बसेडा ने की। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, जेई कौशलवीर, चौधरी रामपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुदेश कुमार रहे।

## नौ दिवसीय पुराण कथा का समापन

**शाहपुर।** गर्ग परिवार नोएडा द्वारा आयोजित नो दिवसीय शिव पुराण कथा का आज भव्य समापन हुआ। विराम दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति के रस में डूबे रहे। भंडारे से पूर्व विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान के रूप में विनीत गर्ग, विनोद गर्ग, आयुष गर्ग, शिवा गर्ग एवं दीपू गर्ग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में गर्ग परिवार के सभी सदस्य एवं श्री एकांते हास्य नृत्य-नाटिका हशादी का लड्डू पर दर्शक हँसी से लोटपोट हो गश्वर धाम मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा से सेवा में लगे रहे।

भक्ति, सेवा और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना दिया। कथा व भंडारे में शामिल श्रद्धालुओं ने गर्ग परिवार के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और आस्था की भावना मजबूत होती है।

# पीआर पब्लिक में गंगा मैराथन के विजेताओं का सम्मान

**मुतफ्फरनगर।** पी आर पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण' के निर्देशन में 'जिला गंगा समिति, मुज़फ्फरनगर' द्वारा गंगा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वच्छ गंगा, स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

विद्यर्थियों की सृजनात्मकता और उनके विचारों ने गंगा के प्रति समाज की भावनाओं को सुंदर रूप में अभिव्यक्त किया। छात्र-छात्राओं द्वारा 'नमामि गंगे' विषय पर बहुत ही सुंदर और आकर्षक पेंटिंग बनाई गई। पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओ मे अक्षरा गर्ग प्रथम, मानवी राणा द्वितीय, ओम प्रताप तृतीया तथा दौड़ प्रतियोगिता में सर्व वालदे प्रथम ,आशु द्वितीय स्थान और उमंग तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों कृ अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों कृ ने सामूहिक रूप से गंगा शपथ लेकर गंगा नदी की स्वच्छता, संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।उक्त आयोजन राजीव कुमार,डीएफओ एवं सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति के मार्गदर्शन में 'डॉ. राजीव कुमार' तथा 'जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार' द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उक्त आयोजन में विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंघल, प्रधानाचार्य अनघ सिंघल, शिक्षक प्रज्ञा, दिव्या, शिखा व शंकर शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## तितावी मिल में पहली बेलगाडी लाने वाले किसान का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** आई.पी.एल यूनिट तितावी शुगर कॉम्पलैक्स में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ मिल के इकाई प्रमुख कुलदीप सिंह ने हवन पूजन कर किया इस अवसर पर इकाई प्रमुख द्वारा बैल गाडी लाने वाले किसान प्रवीण पुत्र महावीर व ट्रैक्टर ट्राली चालक ब्रजपाल पुत्र रामचन्द्र को सम्मानित किया और बैलों की पूजा की गयी । इस अवसर पर उप निरीक्षक थाना तितावी एवं क्षेत्र के सम्मानित किसान उपस्थित रहे । इकाई प्रमुख कुलदीप सिंह ने बताया कि शुगर मिल गन्ना पेराई के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी । किसानों से आग्रह है कि वे साफ सुथरा गन्ना मिल में लेकर आयें ।

## जंगली चोरों का आतंक जारी, आधा दर्जन टयूबवेलों को बनाया निशाना

**भोपा।** थाना क्षेत्र के निरगाजनी में जंगली चोरो का आतंक जारी है।किसानों की टयूबवेल पर लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। गांव निरगा. जनी के जंगल मे चोरो ने आधा दर्जन टड्बवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

क्षेत्र मे लगातार हो रही टयूबवेलों पर चोरी की घटना से किसानों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी किसान कर्मवीर सिंह जब सुबह खेत पर सिंचाई के लिए गये तो टयूबवैल के कमरे की दीवार तोड़कर छेद किया हुआ देखकर संन रह गए। इसके बाद कर्मवीर सिंह द्वारा किसान देवेंद्र सिंह ,धर्मपाल , चंद्रवीर ,धनपाल अनिरुद्ध ,रजनीश शर्मा को उनकी टयूबवेलो में चोरी होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर किसान व ग्रामीण मौके पर पहुंचे किसान रवि द्वारा चोरी की सूचना 112 पुलिस को दी चोरों ने टयूबवेल के कमरे में रखी मोटर , तार , चोरी कर लिया।तथा कमरे की दीवार को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया किसानों व ग्रामीणो ने सामान व चोरों को इधर उधर कॉफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पीड़ित किसानों का काफी नुकसान हो गया है पीड़ित किसानों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से चोरी की घटना का जल्द खुलासा की मांग की है। आए दिन क्षेत्र में टड्बवेलों पर हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है । मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की है। तथा सीकरी चौंकी इंचार्ज सपन चौधरी ने किसानों को जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# भाजपाई संगीत गर्ग के यहां पहुंचे मंत्री कपिल देव

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के ज़िला सह संयोजक संगीत गर्ग के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला भटवाड़ा में स्थित आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल बीती सोमवार की देर रात पहुंचे। जहां पर उन्होंने युवा भाजपा नेता संगीत गर्ग के परिवार का कुशलक्षेम जाना और उनके बड़े भाई अनूप गर्ग को श्री महाराजा अग्रसेन युवा समिति बुढ़ाना का नगर अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। यहां भाजपा ज़िला महामंत्री विनीत कात्यायन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक और श्री महाराजा अग्रसेन समिति के अध्यक्ष अनुप गर्ग ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल का शॉल पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष पुनीत शर्मा, भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति के सदस्य हिमांशु संगल, अनुज संगल, सुशील तायल, टिन्नी भगतजी, सौरभ गोयल, आकाश जैन, नीरज गर्ग, मनीष संगल, तुषार कुमार, लविश कुमार, अभिषेक गर्ग, निशू गोयल, सार्थक गर्ग, केशव गर्ग, पंकज गोयल, अर्जुन गर्ग, आयुष गर्ग, सचिन कात्यायन और शिवम कंसल सहित अन्य काफी भाजपाईयों ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया।



## पुलिस ने चलाया संघन वाहन चैकिंग अभियान

**मीरापुर।** कार्तिक गंगा स्नान मेले के दौरान क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दोपहिया व चौपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया।

मीरापुर थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बस स्टैंड, मैन बाजार, थावर वाली मस्जिद सहित विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान बाइकों पर दो से अधिक सवारियों को बैठाने, प्रेशर हॉर्न लगाने और बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि कोई भी चालक बिना हेलमेट के वाहन न चलाए, तेज गति से वाहन न दौड़ाए तथा बाइक पर दो से अधिक सवारियां न बैठाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह अभियान गंगा स्नान अवधि के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी रहेगा।

# आवारा मसीहा के रचयिता विष्णु प्रभाकर को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**मीरापुर।** हिन्दी के विख्यात साहित्यकार विष्णु प्रभाकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक स्थान मीरापुर में एक राष्ट्रीय स्तर का साहित्यिक सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रख्यात साहित्यकार और विद्वान भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विष्णु प्रभाकर के पुत्र अतुल प्रभाकर मीरापुर पहुंचे और अपने पिता की जन्मस्थली सत्संग भवन में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कस्बे के लोगों ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया।

अतुल प्रभाकर ने बताया कि 11 अप्रैल को विष्णु प्रभाकर की पुण्यतिथि पर उनके साहित्यिक योगदान और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विष्णु प्रभाकर ने अपने प्रसिद्ध उपन्यास "आवारा मसीहा'' से हिन्दी साहित्य जगत में अमिट छाप छोड़ी और देश-विदेश में अनेक पुरस्कारों से सम्मानित हुए। इस अवसर पर उनके साथ परिवार के सदस्य विक्की कपूर, स्वेताली, स्वस्ति, आराध्या और अनुराधा कपूर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कस्बे के अजय कुमार गोयल, अनिरुद्ध गोयल, विपिन गोयल, ब्रजभूषण अग्रवाल, वासुदेव शर्मा, प्रतीक देव वत्स, पं. अनिल शास्त्री, पंकज संगल और उदित कंसल सहित अनेक साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।




## खेत में आग लगाने से किसानों को नुकसान ही नुकसान

**खतौली।** अहमदगढ़ गाँव में मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित फसल अवशेष प्रबंधन कृषक जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. रीना और डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि फसल अवशेष या पराली को जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है बल्कि मिटी की उर्वरता भी घटती है। इससे लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैं और मिटी की संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिकों ने किसानों को पुसा वेस्ट डीकंपोजर, कम्पोस्ट निर्माण, मल्चिंग और जैविक अपघटन जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। इस दौरान पुसा वेस्ट डीकंपोजर का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया तथा किसानों को इसका नि:शुल्क वितरण किया गया ताकि वे अपने खेतों में इसका प्रयोग कर सकें।

# बीसीए विभाग ने मनाया नवआगमन फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन

**खतौली।** श्री कुन्दकुन्द जैन (पी. जी.) कॉलेज, खतौली के बीसीए विभाग द्वारा मंगलवार को आयोजित नवआगमनह फेशर पार्टी ने उत्साह और उमंग का अनोखा रंग बिखेरा। सत्र 2025 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथियों में प्रवीण जैन, योगेन्द्र कुमार जैन, दिनेश जैन, रचित मेहता, अवधेश कुमार, दीपक कुमार जैन, नीरज कुमार जैन, वैभव जैन, प्रबंध समिति अध्यक्ष योगेश चन्द जैन, सचिव मुकेश कुमार जैन, इनरव्हील क्लब की पूर्व चेयरमैन डॉ. आशा जैन, मुक्ता वर्मा, सोनिया जैन, डॉ. कविता नागर एवं कॉलेज की प्राचार्य प्रो. नीतू वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सचिव मुकेश कुमार जैन ने कार्यक्रम की भव्यता की सराहना की। प्राचार्य प्रो. नीतू वशिष्ठ ने कहा कि अनुशासन और सहयोग की भावना ही किसी भी आयोजन की सफलता की कुंजी है। विभागाध्यक्ष ई. आशीष जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में छात्राओं नंदिनी, रिदा, सोफिया और फरदीन ने किया। आयोजन की सफलता में ई. राहुल माहेश्वरी, विकास जैन और निखिल कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बीसीए विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविता, पैरोडी और माइम जैसी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनक्रिएटिव इंडिया नामक नाटिका (वैभव, अंशुल, आर्यन मावी और वंश द्वारा प्रस्तुत) ने बचपन की यादें ताज़ा कर दीं। रेनू के गीत चाहूं मैं या ना ने तालियों की गूंज से माहौल भर दिया। नंदिनी, रितिका, रेनू, तनु और नेहा की कल्चरल फ्यूजन डांस प्रस्तुति ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का खिताब इनक्रिएटिव इंडिया और शादी का लड्ड को मिला। रेनू को सर्वश्रेष्ठ गायिका, जबकि नंदिनी, रिदा, फरदीन और सोफिया को सर्वश्रेष्ठ एंकर का पुरस्कार प्रदान किया गया। मिस्टर फेशर का ताज शांतनु को और मिस फेशर का ताज वंशिका जैन को पहनाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. नीतू वशिष्ठ और विभागाध्यक्ष ई. आशीष जैन ने धन्यवाद दिया।




## बावरिया गैंग का सदस्य मुठभेड़ में हुआ घायल

**बुढ़ाना।** पुलिस ने बावरिया गिरोह के एक बदमाश को मुठभेड में गोली मारकर पकड़ लिया। बदमाश पर लूट, चोरी और डकैती के लगभग डेढ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली क्षेत्र में स्थित बुढ़ाना वाया विज्ञाना मार्ग पर एक बदमाश को घेर लिया और उसको आत्मसमर्पण करने को कहा तो बदमाश ने आत्मसमर्पण करने के बजाए पुलिस टीम पर फायर झौंक दिया। तब पुलिस टीम ने भी उक्त बदमाश को पैर में गोली मारकर घायल कर पकड़ लिया। पकड़े गये बदमाश ने अपना नाम संतराम उर्फ पतराम पुत्र सुरेश उर्फ पंछी बताया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नीशु कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है तथा आये दिन मेरे व मेरे पत्नि गीता व मेरे परिवार के साथ घर मे गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करता है। मै नीशु कुमार की उपरोक्त हरकतो से काफी तंग व परेशान आ चुका हूँ। इसलिये मैने खूब सोच समझकर अपने पुत्र नीशु कुमार को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद नीशु कुमार द्वारा किये गये किसी भी अच्छे, बुरे कार्य के लिये नीशु कुमार स्वंय जिम्मेदार होगा, उसके किसी भी लेन देन/अच्छे बुरे कार्य के लिए मै व मेरी पत्नी व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नरेश पुत्र सोमदत्त**
**निवासी मौहल्ला रामनगर**
**ग्राम व डाक बरला**
**थाना छपार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**Name Change**

I, Kanwaljeet Kaur W/o Jasvinder Singh R-o H.no-458, Gali No-10, Gandhi Colony, Distt-Muzaffarnagar 251001 have changed my name from Kanwal Jeet to Kanwaljeet Kaur, Henceforth I Would be known by the name of Kanwaljeet Kaur for all future purposes.

**Name Change**

I, Jasvinder Singh S/o Sardar Singh R/o H,no.458, Gali No-10, Gandhi Colony, Distt-Muzaffarnagar 251001 have changed my name from Jaswinder to Jasvinder Singh Henceforth I Would be known by the name of Jasvinder Singh for all future purposes.

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैं एक विकलांग व्यक्ति हूं और मेरी पत्नी अनीता अस्थमा रोग की मरीज़ है। मेरा पुत्र मोहित व उसकी पत्नि प्रियंका मेरे कहने सुनने में नही है तथा ये ग्राम बरवाला में स्थित पुश्तैनी मकान और ग्राम बरवाला में ही स्थित करीब साढ़े सात बीघा जमीन अपने नाम कराने के लिए मेरे व पत्नि से मारपीट कर गाली गलौच करते हैं मैने इन दोनों की हरकतों से परेशान होकर इनसे संबंध समाप्त कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मोहित व उसकी पत्नि प्रियंका द्वारा किये गये किसी भी अच्छे, बुरे कार्य के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे, इनके किसी भी लेन देन या कृत्य की मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सतीश पुत्र राजेन्द्र सिंह**
**निवासी- ग्राम बरवाला**
**थाना शाहपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# शुकतीर्थ में उमड़ी आस्था की बयार , तीर्थ नगरी बनी श्रद्धालुओं का केन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले गंगा स्नान में भाग लेने के लिए तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में मंगलवार को श्रद्धालुओं की संख्या मे इजाफा हुआ।श्रद्धालुओं ने शाम के समय गंगा मे दीपदान किया व मां गंगा की आरती में भाग लिया। तथा अनुष्ठान संपन्न कराया वही आयोजित मेले में खरीदारी कर मनो. रंजन किया। मेले के दौरान कबढी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल सुरक्षा में तैनात है।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा स्नान मेले का आयोजन जिला पंचायत की ओर से किया जा रहा है। बुधवार की सुबह होने वाले मुख्य स्नान में भाग लेने के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहनों के माध्यम से तीर्थ नगरी में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर अनुष्ठान संपन्न कराया तथा मां गंगा की पूजा कर स्नान किया। श्रद्धालुओं ने गंगा में दूध शहद आदि तर्पण किया ।वहीं श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया तथा साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर तंबू लगाकर प्रवास किया हुआ है। जहां महिलाएं तंबू में खाना बना रही है। वहीं पुरुष ताश आदि खेल रहे हैं। तथा बच्चे मोबाइल में गेम खेलते नजर आये।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा मे तैनात भारी पुलिस बल**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर तीर्थ नगरी में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मोरना, इलाहबास फिरोजपुर,मुख्य पार्किंग, पुलिस चौकी द्वार, अम्बेडकर चौक,गंगा घाट, मेला ग्राउंड, मीना बाजार, सहित मुख्य मार्ग, सहित शुकदेव आश्रम, हनुमान धाम आदि पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

**शुकदेव आश्रम बना आस्था का केंद्र**

शुकदेव मुनि की तपोस्थली शुकतीर्थ के प्राचीन व प्रसिद्ध शुकदेव आश्रम आस्था का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शुकदेव मंदिर के दर्शन कर रहे हैं। तथा अजर अमर कहे जाने वाले वट वृक्ष की पूजा कर मनोकामना सिद्धि के लिए धागा बांध रहे हैं ।आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा भी जारी है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष कर रहे मेले का निरिक्षण**

जिला पंचायत अध्यक्ष डावीरपाल निर्वाल व जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पवन गोयल ने बताया की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। मेले मे चौबीस घंटे साफ सफाई जारी है। मेले मे पक्के



आधुनिक शौचालय की व्यवस्था भी की गई है। श्रद्धांलुओं को अधिक से अधिक सुविधाओं मिले ऐसे प्रयास जारी है।

**बृहमकुमारीज द्वारा दिया जा रहा है योग साधना का संदेश**

शुकतीर्थ में स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर पर योग साधना शिविर लगाया गया है जहांश्रद्धालुओं को योग साधना का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान बी के प्रवेश दीदी ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन मे ध्यानयोग आवश्यक हो गया है।शिव बाबा का ध्यान लगाकर नकारात्मक विचारों को दूर करना ही सच्ची साधना है।

# रजवाहे की अव्यवस्थित सफाई पर भड़के ग्रामीण , जेई व पतरौल को गंदी सिल्ट में दौड़ाया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के भूड़ गांव में मंगलवार को सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे रजवाहे की सफाई कार्य को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

विभाग पर लापरवाही और मनमानी के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया और मौके पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप था कि विभाग बिना ट्रॉली के रजवाहे की सिल्ट व कचरा निकाल रहा है, जिसे सीधे सड़कों पर डाल दिया गया। इससे गंदा पानी घरों में घुस गया और रास्ते कीचड़ से भर गए। इस पर नाराज ग्रामीणों ने जेसीबी के आगे बैठकर धरना शुरू कर दिया। सूचना पर भारतीय किसान यूनियन



(एनसीआर) के प्रभारी अंकुश प्रधान मौके पर पहुंचे और सिंचाई विभाग के जेई सचिन व पतरोल कर्मचारी से जमकर बहस की। बढ़ते तनाव के बीच ग्रामीणों ने जेई और पतरोल को गंदी सिल्ट में दौड़ा दिया, जिसके बाद विभाग ने सफाई कार्य तुरंत रोक दिया।

अंकुश प्रधान ने कहा कि यदि सफाई कार्य कराना है तो निकाली गई सिल्ट को ट्रॉली में भरकर दूर फेंका जाए, न कि लोगों के घरों के सामने। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। घंटों चले हंगामे के बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल भी मौके पर पहुंचे और विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर सफाई कार्य सही तरीके से करने के निर्देश दिए।

# श्रद्धालुओं ने मां गंगा में किया दीपदान



**मोरना।** कार्तिक गंगा स्नान मेले के दौरान मंगलवार की शाम श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शान्ति के लिये दीपदान किया। व तुलसी के पेड़ के पास दीपक रखे तथा गंगा घाट पर उपस्थित पुरोहितो ने विशेष पूजा कर मंत्रोच्चार कर दीपदान सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओं द्वारा मां गंगा मे अर्पित किये गये दीपक मां गंगा को शोभामान कर रहे थे तो वहीं दीपदान करते समय कुछ श्रद्धालू अपनों को याद कर आँखों को आंसुओ से भिगोए हुए थे। गंगा स्नान मेले के दौरान क्षेत्र व दूर दराज से आये श्रद्धालू मां गंगा मे दीपदान करने गंगा घाट पर पहुंचते हैं। और पितरो की आत्मा की शान्ति के लिए गंगा मे दीपदान करते हैं।

## तीन नलकूपों पर चोरी की घटना से किसानों में रोष

**मोरना।** क्षेत्र के गांव फिरोजपुर मे जंगली चोरों द्वारा तीन नलकुपों पर चोरी की घटना से हड़कंप मच गया पीड़ित किसानों ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी किसान चरणसिंह ने बताया की मंगल वार की सुबह वह अपने नलकूप पर गये तो टड्बवैल की दीवार को टूटा देखा। चोरो ने दीवार को तोड़कर केबिल, स्टार्टर, कटाउट आदि सामान को चुरा लिया। इसके अलावा चोरो ने किसान रामु व किसान अंकुर की टड्बवैल मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है।हाल ही मे जंगली चोरो ने क्षेत्र की दर्जनों टड्बवैल पर चोरी की घटना को अंजाम दिया हुआ है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ को लेकर किसानो मे रोष पनप रहा है। पीड़ित किसानो ने पुलिस से अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मेपल्स एकेडमी में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में समस्त विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के प्री नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों का डेंटल परीक्षण कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों का नेत्र परीक्षण तथा कक्षा 06 से 08 तक के छात्रों का ब्लड ग्रुप परीक्षण किया गया।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का सूक्ष्म परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श तथा निर्देश दिए साथ ही बच्चों और अभिभावकों को दन्त स्वच्छता, नेत्र रक्षा तथा ब्लड ग्रुप से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई ताकि सब विद्यार्थी दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ्य रह सकें।

उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने इस पहल की प्रशंसा की और कहा स्वस्थ विद्यार्थी ही एक सशक्त व सफल समाज की नींव हैं।



ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों में स्व देखभाल व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाते हैं। मेपल्स एकेडमी नियमित रुप से इस तरह के प्रोग्राम आयोजित कर विद्यार्थी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रबंधक राजीव गर्ग ने चिकित्सक दल, सहायक स्टाफ एवं सभी अभिभावकों का धन्यवाद प्रकट किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वास्थ्य और जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आश्वासन दिया। शिविर में अध्यापक, विद्यार्थी तथा काफी अभिभावक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बच्चों की मुस्कान और सकारात्मक भागीदारी ने प्रोग्राम की सफलता दर्शाई।

## संक्षिप्त समाचार

### देवोत्थान एकादशी पर हुआ भव्य खाटू श्याम संकीर्तन

**खतौली।** कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर श्री झारखंड महादेव देवालय, शिवपुरी खतौली में भव्य खाटू श्याम संकीर्तन एवं बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर बाबा के भजनों पर झूमकर श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य यजमान मनोज उपाध्याय एवं श्रीमती शशि उपाध्याय (खाटू श्याम परिवार, खतौली) ने सपरिवार बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संकीर्तन में भजन गायिका भावना रानी (अलीपुर अटेरना) एवं खुशबू राधा (सकौती) ने भक्ति रस से सरोबार भजन प्रस्तुत किए। वहीं शशि भारद्वाज, सरिता योगी, अभीतोष गोस्वामी, ज्योति अरोरा, आदर्श , भूमि और अंकिता ने भी अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।संकीर्तन में मोरछड़ी सेवा की जिम्मेदारी सुनील कुमार (अलीपुर अटेरना) ने निभाई। लाइट एवं डेकोरेशन की सेवा ग्रैंड इंपीरियल बैंक्वेट हॉल की स्वामिनी माया देवी एवं अन्नू पुंडीर परिवार द्वारा की गई। जनरेटर व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर परिवार की ओर से तथा फूल सजावट की सेवा गुलशन फूल भंडार परिवार द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल (जैन मंडी खतौली), संदीप अग्रवाल (पीली कोठी), अनुराग शास्त्री, मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), तरुण सूरी, संजय गोस्वामी, विपिन अरोरा, सीताराम, वेदप्रकाश गोस्वामी, कमलेश मिश्रा, अमित शिवाच, माया देवी, अन्नू पुंडीर, ज्योति अरोरा, सरिता योगी, शशि उपाध्याय, मिथिलेश महेश्वरी, आरती देवी, मुनेश देवी, श्वेती गोस्वामी, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तिमय संध्या में संगीत नटराज ग्रुप खतौली ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### कब्रिस्तान का बोर्ड तोडने वाला पुलिस ने छोडा

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान में अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से बीती देर रात्रि में मौका पाकर एक कब्रिस्तान के मेनघ गेट के बाहर लगा हुआ साइन बोर्ड तोडने वाले सभी आरोपियों में से पकड़े गये एक आरोपी को बुढ़ाना पुलिस ने कुछ ही घंटे बाद छोड़ दिया तो दुस्साहस देखिये कि उसने आज मंगलवार की सुबह ही फरार हुए अन्य आरोपियों को साथ ले जाकर कब्रिस्तान के मुतवल्ली को हत्या की धमकी ही दे डाली और टूटा हुआ लोहे का भारी भरकम साइन बोर्ड लेकर चलता बना। इस मामले की शिकायत बुढाना सीओ से की गयी है। मिली जानक. ारी के अनुसार जरीफ अहमद पुत्र जहीर मौहल्ला काजीवाडा उत्तरी कस्बा बुढाना ने आज मंगलवार के दिन सीओ बुढ़ाना को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एक कब्रिस्तान जिसकी खसरा संख्या 1972 और हाल खसरा संख्या 2519 है जो हिंडन नदी के पास स्थित है वो उसका मुतवल्ली है। बीती सोमवार की देर रात भूमाफिया जरगाम व अन्य अज्ञात भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान में आकर उसके साथ गाली गलोच की तथा कब्रिस्तान का बोर्ड नीचे गिरा दिया। तब वहां से गुजर रहे मौहम्मद शेख अयाजुद्दीन नम्बरदार पुत्र नवाबुदीन निवासी मौहल्ला काजीवाडा बुढाना ने जब यह वारदात अपनी आंखों से देखी तो उन्होंने डायल 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि कब्रिस्तान पर कुछ अज्ञात भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान का बोर्ड जमींदोज कर दिया है। तब मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लियाघ। आरोप है कि आज मंगलवार की सुबह कुछ लोग कब्रिस्तान में पहुंचे और कब्रिस्तान के मुतवल्ली को जान से मारने की धमकी देते हुए कब्रिस्तान का बोर्ड वहां से उठाकर ले गये। मुतवल्ली ने बताया कि जब पुलिस ने बीती रात एक आरोपी को पकड लिया था तो आरोपी फिर कब्रिस्तान में कैसे आया इसकी जांच हो। उधर सीओ ने बुढ़ाना पुलिस को कब्रिस्तान का बोर्ड तोड़े जाने की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। उधर पीड़ित मुतवल्ली ने एक्स व ट्वीटर पर पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी साइन बोर्ड तोडने की शिकायत भेजी है।

### दबंगों पर किसान ने लगाया प्लॉट कब्जाने का आरोप

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के एक किसान ने गांव के दबंगों पर उसके प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। किसान ने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।गांव रसूलपुर कैलोरा, परगना जोली जानसठ निवासी दिनेश सैनी पुत्र रणसिंह ने बताया कि उसने वर्ष 1997 में गांव के ही आसकरण पुत्र न्यादर से 60 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। उक्त प्लॉट पर उसके कब्जे में होने के बावजूद गांव के कुछ दबंग लोगों ने अन्य व्यक्तियों से मिलीभगत कर उस जमीन को फर्जी तरीके से बेनाम करा लिया। पीड़ित किसान का कहना है कि दबंग लोग अब जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर धमकियां भी दी जा रही हैं। इससे परेशान होकर उसने एसडीएम खतौली निकिता शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम निकिता शर्मा ने मामले की जानक. ारी मिलने पर कहा कि प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### चरथावल मे आयोजित होंगी किसान मजदूर अधिकार रैली

**चरथावल।** कांग्रेस नेता राकेश पुंडीर द्वारा आयोजित की गयी किसान मजदूर रैली को आयोजित कर किसानों के लिए गन्ने का रेट बढ़ाने की भी मांग की जाएगी बताते चले की चरथावल ने आज किसान मजदूर अधिकार रैली आयोजित की जाएगी जिसने अधिक से अधिक भीड़ जुटाई जाएगी कांग्रेस नेता राकेश पुंडीर ने बताया की इस रैली को उत्तराचंल के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सम्बोधित करेंगे और किसानों के हितो की आवाज उठाएंगे तथा किसानों मजदूरों के लिए अन्य मांग भी उठायी जाएगी।

# कॉमन रिव्यू मिशन टीम ने पुरकाजी व मोरना ब्लॉक का किया निरीक्षण

**मुज़फ़्फ़रनगर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित 17वीं कॉमन रिव्यू मिशन Common Review Mission – CRM टीम द्वारा पुरकाजी ब्लॉक व मोरना ब्लॉक में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जनपद स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, संसाधनों की स्थिति तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में संचालित गतिविधियों का मूल्यांकन करना रहा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज टीम के द्वारा पुरकाजी ब्लॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरला, आयुष्मान आरोग्य मंदिर छपार एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कासमपुर का भ्रमण किया गया। प्रत्येक केंद्र पर टीम ने पंजीकरण व्यवस्था, औषधि वितरण प्रणाली, टीकाकरण सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों, तथा स्टाफ की उपस्थिति की गहन समीक्षा की।

छपार में टीम द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनता के साथ बैठक की गई, जिसमें पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण जागरूकता तथा आयुष्मान भारत योजना से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया ने बताया कि टीम के द्वारा मोरना ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेवड़ा तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौरावाला का भी निरीक्षण किया। यहाँ स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध मानव संसाधन, औषधि आपूर्ति, रिकॉर्ड संधारण एवं सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम में डॉ सिम्मी तिवारी (ज्वाइट डायरेक्टर), मौतुषी देवनाथ (सीनियर कंसलटेंट)डॉ विनीत कुमार पाठक (असिस्टेंट प्रोफेसर) नीरज गौतम (सीनियर कंसलटेंट)व निशांत शर्मा (सीनियर कंसलटेंट) उपस्थित रहे ,राज्य स्तरसे अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला (GM-RI), डॉ. सुनील वर्मा (संयुक्त निदेशक पैरामेडिकल), डॉ. अमित सिंह (संयुक्त निदेशक प्रशासन) तथा संदीप कनौजिया (ऑडिट ऑफिसर, UPNHM) भी साथ में उपस्थित रहे। टीम ने अपने निरीक्षण के दौरान जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए

## अटाली में पशु आरोग्य मेले का शुभारम्भ

**बुढाना।** बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव अटाली में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में पशु पालन विभाग मुजफ्फरनगर के सौजन्य से बतौर मुख्य अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का उद्घाटन किया। यहां उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसके गंगवार के निर्देशन में समस्त स्टाफ ने मेले में आए सभी पशुओं का इलाज करते हुए सरकारी योजनाओं से मेले में आए पशुपालकों को अवगत कराया। तब विधायक राजपाल सिंह बालियान ने पशु मेले में आए सभी किसानों को सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का भी आग्रह किया। इस दौरान यहां रालोद नेता शकुल सहरावत सहित सैंकड़ों पशुपालक मौजूद रहे।

# बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर हुई आरती

**बुढ़ाना।** श्याम बाबा जी का जन्मोत्सव बुढ़ाना कस्बे में बीती देर रात बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु कथा सुनने के बाद देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमते रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम बाबा के भव्य श्रंगार से किया गया। बाबा श्याम को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का प्रसाद चढ़ाया गया। श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा विनीत कात्यायन व भाजपा नेता नितिन मलिक भी उपस्थित हुए। सदर विधायक और योगी सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बाबा श्याम जी की महिमा और योगी सरकार के अंतर्गत धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भाजपा नेता नितिन मलिक ने कहा कि भक्ति भाव से ओतप्रोत और सनातन भाव से सुग. ंधित ऐसे कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के जीवन को सुख समृद्धि के प्रकाश से आलोकित करते हैं। उन्होंने बाबा खाटू श्याम से सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। यहां श्याम बाबा की कथा भी सुनाई गयी। संकीर्तन भी हुआ। तेरी जय जयकार बाबा तेरी जयकार समेत कई गीत गाए गये। यहां हज़ारों की संख्या में कस्बेवासी व भक्तजन मौजूद थे।

# भाजपा चुनाव संयोजक जितेंद्र त्यागी को सौंपे फार्म

**बुढ़ाना।** एमएलसी चुनाव 2026 के लिए नये मतदाता बनाए जाने का कार्यक्रम बुढ़ाना कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरों शोरों से जारी है। इसी के चलते में आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से विधान परिषद स्नातक चुनाव के सह संयोजक आशीष जैन ने चुनाव संयोजक और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी को नये मतदाताओं के भरे हुए एक सौ फार्म सौंपे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर सैनी और भाजपा जिला संयोजक श्री मोहन तायल के संयुक्त नेतृत्व में बुढ़ाना विधानसभा सह संयोजक आशीष जैन नये मतदाताओं के फार्म भरवा रहे हैं। इस दौरान सभी भरे हुए फार्म लेने के दौरान जितेंद्र त्यागी ने कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव अभियान को तेजी से निरंतर जारी रखें और जो स्नातक हैं वे भी हमारी टीम का मार्गदर्शन कर अपनी वोटें बनवाएं। इस अभियान के बारे में जितेंद्र त्यागी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता शिक्षक स्नातक निर्वाचन के लिए डोर टू डोर अभियान चला रहे हैं। वे स्नातक अंतिम वर्ष की डिग्री, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर एकत्र कर रहे हैं ताकि स्नातक पास युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। इस प्रक्रिया में युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कई युवा ऐसे हैं जो प्रथम बार मतदान करेंगे उनमें विशेष जोश देखा जा रहा है।

# कम्पोजिट स्कूल का निरीक्षण कर एबीएसए ने दिए उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश

**पुरकाजी ।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार द्वारा पीएम कंपोजिट स्कूल तुगलकपुर का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल मे व्यवस्था एवं शिक्षण कार्य तथा स्कूलो मे बच्चो की उपस्थिति को परखा गया है ।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की भौतिक व्यवस्था साफ सफाई और क्यारियां आदि उत्तम पाई गई शैक्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 5, 6 और 8 के बालक, बालिकाओं से हिंदी, संस्ख्रत और अंग्रेजी विषय पढवा कर देखा जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सबूत देते हुए स्पष्ट और सही पढ़ा और बच्चो द्वारा ज्यादातर प्रश्नों के सही उत्तर दिए गये है । इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू द्वारा सभी बच्चों से विद्यालय में अपनी शिक्षा के प्रति जागरूक रहने को कहा गया है ।और बच्चों से कहा कि सभी बच्चे सभी अध्यापकों से अपने-अपने विषय के अनुसार प्रश्न पूछा करें ताकि उनकी पढ़ाई अच्छी हो सके

इस अवसर पर खण्डशिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार द्वारा विद्यालय में बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रभावी शिक्षण कार्य योजना तैयार करें, शिक्षक डायरी फोन रखें और बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करें, और सभी अध्यापक विद्यालय में आने और जाने का समय उपस्थिति पंजिका पर अंकित करें और अपनी अपनी कक्षा की शिक्षा व्यवस्था का पूर्ण रूप से उत्तरदायित्व निभाएं। रसोई घर में निरीक्षण करते हुए मध्यान्ह भोजन से संतुष्ट हुए उन्होंने कहा कि मिड डे मीलअच्छा बन रहा है इसी प्रकार इसकी गुणवत्ता को बरक. रार रखें। पंजीकृत 216 बच्चों में 170बच्चे उपस्थित मिले। बच्चों को विद्यालय लाने के लिए अभिभावक संपर्क करने को कहा गया और मासिक बैठक प्रभावी ढंग से आयोजित करने के दिशानिर्देश दिए प्रधानाध्यापक और समस्त अध्यापक गण मिलकर इसे और अच्छा बनाने के प्रयास किए जाएं।



# क्या इस वर्ष ओवरलोड गन्ना वाहनों से मिलेगी निजात

## गत वर्ष देवबन्द चीनी मिल के अवरलोड गन्ने के ट्रकों ने जमकर मचाया था उत्पाद

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** क्षेत्र में शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू होते ही, गन्ना लेकर आने वाले ओवरलोड वाहनों ने सड़कों पर अराजकता फैला दी है। त्रिवेणी शुगर मिल देवबंद, आईपीएल शुगर मिल तितावी, और उत्तम शुगर मिल खाईखेड़ी को गन्ना आपूर्ति करने वाले ये ओवरलोड वाहन सड़क सुरक्षा के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए, बेखौफ दौड़ रहे हैं, जिससे न केवल भीषण जाम लग रहा है, बल्कि बड़े हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।

घ्स्थानीय लोगों को पिछले पेराई सत्र के हादसे याद हैं, जब इन ओवरलोड वाहनों के चलते कई लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। गत वर्ष इन ओवरलोड वाहनों के चलते सड़क दुर्घटना में कई लोगों की जान गई थी। चरथावल क्षेत्र सहित रतनपुरी और खतौली में दर्जनों हादसों में कई लोग घायल हुए थे, वहीं खतौली क्षेत्र में बाइक पर ओवरलोड ट्रक के पलटने से एक साथ दो लोगों की मौत हो गई थी।

इस मामले मे घ्आरोप है कि मिलों के ट्रांसपोर्टर अपनी जेब भरने के लालच में क्षमता से कई गुना अधिक गन्ना भरवाकर आमजन की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, जबकि मिल प्रशासन और सरकारी अमला अनदेखी कर रहा है।

किसान नेता ने प्रशासन पर उठाए गंभीर सवाल इस गंभीर अव्यवस्था को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान नेताओं ने प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा रोष व्यक्त किया है।

'घ्भाकियू किसान सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इसरार त्यागी ने कड़े शब्दों में कहा प्रशासन गन्ना मिलों के इन ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही ना कर आम जनता की मोटरसाइकिल को चेक करने पर लगा हुआ है। मिल सत्र शुरू होते ही इन ओवरलोड वाहनों ने सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा कर दी है, लेकिन प्रशासन इस ओर से आँखें मूंदे हुए है।

'घ्किसान योद्धा के राष्ट्रीय प्रभारी कुटेसरा निवासी शाहबाज त्यागी ने चेतावनी देते हुए कहा की

'घ्मैं आरटीओ और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इन गन्ना वाहनों की ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की मांग करता हूँ। अगर कोई हादसा इन वाहनों के द्वारा हुआ तो इसका खामियाजा मिल प्रशासन सहित संबंधित अधिकारियों को भी उठाना पड़ेगा।प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद त्यागी का कहना है की जिले का प्रशासन और पुलिस चरथावल सहित विभिन्न चौकी क्षेत्रों में आम नागरिकों की बाइक और किसानों के सामान्य वाहनों की चेकिंग में व्यस्त रहता है, लेकिन इन अवैध ओवरलोड गन्ना वाहनों पर कार्यवाही करने से तालमटोल करता है। तीन बड़ी मिलों के ट्रांसपोर्टर अपनी मनमानी कर रहे हैं।

इस मामले में स्थानीय लोगों की मांग क्षेत्र की जनता ने तीनों शुगर मिलों के साथ-साथ प्रशासन और गन्ना विभाग से मांग की है कि ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के ट्रांसपोर्टरों और मालिकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।मुख्य मार्गों पर ओवरहाइट वाहनों को रोकने के लिए हाइट गेज लगाए जाएं और नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए।प्रशासन, मिलों को बाध्य करे कि वे केवल उन्हीं वाहनों से गन्ना लें जो सुरक्षा मानकों का पालन करते हों। समय रहते यदि इन श्मौत के ट्रकोंश पर नकेल नहीं कसी गई, तो क्षेत्र में बड़े जानलेवा हादसों की पुनरावृत्ति हो सकती है और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। और क्षेत्रवासियो ने पुरजोर मांग करते हुए और सड़को की दुर्दशा और हादसों को रोकने के लिए गन्ने के अवरलोड वाहनों पर सख्त प्रतिबंध लगाने को कहा है

# धूमधाम से मनाया गया सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल साकेत मुजफ्फरनगर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पर्चन सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का परिचय राजकुमारी तोमर ने कराया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा गोयल मुख्य अतिथि अनु अग्रवाल, कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री की धर्मपत्नी तथा मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गेश नंदिनी की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम की प्रस्तावना समूह गीत, अनुभव कथन ,अध्यक्ष उद्बोधन विशिष्ट माता का सम्मान, जिसमें अहिल्याबाई



होल्कर माता जी के जीवन से संबंधित घटनाएं दिखाई गई। कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर उद्बोधन प्रेरणादाई महिलाओं के संदेश एवं कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका राजकुमारी तोमर सहसंयोजिका अंशु बाला एवं संचालनकर्ता कुसुम शर्मा के साथ-साथ समस्त विद्यालय परिवार का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शोभायात्रा से चाचा व दो भतीजों का सुराग नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गत दिवस शोभायात्रा में शामिल होने गए चाचा सहित दो बच्चों को अभी तक भी कोई सुराग नही लग सका है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो तीनों एक साथ जाते नजर आ रही है। फिलहाल थाना आदर्शमंडी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए बच्चों की तलाश तेज कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला धर्मपुरा निवासी लव जैन का 14 वर्षीय पुत्र चिराग जैन, 9 वर्षीय पुत्र कुशार्ग जैन सोमवार को शहर के सती मंदिर से निकाली गई बाबा श्याम की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए गए थे। बताया जाता है बच्चे दोपहर बाद तक नही पहुंचे तो पिता लव जैन ने अपने छोटे बेटे कुशार्ग को फोन किया, जिसने बडे भाई द्वारा शहर के गुरूद्वारा तिराहे पर छोडकर जाने की बात कही और बोला कि रास्ता भटक गया है।

जिसके बाद परिजनों में हडकंप मच गया। पिता लव जैन सहित चाचा कुश जैन भी दोनों बच्चों को ढूढने के लिए दौड पडे। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी दोनों को सुराग नही लगा और बाद में चाचा कुश जैन का नंबर भी बंद जाने लगा।

जिसके बाद परिजनों को चिंता सताने लगी तो उन्होने थाना आदर्शमंडी पुलिस व शहर कोतवाली पुलिस से संपर्क कर बच्चों के लापता होने और किसी अनहोनी घटना घटित होने की जानकारी दी।

मंगलवार को दूसरे दिन भी पुलिस ने घर के आसपास व बाजार की सीसीटीवी फुटेज खंगाली है, जिसमें कुछ कैमरों में दोनों बच्चे अकेले जाते दिखाई दे रहे तो कुछ सीसीटीवी फुटेज में चाचा साथ जाता दिखाई दे रहा है। फिलहाल थाना आदर्शमंडी ने दोनों बच्चों की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और बच्चों की तलाश तेज कर दी है।

# महिला ने की पड़ोसियों पर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** घर के बाहर गली में खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद में कस्बा निवासी महिला ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला शेखजादगान निवासी महिला शबाना, पत्नी तस्लीम ने एसपी एनपी सिंह को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उसका 11 वर्षीय पुत्र अनस घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान उसका बच्चों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़िता बच्चों की कहासुनी की शिकायत करने पड़ोसी के घर गई तो आरोप है कि पड़ोसियों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उस वक्त तो मौके पर मौजूद लोगों ने मामले का निपटारा करा दिया। आरोप है कि देर शाम एक महिला सहित पांच लोगों ने पीड़िता के घर में घुसकर लात घूंसो और लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें पीड़िता सहित पति तसलीम और पुत्र अनस घायल हो गए। पीड़िता ने परिवार सहित एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंध थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम हिरनवाड़ा निवासी एक महिला ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। गांव हिरनवाडा निवासी सुमन पत्नी राजेन्द्र उर्फ पप्पन ने डीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि विपक्षीगणों ने गाली-गलौच, मारपीट और अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। नवम्बर को दोपहर लगभग 2:30 बजे जब वह घर पर अकेली थी तो विपक्षी विशाल, अंशु, काजल, ललतेश तथा मोनू निवासी ग्राम हिरनवाड़ा ने एक राय होकर उसके हिस्से की भूमि पर नींव खोदने लगे। विरोध करने पर मारपीट व अभद्र व्यवहार किया गया। सुमन ने बताया कि उसने तत्काल 112 नंबर पर कॉल की, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में विपक्षीगणों ने दीवार खड़ी कर कब्जा कर लिया। आरोप है कि थाना पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सुमन ने यह भी कहा कि जब वह एसपी कार्यालय में शिकायत देने पहुंची, तो वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उसकी तहरीर लेने से इनकार कर दिया और अपमान. जनक टिप्पणी की।

# बाल विवाह की सूचना पर मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** दिनांक 4.11.2025 को शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन आपातकालीन सेवा पर थाना कोतवाली शामली के क्षेत्रान्तर्गत एक अव्यस्क बालिका का बाल विवाह कराने की सूचना दी गई, जिसके प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाईन शामली की टीम से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सु अजरा खॉन के नेतृत्व में बालिका को घर से रेस्क्यू कर कोतवाली थाने में जी0डी0 दर्ज कराके बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बालिका को वन स्टॉप सेन्टर शामली में आवासित कराया गया। बालिका का विवाह दिनांक 5.11.2025 को प्रस्तावित था। जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के नेतत्व में चाइल्ड हेल्पलाईन शामली कार्य कर रही है। जिसका कार्यालय ट्राजिंट हॉस्टल, करोडी रोड बनत में स्थित हैं। 1098 एक आपातकालीन चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा है, जिस पर कोई भी पीडित बच्चा या बच्चे की ओर से कोई अन्य व्यक्ति कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। 18 वर्श से कम आयु की महिला एवं 21 वर्श से कम आयु के पुरूश का विवाह करना या कराना दण्डनीय अपराध है।

# तीन दिवसीय दिव्य धर्म यज्ञ का सतलोक आश्रम में भव्य शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में सतलोक आश्रम, वेदखेड़ी में मंगलवार से तीन दिवसीय शदिव्य धर्म यज्ञश का शुभारंभ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर इसे भक्ति, सेवा और सामाजिक सद्भाव का केन्द्र बना दिया। यह कार्यक्रम 4 से 6 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन की शुरुआत सुबह 4 बजे सामूहिक नाम-सुमिरन और अमरवाणी के पाठ के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में अनुशासनपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सभी ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।




आश्रम के प्रदेश समन्वयक भगत हरदेश दास ने बताया कि इस यज्ञ की विशेषता सेवा के विभिन्न आयाम रहे। एक ओर जहां (अन्नपूर्णा मुहिम) के तहत हजारों जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं शबाढ़ राहत अभियानश के अंतर्गत हरियाणा के लगभग दो सौ गांवों में प्रभावितों को मोटरबोट और अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। इन सेवा कार्यों को एक विशेष आध्यात्मिक प्रदर्शनी के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया। आयोजन में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत अलग-अलग पुरुष-महिला पंडाल, शुद्ध पेयजल, ठहरने की व्यवस्था, 24 घंटे चलने वाला श्मोहन भोजन, जूता घर और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भगत हरदेश दास ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन सैकड़ों



लोगों ने नि:शुल्क नाम दीक्षा ग्रहण की। दूसरे दिन (बुधवार) दहेज-मुक्त सामूहिक विवाह समारोह और एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जबकि तीसरे और अंतिम दिन (बृहस्पतिवार) अखंड पाठ के समापन और एक विशेष भंडारे के साथ इस आध्यात्मिक महोत्सव का समापन होगा। इस तरह सतलोक आश्रम में यह आयोजन न सिर्फ आध्यात्मिक शांति का स्रोत बना हुआ है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा-धर्म का एक जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

## एक नजर

### स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी लेखपाल ने नही छोड़ा चार्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कैराना हल्का संख्या-2 में तैनात लेखपाल ने स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी अपना चार्ज नही छोड़ा है। राजस्व निरीक्षक ने नोटिस चस्पा करके आदेश की अवहेलना करने पर लेखपाल को कार्यवाही की चेतावनी दी है। विगत 29 अक्टूबर को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने कैराना हल्का संख्या-02 में तैनात लेखपाल शमशेर सिंह का स्थानांतरण कण्डेला क्षेत्र से बराला कुकरहेड़ी में कर दिया था, जबकि उनके स्थान पर लेखपाल अनुराग पंवार व अंकित कुमार को नियुक्त किया गया है। परन्तु , स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी लेखपाल ने अपने क्षेत्र का चार्ज नही छोड़ा है। राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार ने लेखपाल के कमरे के गेट पर नोटिस चस्पा किया है, जिसमें स्थानांतरण के बावजूद नियुक्त क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण न करने पर विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है कि लेखपाल अपने स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराने की जुगत में लगा हुआ है।

### शादी समारोह के दौरान बाइक चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे के कंधाला रोड स्थित ऊंचा गांव में सगाई समारोह के दौरान अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ऊंचा गांव निवासी अश्वनी कुमार पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 1 नवंबर को उनके चचेरे भाई मोहित शर्मा की सगाई का कार्यक्रम ऊंचा गांव में आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर न्च19ब्2952 टेंट के बाहर खड़ी की थी।शाम करीब साढ़े चार बजे जब वह वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक चोरी कर ली है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भीतर के मोह-माया से मुक्ति जरूरी: मुनि



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मंगलवार को शहर के जैन धर्मशाला में प्रवचनों को संबोधित करते हुए जैन मुनि विव्रत सागर ने कहा कि आत्मा को सच्चा गुरु या स्वामी तब माना जाता है, जब वह अपने भीतर की कषायों, क्रोध, मान, माया और लोभ से पूर्णत: मुक्त हो जाती है। जब आत्मा अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण, इन तीन कषाय चौकड़ियों से मुक्त होती है, तब वह आचार्य या साधु कहलाती है। धर्मसभा में प्रवचन देते हुए उन्होने कहा कि गुरु तो बहुत हैं, परंतु सच्चा गुरु हमारी अपनी आत्मा में ही विद्यमान है। जब तक व्यक्ति अपनी निज भगवान आत्मा को नहीं पहच. ानता, तब तक बाहरी साधु या गुरु भी उसके सच्चे कल्याण का कारण नहीं बन सकते। प्रवचन में बताया गया कि एक साधक के लिए केवल एक ही स्वामी होना चाहिए। सच्चा स्वामी वही है, जिसका अधिकार केवल आत्मा पर होता है। अनेक स्वामियों की भक्ति व्यक्ति की साधना को बिखेर देती है, जबकि एक ही स्वामी के प्रति निष्ठा और समर्पण साधक को .ढ़ बनाकर मुक्ति मार्ग पर स्थिर करती है। कहा कि समुद्र मंथन कोई बाहरी घटना नहीं, बल्कि हमारे अंतर्मन का संघर्ष है। देवता हमारे शुभ संस्कारों और राक्षस हमारे नकारात्मक संस्कारों के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन मंजू जैन एवं उर्मिला जैन, संजय जैन, अरविंद जैन, पाल जैन, ममलेश जैन आदि मौजूद रहे।

### वायरल फोटो पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी युवक तमंचे सहित गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**कांधला।** थाना क्षेत्र में कई दिन पूर्व तमंचे संग वायरल हुए फोटो पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक की पहचान करने के बाद युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में इन दिनों युवा अवैध हथियारों के साथ फोटो और वीडियो वायरल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील बना रहे हैं। पुलिस लगातार वीडियो और फोटो वायरल होने पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी युवा अपना भविष्य अंधकार में डालते हुए फ्लावर पाने के चक्कर में शौक पाल रहे हैं। कई दिन पूर्व थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का तमंचा के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वायरल फोटो में युवक हाथों में तमंचा लहराते हुए दिखाई पड़ रहा था जिसके साथ अन्य युवक भी दिखाई पड़ रहे थे। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद और मीडिया की सुर्खियां बनने पर पुलिस हरकत में आई और युवक की पहचान करने में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक की पहचान नाजिम पुत्र नफीस निवासी एकता कॉलोनी कांधला के रूप में कर आरोपी को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया और अभियोग दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 6 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से विकास खण्ड शामली परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं से जोड़ना और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में विभागीय विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी किया जाएगा। अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं।

# नप के आउटसोर्सिंग कर्मियों के ईपीएफ व ईएसआई कार्ड में भ्रष्टाचार का आरोप

**सफाई कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा शिकायती-पत्र**

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** सफाई कर्मचारी यूनियन नगरपालिका परिषद कैराना के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेजा है। उन्होंने नगरपालिका के विभिन्न विभागों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मियों के कर्मचारी भविष्य निधिद्धईपीएफ़ऋ व कर्मचारी राज्य बीमाद्धईएसआईऋ कार्ड में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है।

सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती-पत्र में बताया कि नगरपा. लिका परिषद कैराना के विभिन्न विभागों में विगत 10-11 वर्षों से करीब 200-250 कर्मचारी आउटसोर्सिंग माध्यम से काम कर रहे है। आरोप है कि पिछले 01-02 वर्ष से इन कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के नाम पर जो कटौती की जा रही है, वह इन कर्मचारियों के खाते में जमा नही हो रही है। इसके अलावा, प्रत्एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी के वेतन से कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के नाम पर 90 रूपए प्रतिमाह काटा जा रहा है, लेकिन किसी भी कर्मचारी को आज तक ईएसआई कार्ड नही दिया गया है। 2 नवंबर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मौसम के अनुसार वर्दी दिए जाने का प्रावधान है परन्तु, सम्बंधित अधिक. ारी व बाबू को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराए जाने के बावजूद किसी भी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी को आजतक एक बार भी वर्दी नही दी गई। यह शासन के आदेशों की अवहेलना है। पत्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) व कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के नाम पर कटने वाली राशि तथा वर्दी के प्रकरण में हो रही धोखाधड़ी की जांच कराकर नगरपालिका परिषद कैराना हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। साथ ही, आउटसोर्सिंग कर्मियों को शासन स्तर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाने की गुहार लगाई गई है।





# नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण

**शामली।** गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर मकून्स प्री स्कूल शामली के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ शहर स्थित गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य बच्चों को धार्मिक, सामाजिक व संस्कारिक मूल्यों से परिचित कराना रहा।

शहर के काकानगर स्थित मकून्स प्री स्कूल के बच्चों ने शहर के गुरूद्वारा का भ्रमण किया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर बच्चों ने सबसे पहले माथा टेका और कीर्तन का आनंद लिया। नन्हे बच्चों ने संगत के साथ मिलकर वाहेगुरु का जाप किया, जिससे उनके मन में श्रद्धा और शांति का भाव उत्पन्न हुआ। गुरुद्वारा के सेवादारों ने बच्चों को गुरुद्वारा की मर्यादा, सेवा भावना और लंगर परंपरा के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा गुरुद्वारा साहिब के सचिव राजेन्द्र पाल सिंह को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि मकून्स प्री स्कूल बच्चों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों में संस्कृति, सेवा भावना और सामाजिक संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बचपन से ही बच्चों में सभी धर्मों के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना विकसित हो। दौरे के अंत में बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ समूह फोटोग्राफ खिंचवाए और इस यादगार दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## वर-वधुओं को अब आधार कार्ड बायोमेट्रिक जरूरी

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चयनित वर वधुओं को अब आधार कार्ड की बायोमेट्रिक जानकारी अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। निद. ेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश के द्वारा जिन लाभार्थियों के आधार कार्ड में बचपन की फोटो लगी है या जिनका बायोमेट्रिक पुराना है, उन्हें शीघ्र आधार अपडेट कराना होगा। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि विवाह कार्यक्रम के दौरान बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग के माध्यम से ही उपस्थित जोड़ों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। केवल सत्यापित एवं दर्ज उपस्थिति वाले वर वधुओं का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

# एसडीएम व नायब तहसीलदार ने यमुना घाट का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्था

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के मद्देनजर एसडीएम व नायब तहसीलदार ने यमुना नदी पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बुधवार को यमुना नदी पर होने वाले स्नान को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

मंगलवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंची। जहां पर उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर बुधवार को यमुना पर होने वाले विशेष स्नान हेतु की गई व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। एसडीएम ने यमुना घाट पर साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, चेंजिंग रूम व प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया।



साथ ही, अधीनस्थ अधिकारियों को यमुना स्नान के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं, शाम के समय नायब तहसीलदार सतीश यादव व राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार, लेखपाल लवकेश तंवर ने भी यमुना नदी पर पहुंचकर घाट का निरीक्षण किया। उधर, एसडीएम ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के मद्देनजर यमुना पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। यमुना पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं को गहनता से परखा गया है।

किसी भी विषम परिस्थिति के लिए यमुना नदी पर गोताखोर व मोटरबोट आदि की व्यवस्था की गई है। स्नान के मद्देनजर एक कंट्रोल रूम व सुरक्षा के .ष्टिगत वॉचिंग टावर बनाया गया है। महिला श्रद्धालुओं के लिए आधा दर्जन चेंजिग रूम बनाने को कहा गया है, जिनमें से तीन कंप्लीट हो गए है। शेष देर रात तक बन जाएंगे। सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर महिला पुलिसकर्मी भी यमुना पर तैनात रहेगी।

# जोर-शोर से चल रहा रजिस्ट्री कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** सरकार द्वारा किसानो की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन तहसीलों में कार्य धीमी गति से चल रहा था इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा सभी जिला अधिकारियों को किसानो की शत प्रतिशत फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत तहसील में फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारी कृषि विभाग व पंचायत सहायक, जन सेवा केंद्र संच. ालकों के सहयोग से फार्म रजिस्ट्री का कार्य कर रहे हैं जिस कारण तहसील कार्यालय सूना पड़ा है। सरकार द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कार्य में प्रगति न होने के कारण मुख्य सचिव द्वारा जिला अधिकारियों को विशेष अभियान चला कर फार्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत जिला अधिकारी द्वारा सभी उप जिला अधिकारियों को 15 नवंबर तक सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिया है जिसके तहत तहसील ऊन में राजस्व विभाग के लेखपाल ,राजस्व निरीक्षक, कृषि विभाग के कर्मचारी, पंचायत सहायक ,जन सेवा केंद्र संचालक किसानो की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने में जुटे हैं जिसकी प्रतिदिन गति रिपोर्ट भेजी जा रही है ।तहसील ऊन में झिंझाना ग्रामीण, गढी अब्दुल्ला खान, पाथुपुरा ,टपराना, चौसाना विलायत, ऊन ग्रामीण, पिंडोरा, खेड़ी खुशनाम, पटनी परतापुर, रंगाना में फार्म रजिस्ट्री कार्य धीमा चल रहा है जिसके लिए कर्मचारी दिन-रात जुटे हैं तथा किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने हेतु कार्य कर रहे हैं कर्मचारियों के फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य में जुटे होने के कारण तहसील कार्यालय सुना पड़ा है। इस संबंध में तहसीलदार ललिता चौधरी ने बताया कि तहसील में करीब 60 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बना ई जा चुकी है।

## खेड़ा कुर्तान प्रकरण में कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान मैं मकान निर्माण को लेकर हुए दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के घायलों मैं अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सीआरपीएफ का जवान राज. ेंद्र कुमार छुट्टी पर आया हुआ है और अपना मकान का निर्माण कर रहा है। पड़ोसी व्यक्ति निवास का आरोप है कि फौजी अवैध तरीके से गली में कब्जा कर अपना निर्माण कर रहा है। सोमवार को दोनों पक्षों में लाठी डंडों सहित धारदार हथियार चले गए थे। मारपीट में एक तरफ से फौजी राजेंद्र कुमार तो दूसरी तरफ से, निवास,आकाश, रामकुमार रेखा, मंटो और सलोनी घायल हो गए थे, दोनों पक्षों के लोगों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने दोनों पक्षों को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के घायलों का इलाज जिला अस्पताल चल रहा है पुलिस जांच कर रही है।

## छूटे बच्चों के टीकाकरण के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण अभियान के तहत एएनएम की बैठक आयोजित की गई जिसमें चिकित्सा प्रभारी द्वारा हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं तथा टीकाकरण से छूटे बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम की बैठक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी के अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सभी एएनएम को टीकाकरण में छूटे बच्चों, प्रतिरोधी परिवार तथा हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं को ढूंढ कर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं को रजिस्ट्रेशन के बाद टिटनेस का टीका लगाकर सभी जांच कर अन्य टीके लगाने के निर्देश दिए उन्होंने ब्लॉक में 27 प्रतिरोधी परिवारों को ब्लॉक टास्क फोर्स के द्वारा टीकाकरण के फायदे बताकर टी के लगवाने हेतु प्रेरित करने को कहा। सबसे ज्यादा टीकाकरण से नगरीय क्षेत्र के बच्चे छूटे हुए हैं कस्बा झिंझाना, उन ,गढी पुख्ता में सभासदों के साथ बैठक कर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में डॉक्टर शशिकांत ,डॉक्टर रवि वर्मा ,दीपक कुमार, शकील अहमद, नवीन पथिक, विजय कुमार समेत सभी एएनएम उपस्थित रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट नंबर S 9131919 में मेरा नाम मौ फैसल खान (Mohammad Faisal Khan) दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम Mohd Faisal Khan है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

मौ फैसल खान पुत्र इनाम खान
निवासी मकान नंबर-67 ज्ञ मौहल्ला
जैर अंसरियान कैराना जनपद शामली

# बसपा का पूर्व जिलाध्यक्ष सहित दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** पुलिस ने बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को वांछित अभियुक्तको को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। मंगलवार को पुलिस ने कस्बा निवासी बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीदास जयंत एवं पूर्व सभासद इंद्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दोनों पर कई वर्ष पूर्व थाने पर अभियोग दर्ज हुआ था अभियोग दर्ज होने के बाद आरोपी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहे थे। न्यायालय से वारंटी जारी होने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।



# छप्पर में लगी आग मामले में अज्ञात के खिलाफ भी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** नगर के मोहल्ला शाहविलायत में छप्पर में आग मामले में पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ थाना भवन थाने में तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला शाहविलायत निवासी राजकुमार के छप्पर में आग लगा दी थी राजकुमार पुत्र विजयपाल ने थाने में तहरीर दी कि गत 31 अक्टूबर की शाम वह किसी कार्यवश बाजार गया हुआ था जबकि परिजन घर पर मौजूद उसके बच्चे अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके छप्पर में आग लगा दी। देखते ही देखते छप्पर में रखा सामान जल गया आग की लपटों में उसकी दुधारू भैंस व तीन छोटी कटिया भी झुलस गईं। भैंस की हालत गंभीर है। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चार दिन पहले थाना भवन पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। राजकुमार ने बताया कि लगभग छह से सात वर्ष पूर्व भी इसी प्रकार की घटना हुई थी जिसमें मोहल्ले के ही आरोपी पाल पर आग लगाने का आरोप लगा था। उसने पुलिस प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार आगजनी की इस घटना से उसका लाखों रूपए का नुकसान हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो आसपास के मकानों तक आग फैल सकती थी।

## एक नजर

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**थानाभवन।** ग्राम मनट मंटी के सचिवालय में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मी लो. केश, उपासना और रविता ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि की जानकारी दी।कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें। साथ ही, समाज में अपनी भागीदारी और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की अनेक महिलाएं, किशोरियां और आशा वर्कर मौजूद रहीं। उपस्थित लोगों ने मिशन शक्ति अभियान की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते हैं।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण आसिफ पुत्र कालू निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली, वसीम पुत्र नसीम निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली है।

### दो विभिन्न मामलों में दो को अर्थदंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** वर्ष 2009 में अभियुक्त अमलेश पुत्र राजकुमार निवासी कस्बा ऊन थाना झिंझाना शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज 4.11.2025 को न्यायालय एसीजेएम कैराना से अभियुक्त उपरोक्त को 1000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। वर्ष 1992 में अभियुक्त संतर पाल पुत्र रामशरण निवासी कमला अमीनगर जनपद मेरठ के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए न्यायालय सीजेएसडीध एसीजेएम कैराना से अभियुक्त को प्रत्एक धारा में 02-02 माह के कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### एसडीएम ने किया गंगा मेले का निरीक्षण

**नांगल सोती।** नांगल सोती के गंगा तट पर लगने वाले मेले में पहुंचकर एसडीएम नजीबाबाद ने सभी तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला समिति और पुलिस प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति निर्देशित किया। भागीरथी के पावन तट पर श्रद्धालुओं को पहुंचना शुरू हो गया है। मेले घाट, दुकानें, बच्चों के झूले आदि सज चुके है। मेले में मुख्य स्नान 4/5 नवंबर की रात्रि से शुरू हो जाएगा। जिसके लिए उपजिलाधिकारी नजीबा. बाद शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गंगा स्नान मेले में पहुंचकर सभी तैयारियों का निरीक्षण किया। इस उन्होंने मेला समिति और नांगल थानाध्यक्ष को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक, वीरेंद्र शर्मा, सुशील फौजी, गार्विन चौधरी आदि मौजूद रहे।

### बी.फार्मा द्वितीय वर्ष में फरहीन प्रथम

**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा फरहीन परवीन ने 71 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम व यश शर्मा ने 70.14 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय पाकर प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आरजेपी के छात्रों ने लगाई दौड़

**बिजनौर।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम के क्रम में आज राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के छात्रों ने 2000 मी. की नुमाइश ग्राउंड में रन फॉर यूनिटी की दौड़ लगाई। दौड़ को प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किए गए महान कार्यों में भारत का एकीकरण, बारडोली सत्याग्रह, अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना और संविधान निर्माण में योगदान प्रमुख हैं।

# साइबर ठगी के शिकार को मिला न्याय, 10 हजार रुपये लौटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को थाना भवन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 10,000 रूपए वापस मिल गए। यह राशि साइबर सेल थाना भवन और साइबर सेल शामली की संयुक्त कार्यवाही से बैंक खाते में वापस कराई गई।जानकारी के अनुसार, शिवम कुमार पुत्र विक्रम सिंह निवासी मौहल्ला हाफिजदोस्त, कस्बा थाना भवन के यूनियन बैंक खाते से 10,000 रूपए की धोखाधड़ी हो गई थी। पीड़ित ने दिनांक 09 अगस्त 2025 को साइबर क्राइम पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने पर थाना भवन की साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से संपर्क किया और निकाली गई राशि को होल्ड कराकर वापस कराई। पीड़ित शिवम कुमार ने पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल थाना भवन तथा साइबर थाना शामली का आभार व्यक्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली, अपर पुलिस अधीक्षक शामली एवं क्षेत्राधिकारी थाना भवन के निर्देशन और पर्यवेक्षण में की गई।साइबर सेल टीम में जितेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी, बिजेन्द्र सिंह रावत प्रभारी निरीक्षक,प्रमोद कुमार निरीक्षक,कांस्टेबल अमरजीत सिंह,हेड कॉन्स्टेबल जोगेन्द्र सिंह शामिल रहे।थाना भवन पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी अज्ञात लिंक या कॉल पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।


# सद्गुरु देव दयानंद गिरी के स्मृति दिवस पर भंडारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** धार्मिक भक्त समाज ने आर्य समाज मंदिर परिसर में सद्गुरु देव दयानंद गिरी के स्मृति दिवस पर भंडारे का आयोजन कर गुरुदेव को नमन किया।

मंगलवार सुबह धार्मिक भक्त समाज के नेतृत्व में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य संचालक संत स्वरूपानंद गिरी ने सद्गुरु दयानंद गिरी को आदर्श, समर्थ और परब्रह्म स्वरूप गुरु बताया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने सदैव जनकल्याण के लिए कार्य किया। वे त्याग और तपस्या की मूर्ति थे, जिन्होंने सादग. ीपूर्ण जीवन जीते हुए कुटिया में रहकर समाज का भला किया।

पंडित मोहन ने विधि-विधानपूर्वक यज्ञ संपन्न कराया। रविंद्र संगल सपत्नी मुख्य यजमान रहे। संत स्वरूपानंद गिरी ने आशीर्वचन के दौरान कहा कि गुरुदेव का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। हवन के पश्चात आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने छोले-चावल और मीठे चावल का प्रसाद पंगत में बैठकर श्रद्धा और भावपूर्वक ग्रहण किया। महिलाओं ने संकीर्तन कर गुरुदेव के गुणगान किए। धार्मिक भक्त समाज और महिला मंडल समाज के संयुक्त कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार, विजय गुप्ता, नीरज संगल, डॉ। अशोक विश्वास, डॉ। मधुसूदन, प्रेमचंद वर्मा, राकेश चौहान, ललित कुमार, नीलम, ममता, संगीता, मुनेश, कुसुम, राकेश आदि का सहयोग सराहनीय रहा। भजन गायक आनंद चंचल ने मधुर भजनों के माध्यम से गुरुदेव की वंदना की।



# टेंट व्यवसाई के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** नगर के लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज के सामने स्थित टेंट व्यवसाई के घर में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग से घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। शोर शराबे के चलते आसपास निवासी लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड को भी सूचना की गई परंतु जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक आग पर नागरिकों द्वारा काबू पा लिया गया था। घटना से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला छिपीयान निवासी तिलक राम सैनी पुत्र स्व। रहतु सिंह टेंट का व्यवसाई है। तिल. कराम का टंकी रोड पर स्थित गोदाम के अलावा लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज के सामने स्थित घर में भी अधिकतर टेंट का सामान रखा रहता है। मंगलवार को घर में परिवार की महिला घर की पहली मंजिल पर थी जबकि तिलक राम सैनी के चाचा धूम सिंह सैनी व कर्मचारी रिजवान घर की निचली मंजिल पर मौजूद थे। दोपहर लगभग 1रू00 बजे मकान के निचले हिस्से में अचानक आग लग गई। तिलक राम सैनी ने बताया कि संभावित है आग शॉर्ट सर्किट से लगी है आग लगते ही घर में रखा सामान आग ने अपनी चपेट में ले लिया। वही घर के भीतर रखे गैस सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली। इसके बाद आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते घर में रखा सामान आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घर के कीमती सामान के अलावा टेंट का सामान दरे, कारपेट, कुर्सियां, चादनिया, आदि कीमती सामान के अलावा मौके पर खड़ी एक बाइक भी आग की चपेट में आ गई। आग लगी देख घर में मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। परिजनों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने समरसेबल पाइप व बाल्टी आदि से पानी डाल आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई परंतु जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक आग पर लगभग काबू पा लिया गया था। पीड़ित तिलक राम सैनी का कहना है आग में जले सामान का आकलन नहीं हुआ है। आग में लाखों का नुकसान बताया गया है।

### मानसिक रूप से बीमार युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**हल्दौर।** गांव नवादा तुल्ला में रिश्तेदार के यहां आया एक मानसिक रूप से बीमार युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर क्षेत्र के गांव अकबरपुर झोजा निवासी मनोरोगी कामेंद्र सिंह कुछ दिन पूर्व अपनी ससुराल नवादा तुल्ला निवासी दयाराम सैनी के यहां आया हुआ था। बताया जाता है कि सोमवार को वह बिना किसी को बताए अचानक कहीं चला गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, किंतु उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार को परिजन हल्दौर थाने पहुंचे और युवक की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी।

### बस गया तंबुओं का शहर, सज गई दुकानें

**नांगल सोती।** गंगा स्नान मेले में तंबुओं का शहर बस गया है। वहीं मेले में खेल खिलौने की दुकानें सज चुकी है। गंगा तट पर कार्तिक गंगा मेले का शुभारंभ हो चुका है। मेले की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। मेले में श्रद्धालुओं के तम्बू गढ़ चुके है, ऐसा लग रहा है मानो गंगा तट पर तंबुओं का शहर बस गया हो। वहीं मेले में खेल खिलौने, मिट्टी के बर्तन और चाट पकौड़ी की दुकानें सज गई है। वहीं मेले में बच्चों के लिए झूले आदि लग चुके है। इसके साथ ही मेले में श्रद्धालुओं का ट्रैक्टर ट्राली और भैंसा बुग्गी के साथ पहुंचना शुरू हो गया। मंगलवार की रात में स्नान शुरू हो चुका है, जो गुरुवार तक जारी रहेगा। मेला समिति और पुलिस प्रशासन मेले की व्यवस्था और सुरक्षा पर नजर बनाए हुए है।

### भाजपा नेता के घर में सर्प दिखने से हड़कंप

**नहटौर।** मौहल्ला झील कॉलोनी में भाजपा नेता गुनवान चौधरी के घर में फिश पॉट के पीछे सर्प दिखाई देने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर की टीम मौके पर पहुंची। सर्प मित्र ने रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि यह ढोड़िया प्रजाति का सर्प था। यह जहरीला नहीं होता है। सर्प के डसने पर झांड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। सर्प के डसने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए।

### नफीस अहमद बने सपा जिला उपाध्यक्ष

**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने ग्राम बूंदरा खुर्द निवासी नफीस अहमद को पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नफीस अहमद पूर्व प्रधान के समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके प्रशंसकों व शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है।

## छात्र कुलवीर त्यागी ने एकेटीयू जोनल फेस्ट में जीता गोल्ड मेडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के छात्रों ने आईआईएमटी मेरठ में आयोजित डा. अब्दुल कलाम इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2025-26 (जोनल स्तर) के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में कुलवीर त्यागी ने 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल व अनमोल भारती ने जेवेलिंग में सिल्वर मेडल व अनंत कार्तिक ने चेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। स्पोर्ट्स फेस्ट द्वारा छात्र कुलवीर त्यागी का स्टेट लेवल हेतु चयन हुआ है। छात्र कुलवीर त्यागी ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल व स्पोर्ट ऑफिसर डा. अभिषेक चौधरी व विवेक कुमार को दिया है।

इस अवसर पर कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव कुँवर उदयन वीरा एवं कुंवरानी रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं प्रबंध समिति सदस्य श्रीमति स्वाति वीरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार,गौरव गुप्ता ,डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।





# अवैध कॉलोनी के नाले से खोदी गई मिट्टी को शमशान घाट के नवनिर्माण में डालने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** नाले की गंदगी को खोदकर श्मशान घाट के निर्माण कार्य में प्रयोग करने को लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है। मामले को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष को शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना भवन नगर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी रामस्वरूप पुत्र कलाराम, बृजेश वाल्मीकि, पीरुदास, कुलदीप, जीत सिंह आदि ने नगर पंचायत थानाभवन अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि थानाभवन के बिजली घर के सामने बिरादरी का शमशान घाट स्थित है। जो ग्ग् में होने के कारण बरसाती पानी से भरे रहने के कारण गंदगी से पटा रहता था। जिसके चलते नागरिकों को अंतिम संस्कार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई वर्षों से इसी समस्या के चलते नागरिकों द्वारा शमशान घाट के स्थान पर अन्य स्थान पर शवो का अंतिम संस्कार कर रहे थे। मामले को लेकर समाचार पत्रों द्वारा उठाया गया तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान के बाद नगर पंचायत बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पास कर शमशान घाट के सौंदर्य करण का कार्य 28 लाख की लागत से प्रारंभ कराया गया। आरोप है कि थाना भवन के रतन सर्विस स्टेशन के सामने कॉलोनाइजर द्वारा बिना परमिशन के नाले की खुदाई की गई है। इसी नाले की गंदगी को खोद कर ठेकेदारों द्वारा शमशान घाट में भराव प्रारंभ कर दिया गया। शमशान घाट पर गंदगी से भराव होते देखा नागरिकों में रोष व्याप्त हो गया। मामले को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष को लिखित पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उधर मौके पर पहुंची अध्यक्ष राव मुशयदा ने तत्काल गंदगी हटवाकर मानकता अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उधर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि मानकता पूर्ण कार्य नहीं हुआ तो कार्य को तत्काल रुकवा दिया जाएगा।

### एसबीडी में छात्राओं की कलात्मकता चमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज के चित्रकला विभाग में एक शानदार कलात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ व्यवस्थापक रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान और बीएड विभागाध्यक्ष प्रो. विमला सिंह ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में चित्रकला विभाग की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पारूल, नैना, खुशनुमा, सुमायला, समरीन, इफ्त, मरियम, अक्शा, मानसी, नाजिया, अतूफा, अदीबा, नूर फात्मा, रूबी समेत कई छात्राओं ने हस्तकला और पेंटिंग्स में अपनी रचनात्मकता दिखाई।

छात्राओं ने बंदरवार, पॉट, वॉल हैंगिंग, मेजपोश, बैग, रूमाल आदि वस्तुएं तैयार कीं। वहीं पेंटिंग्स में प्राकृतिक दृश्य, राजघरानों की झलक और आधुनिक कला को प्रमुखता दी गई।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर एसपी ने किया बिडौली यमुना घाट का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने मंगलवार को बिडौली यमुना घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिक. ारी ढ्सीओ्ऋ कैराना श्याम सिंह, थाना प्रभारी वीरेन्द्र कसना समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने घाट पर पहुंचकर स्नान व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखा जाए तथा सुरक्षा के सभी प्रबंध दुरुस्त रहेंगे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और महिलाएं व बुजुर्ग श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के स्नान कर सकें।

निरीक्षण के पश्चात एसपी एन।पी। सिंह ने झिंझाना कस्बे में पैदल भ्रमण किया। उन्होंने डेरीवाला चौक से लेकर पीठ बाजार, मुख्य बाजार होते हुए पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई तथा बिडौली बस स्टैंड, डेरी चौक तक पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने रास्ते में दुकानदारों से रुककर बातचीत की और उनके हालचाल व कारोबार की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

दुकानदारों में विपिन रुहेला, उस्मान खान आदि ने एसपी का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एसपी का यह जमीनी स्तर पर निरीक्षण और जनसंपर्क क्षेत्र की जनता में विश्वास पैदा करने वाला कदम है।

एसपी एन।पी। सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और आगामी पर्व शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करेंगे।

# गंगा उत्सव पर जागरूकता एवं विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित

**थानाभवन।** गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर में गंगा उत्सव कार्यक्रम एवं विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा और अध्यक्ष मुशयदा के नेतृत्व में तथा जिला गंगा समिति शामली के निर्देशों के अनुपालन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के तहत नगर के वार्ड संख्या 16 में स्थित सनातन धर्म पब्लिक हाई स्कूल के अध्यापक, छात्र-छात्राओं एवं नगर पंचायत थानाभवन द्वारा एक प्रभात फेरी निक. ाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक-मुक्त वातावरण के लिए जागरूक किया गया।इसके बाद विद्यालय परिवार, स्थानीय जनमानस और नगर पंचायत के सफाई मित्रों द्वारा कृष्णा नदी के किनारे श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी तट की सफाई की गई और सभी प्रतिभागियों ने गंगा उत्सव के अवसर पर नदियों को स्वच्छ रखने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलिथिन के पूर्ण बहिष्कार की शपथ ली।

कार्यक्रम में विद्यालय से प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार, अध्यापक अनमोल तायल, मनीष मित्तल आदि मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता प्रभारी मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, स्वच्छता ट्रेनिंग पार्टनर हिमांशु, सागर, रवि सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



# कहासुनी को लेकर युवक को मारी गोली, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव केंदुकी में मामूली सी कहासुनी के बाद युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घटना से गांव में सनसनी फेल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए हत्या के प्रयास के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव केंदुकी में गांव के ही शोएब मलिक पुत्र निसार के ऊपर कुछ युवकों ने तमंचे से फायर किया था। जांघ में गोली लगने के कारण शोएब घायल हो गया था। जिससे गांव में सनसनी फेल गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायल युवक को देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया जहां से देर रात ही उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल के भाई साहिल की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शोएब और विनीत दोनों दोस्त हैं। बीती रात मामूली सी कहासुनी को लेकर विनीत ने शोएब पर 12 बोर के तमंचे से फायर कर दिया था। शोएब की जांघ में गोली लगी है और उसका मेरठ में उपचार चल रहा है। पुलिस की टीम ने मंगलवार को अभियुक्त विनीत पुत्र रामेश्वर को गांव गोपाली के जंगल से गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक पर सवार होकर विवाह समारोह से वापस घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

गांव लबकरी निवासी शादान पुत्र अब्दुल सत्तार अपने चचेरे भाई रिहान पुत्र गुलबहार को साथ लेकर बाइक द्वारा रामपुर मनिहारान के गांव सिरसली में अपनी बुआ की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए गया था।

सोमवार की देर शाम वापस लौटने के दौरान जैसे ही वह गांव भायला के निकट पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुलिया से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को देते हुए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने शादान को गंभीर अवस्था के चलते मुजफ्फरनगर रेफर कर जहां पर उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिय। दुर्घटना में हुई युवक की मौत से परि. जनों में कोहराम मच गया। स्वजनों ने पुलिस से किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कही जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार की सुबह शादान को नम आंखों के साथ सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जबकि दुर्घटना में घायल हुए रिहान की हालत स्थिर बनी हुई है



## प्रबंधक निदेशक विद्युत ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रवीश गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक महोदय, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., विक्टोरिया पार्क, मेरठ के द्वारा विद्युत वितरण मंडल, शामली कार्यालय, विद्युत वितरण खण्ड-शामली तथा 33/11 केवी. विद्युत उपकेन्द्र-खेडी करमू टाउन का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिक से अधिक राजस्व वसूली करना, उपभोक्ताओ की शिकायतो को त्वरित निस्तारण करना, खराब बिलो को ठीक करना, खराब मीटरो को बदलना, उपभोक्ता टर्नअप बढाकर राजस्व वसूली में तेजी लाने आदि के निर्देश दिए गए। जनपद के सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओ से अपील है कि वह विद्युत चोरी जैसे जघन्य अपराध से बचे व अपना बकाया विद्युत बिल समय से जमा कर विद्युत विच्छेदन जैसी कार्यवाही से बचे।

# हत्या करने वाले जीजा-साले ने किया सरेंडर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एक पखवाड़े पूर्व गांव दूधली के पास नाले में मृत अवस्था में पड़े मिले 22 वर्षीय अभिषेक की हत्या अवैध संबंधों के कारण हुई थी। युवक की हत्या करने वाले जीजा-साले हैं। दोनों ने मंगलवार को देवबंद थाने में सरेंडर करते हुए अपना अपराध स्वीकार किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर दूधली के निकट खाले में बीती 21 अक्टूबर को एक युवक का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान अभिषेक पुत्र नरेश निवासी सिंधावली थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतक के पिता नरेश पुत्र सोहनवीर ने देवबंद थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि मुकदमें की विवेचना करने पर पिंकेश उर्फ काला पुत्र फूल सिंह निवासी गांव मीरगपुर और सत्यम पुत्र आजाद निवासी गांव शेरनगर थाना नई मंडी जिला सहारनपुर का नाम सामने आया। पिंकेश और सत्यम जीजा साले हैं। बताया कि मंगलवार को दोनों ने देवबंद कोतवाली पहुंचकर सरेंडर किया है। पूछताछ में बताया कि वह दोनों सिंधावली मुजफ्फरनगर में राजू होटल के पास पंक्चर लगाने की दुकान करते हैं। पिंकेश की पत्नी के मृतक अभिषेक से अवैध संबंध हो गए थे और दोनों भागने की फिराक में थे। इसी के चलते उन्होंने अभिषेक की हत्या की योजना बनाई और 21 अक्टूबर को अपनी टायर पंक्चर की दुकान पर अभिषेक को जमकर शराब पिलाई और भांग का नशा कराया। इसके बाद उसे बाइक पर बीच में बैठाकर देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर-दुधली के बीच मौजूद खाले (नाले) के पास लाए और पानी में फैंक दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के हत्या करना स्वीकार करने के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड का सोपान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सरकड़ा में स्काउट और गाइड द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन किया गया।

स्काउट गाइड ट्रेनर श्रीमती रितु रानी ने छात्राओं को द्वितीय सोपान के अंतर्गत प्रथम दिन में टोली वितरण कर ध्वज शिष्टाचार, बीपी 6, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, गांठे बताई और शिविर के द्वितीय दिवस में विभिन्न प्रकार के गैजेट्स, अनुमान लगाना, आग जलाना, प्राथमिक चिकित्सा, नक्शा, टोली में रहकर कार्य करना आदि सिखाया। शिविर में विद्यालय की गाइड प्रभारी श्रीमती सरला ने गाइड की उपयोगिता के विषय में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नेहा वर्मा ने स्काउट गाइड में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को अपने जीवन में स्काउट गाइड के महत्व को बताया।

## गुरु नानक देव जयंती हर्ष से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रांगण में 'गुरू नानक देव जयन्ती' का कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने गुरू नानक देव के चित्र के सम्मुख सामूहिक पुष्पार्चन किया। सुखदेव ने बताया कि गुरू नानक देव सिक्खों के प्रथम गुरू है। इनका जन्म कार्तिक पूर्णिमा को गुरूद्वारा ननकाना साहिब पंजाब पाकिस्तान में हुआ तथा इनकी समाधि गुरूद्वारा दरबार साहिब, करतारपुर, पाकिस्तान में स्थित है। वे महान दार्शनिक, धर्म सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त होने के साथ-साथ विश्व बंधुत्व के सभी गुण समेटे हुए हैं। उन्होंने परमात्मा की उपा. सना एक अलग मार्ग मानवता को दिया। उन्होंने तत्कालीन राजनैतिक, धार्मिक और सामाजिक विषयों पर भी जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा पुंज है। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक सोम, सोमदत्त आर्य, कुलदीप कुमार, परितोष कुमार, संजू कुमार, सागर आदि मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्थाओं में श्रद्धा व उल्लास से मनी गुरुनानक महाराज की जयंती





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में मंगलवार को श्री गुरुनानक देव महाराज की जयंती श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान शबद कीर्तन और गुरु वंदना हुई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर गुरुनानक महाराज के जीवन और उनके उपदेशों का संदेश दिया।

मेपल्स एकेडमी में बच्चों ने प्रभातफेरी निकालने के बाद गुरु वंदना, शबद कीर्तन और नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि गुरुनानक देव ने मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

वहीं, दून वैली स्कूल में प्रात:काल विशेष प्रार्थना सभा एवं शबद-कीर्तन हुआ। गुरु नानक देव के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया गया। इस दौरान गुरु नानक देव जी की वाणी 'एक ओंकार सतनाम' के साथ पूरे वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रार्थना सभा में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उपदेशों पर आधारित सुंदर भजन व कविताएं प्रस्तुत कीं। इस मौके पर इंद्रजीत, प्रधानाचार्या सीमा शर्मा, उप प्रधानाचार्या तनुज कपिल, हरदीप सिंह, क्वालिटी हेड नरेंद्र देव शर्मा, अर्चना शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नहर किनारे बुजुर्ग का शव

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव कूकड़ा इस्लामपुर नहर के किनारे मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव सराय निवासी 75 वर्षीय मोटे के रूप में हुई है।

सुबह ग्रामीणों ने नहर किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर वह मृत मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। पुलिस के अनुसार मृतक मोटे भिक्षुक था और आसपास के क्षेत्र में ही घूमकर रहता था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## हादसे में महिला होमगार्ड घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मंगलवार को डीएम कैंप कार्यालय पर तैनात एक होमगार्ड महिला कर्मचारी शहर के नहर पटरी पर सडक दुर्घटना में घायल हो गई। घायल को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको गंभीर चोटे आई है। क्षेत्र के गांव बुच्चाखेडी निवासी रूबी चौहान शामली में होमगार्ड के पद पर तैनात है, जिसकी डयूटी डीएम कैंप कार्यालय पर लगी है। बताया जाता है कि मंगलवार सवेरे वह अपनी स्कूटी से सवार होकर डीएम कैंप कार्यालय पर डयूटी देने के लिए जा रही थी। जब वह बधेव नहर पटरी के निकट पहुंची तो इसी दौरान एक वाहन को बचाने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड गया और वह नहर पटरी से नीचे गहराई में जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको गंभीर चोटे आना सामने आया है। चिकित्सकों ने उपचार देने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया है।

# डीएपी के लिए किसानों की लंबी कतारें, ऊदपुर समिति पर नहीं मिली खाद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र की तीनों सहक. ारी समितियों में इस बार डीएपी खाद को लेकर किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। सोमवार को 18 दिन बाद चौसाना और दथेडा समितियों पर 500-500 बैग डीएपी पहुंचे, जबकि ऊदपुर समिति पर एक भी बैग नहीं पहुंचा। मंगलवार को सुबह नौ बजे से किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लगीं और दोपहर ढाई बजे तक सारा स्टॉक खत्म हो गया। किसानों का कहना है कि गेहूं की बुआई का समय निकलता जा रहा है और खाद की अनुपलब्धता से खेत सूने पड़े हैं।

चौसाना क्षेत्र की ऊदपुर समिति के अंतर्गत आने वाले गांव ऊदपुर, कमालपुर, बिडौली, मंगलोरा, कालामाजरा और सकौती के किसानों को अब तक खाद नहीं मिल सकी। ऊदपुर के किसानों मैनपाल, कुलद. ीप, अमरपाल और विकास चौधरी ने बताया कि समितियों पर डीएपी नहीं है, जबकि प्राइवेट दुकानों पर खाद उपलब्ध है, लेकिन वे दवाई के साथ जबरन बेच रहे हैं।

किसानों का कहना है कि दुक. ानदारों ने गोदामों में हजारों बैग डीएपी जमा कर रखे हैं और प्रशासन पूरी तरह खामोश है। वहीं चौसाना सहक. ारी समिति के इंचार्ज विपिन सैनी ने बताया कि सोमवार को 500 बैग डीएपी पहुंचे थे जिन्हें किसानों ने पांच घंटे में उठा लिया। जल्द ही दूसरी खेप आने की उम्मीद है। किसानों ने प्रशासन से ऊदपुर समिति पर तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### प्राइवेट दुकानदारों के गोदामों में डीएपी का स्टॉक, प्रशासन मौन

क्षेत्र में कई प्राइवेट खाद विक्रेताओं ने अपने गोदामों में हजारों डीएपी बैग जमा कर रखे हैं। किसानों का कहना है कि समितियों पर खाद न होने के बावजूद ए दुकानदार मनमाने दामों पर डीएपी बेच रहे हैं और साथ में बेकार दवाइयां खरीदने की शर्त लगा रहे हैं। अरविंद कुमार, विपिन कुमार, सुंदर, अमित, आदि किसानों ने जिला प्रशासन से इन दुकानदारों पर छापेमारी कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# श्रद्धा व भक्ति का अद्भुत संगम की बयार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सती मंदिर गौशाला रोड स्थित श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के नवम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ओम बाबा श्याम परिवार एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस महोत्सव में आज विभिन्न देवी, देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा जगतगुरु शंकराचार्य राजराजेश्वर महाराज ने विधिवत संपन्न कराई।

जगतगुरु महाराज ने इस अवसर पर कहा कि जहां भगवान विराजते हैं, वहां क्षेत्र का कल्याण होता है। आप सभी ने इतना सुंदर मंदिर बनाकर महान पुण्य कार्य किया है। भगवान श्याम बाबा और बालाजी आपकी सभी मनोकामनाऐं पूर्ण करें। आचार्य मुकेश भारद्वाज एवं काशी से पधारे विद्वान ब्राह्मणों ने वेद.मंत्रों के साथ पूर्ण विधि से पूजन एवं महायज्ञ सम्पन्न कराया। सभी यजमानों ने हवन में आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्याम के जयघोष से गूंज उठा। महोत्सव में पहुंचे मुख्य अतिथियों में पूर्व मंत्री सुरेश राणा, समाजसेवी हरवीर मलिक, विजय कौशिक, व्यापारी नेता घनश्याम दास गर्ग, हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी, पूर्व विधायक राजेश्वर कुमार बंसल, पुनीत द्विवेदी, विजय गर्ग, अंकित गोयल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में नितिन जिंदल, अखिल तायल, महेंद्र कुमार गर्ग, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सुनील गोयल, सुखमाल चंद्र गुप्ता, उमा शंकर जिंदल, मोहित बंसल, डॉ। मनोज शर्मा, मनीष तायल, सचिन तायल, नीरज गोयल, सचिन गोयल, प्रियक गोयल आदि मौजूद रहे। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया।



**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMED ANAS से बदलकर MOHAMMAD ANAS रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHAMMAD ANAS नाम से ही जाना जाये

MOHAMMAD ANAS S/O FAKHRUL ISLAM R/O 201/2AZMI APARTMENT GULISTAN E KHALID NEAR DARUL ULOOM WAQF DEOBAND SAHARANPUR, U.P.

**सूचना**

मेरे बेटे MOHAMMAD MUAVIA के पासपोर्ट में गलती से मेरा नाम MOHAMMAD NASEEH लिखा गया जबकि मेरा सही नाम MOHAMMAD MASEEH है और इसी नाम से में जाना पहचाना जाता हूँ।

MOHAMMAD MASEEH S/o HAJI MOHAMMAD RAFI PURADULHAN, P.O. MUBARAKPUR, AZAMGARH, U.P.

**सूचना**

मैंने अपना नाम JAIANAB KHATUN से बदलकर ZAINAB KHATOON रख लिया है अब भविष्य में मुझे ZAINAB KHATOON नाम से ही जाना जाये

ZAINAB KHATOON W/O FAKHRUL ISLAM R/O 201/2AZMI APARTMENT GULISTAN E KHALID NEAR DARUL ULOOM WAQF DEOBAND SAHARANPUR, U.P.

**जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मन्दिर इण्टर कालेज कोटा, सहारनपुर**

पत्रांक: प्रबन्ध समिति चुनाव/2025-26/ — **चुनाव सूचना** — दिनांक 03.11.2025

| क्र०सं० | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची का प्रकाशन एवं सूचना पट पर चस्पा करना | 14-11-2025 | 10:00 बजे प्रात: से 11:00 बजे प्रात: |
| 2 | मतदाता सूची पर आपत्तियां एवं निवारण | 14-11-2025 | 12:00 बजे दोपहर से 2:00 बजे सांय |
| 3 | आपत्तियों के निवारण के पश्चात मतदाता सूची का प्रकाशन | 14-11-2025 | 3:00 बजे सांय से 4:00 बजे सांय |
| 4 | नामांकन पत्र भरने की तिथि, समय एवं प्रकाशन | 15-11-2025 | 12:00 बजे दोपहर से 2:00 बजे सांय |
| 5 | नामांकन पत्रों पर आपत्ति | 15-11-2025 | 2:30 बजे सांय से 3:30 बजे सांय |
| 6 | आपत्तिया तथा नामांकन पत्रों की जांच एवं स्वीकृती | 15-11-2025 | 3:30 बजे सांय से 4:30 बजे सांय |
| 7 | सही पाये गये नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | 16-11-2025 | 10:00 बजे प्रात: से 12:00 बजे दोपहर |
| 8 | नामांकन वापसी | 16-11-2025 | 12:00 बजे दोपहर से 1:00 बजे सांय |
| 9 | नाम वापसी के पश्चात सूची का प्रकाशन | 17-11-2025 | 12:00 बजे दोपहर से 1:00 बजे सांय |
| 10 | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 18-11-2025 | 3:00 बजे सांय से 4:00 बजे सांय |
| 11 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | 23-11-2025 | 10:00 बजे प्रात: से 2:00 बजे सांय |
| 12 | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 23-11-2025 | 2:00 बजे सांय से 5:00 बजे सांय तक |

1-समस्त कार्यवाही विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी। 2- मतदाता को मतदान हेतु वोटर आई डी या आधार कार्ड या कोई अन्य फोटो युक्त पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा। 3- चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होगा तथा विद्यालय की प्रशासन योजना में निहित प्रावधानों के अनुसार कराया जायेगा। 4-प्रत्याशियों, प्रस्तावको एवं अनुमोदको का नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करने होगें।

चुनाव अधिकारी धर्मपाल सिंह सेवा निवृत प्रधानाचार्य
इण्टर कालेज मतरवा ईसापुर (सहारनपुर)

# चिकन की दुकानों पर छापेमारी, सफाई न मिलने पर जताई नाराजगी



**देवबन्द।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मंगलवार को टीम के साथ चिकन की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान साफ सफाई नहीं मिलने पर टीम ने नाराजगी जताई और दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम भायला रोड पर मुर्गे का मीट बेचने वाली दो दुकानों पर पहुंची और औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अनियमितता मिली। महेश कुमार ने बताया कि न तो दुकानों पर सफाई थी और न ही मीट को ढक कर रखा गया था। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की छापेमारी के चलते मीट कारोबारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। कई विक्रेता अपनी दुकानों के शटर गिराकर इधर-उधर हो लिए। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आन्या श्रब्सोल बनीं आरसीबी महिला टीम की गेंदबाजी कोच

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी की महिला टीम ने इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज आन्या श्रब्सोल को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। यह बदलाव उनके सपोर्ट स्टाफ में किए गए फेरबदल का हिस्सा है। श्रब्सोल मलोलन रंगराजन के साथ काम करेंगी, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं और आने वाले सीजन में मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि ल्यूक विलियम्स, जिन्हें 2024 सीजन से पहले हेड कोच बनाया गया था, बीबीएल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण डब्ल्यूपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### नारायणन दिप्तायन, अरोन्याक दूसरे दौर में पहुंचे

**पणजी, वार्ता।** भारत के जीएम नारायणन एसएल और जीएम दिप्तायन घोष ने शानदार तरीके से अपने दोनों रैपिड गेम जीतकर फिडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि अरोन्याक घोष ने सोमवार को यहां राउंड 1 टाईब्रेक के दूसरे चरण में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका साथ दिया। पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने पेरू के आईएम स्टीवन रोजास को 52 चालों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया और फिर सफेद मोहरों से खेलते हुए केवल 22 चालों में जीत हासिल की। बगल के बोर्ड पर, दिप्तायन घोष ने चीन के ग्रैंडमास्टर पेंग ज़ियोनजियान के खिलाफ पहले गेम में 70 चालों में जीत हासिल की। यह जीत उनके दो मोहरों की बदौलत मिली।

# लॉरा बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज



● **मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर-1 बल्लेबाज बनीं रही, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपनी फॉर्म में नहीं थी**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वुलफार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफार्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जेमिमा रॉड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के बाद वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 10 पर पहुंचीं। वहीं सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए 119 रन बनाने वाली फीबी लिचफील्ड 13 स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंची हैं। दक्षिण अफ्रीका की मरीजान काप इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 5 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह इंग्लैंड की सोफी एक्लस्टोन से ही पीछे हैं। अनाब.ेल सदरलैंड (छठे) और किम गार्थ (सातवें) भी एक-एक स्थान ऊपर बढ़ीं, जबकि उनकी टीममेट अलाना किंग अब काप के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और नॉकआउट चरण में सात विकेट लेने के साथ-साथ 82 रन भी बनाए। इससे वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 4वें स्थान पर पहुंच गईं।

## टॉम मूडी एलएसजी के डायरेक्टर नियुक्त किए गए



**लखनऊ, वार्ता।** आरपीएसजी ग्रुप ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टॉम मूडी को ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। इस नई भूमिका में टॉम मूडी, आरपीएसजी ग्रुप की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों के संच.ालन, रणनीति और दीर्घकालिक क्रिकेट विकास कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। टॉम मूडी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत का लोकप्रिय चेहरा रहा है। आरपीएसजी ग्रुप की प्रमुख क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों में लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल), डरबन सुपर जायंट्स (एसए20) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (द हंड्रेड) शामिल हैं। आगामी आईपीएल सत्र में टॉम मूडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच एवं अपने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी जस्टिन लैंगर और हाल ही में रणनीतिक सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए केन विलियमसन के साथ मिलकर टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मूडी ने अपनी नियुक्ति पर कहा आरपीएसजी ग्रुप के लिए ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका स्वीकार करना मेरे लिए एक विशेष सम्मान है। ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका से सकारात्मक बातचीत से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक रोमांचक अवसर है।

# आईसीसी महिला विश्व कप टीम में भारत की तिकड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हाल ही में संपन्न हुए टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद, तीन भारतीय सितारों-स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा - को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

मंधाना, जेमिमा और दीप्ति विजयी भारतीय टीम का हिस्सा थीं। दीप्ति टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर उभरीं। उन्होंने फाइनल में 39 रन देकर पांच विकेट सहित कुल 22 विकेट लिए। मंधाना और जेमिमा ने बल्ले से प्रभावित करते हुए क्रमशः 434 और मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाए। मंधाना ने लीग चरण में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। 12 सदस्यीय टीम की कप्तान दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वुलफार्ट हैं और इसमें उनकी साथी मारिज़ैन कैप और नादिन डी क्लार्क भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग कर रही हैं, जबकि इंग्लैंड की नैट शिवर-ब्रंट और सोफी एक्लेस्टोन, पाकिस्तान की सिदरा नवाज के साथ मिलकर टीम को पूरा करती हैं। चयन पैनल में कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोन्स और ईसा गुहा, आईसीसी महाप्रबंधक गौरव सक्सेना और पत्रकार एस्टेले वासुदेवन शामिल थे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की अंतिम टूर्नामेंट की टीम है।

### अर्पित- सनत के शतक लेकिन पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्पित राणा (नाबाद 170) सनत सांग.वान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया। हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पघ। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बघ्त हासिल की थी।

# भव्य रोशनी में मनाया टीम ने जीत का जश्न

● **भारतीय महिला टीम के विशेष रूप से डिजाइन की पृष्ठभूमि में शानदार नजारा पेश किया**

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक शानदार सजावटी प्रदर्शनी के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गौरवपूर्ण जश्न मनाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में जीवंत रोशनी और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पृष्ठभूमि ने एक शानदार नज़ारा पेश किया, जिसने शहर भर के क्रिकेट प्रशंसकों की प्रशंसा बटोरी। स्टेडियम के सामने के हिस्से को विजयी भारतीय टीम के आकर्षक दृश्यों से सजाया गया था, जो गर्व और उपलब्धि की भावना को दर्शाने के लिए चमकदार नीली रोशनी से नहाए हुए थे। यह सजावट महिला टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन के प्रति सम्मान था, जिसने देश को अपार गौरव दिलाया और लाखों महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सीएबी के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि बंगाल में क्रिकेट के घर के रूप में, हम उनकी सफलता का जश्न मनाना चाहते थे और इस विशेष सम्मान के माध्यम से अपनी हार्दिक बधाई व्यक्त करना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि बीस साल पहले, जब महिला क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी के कारण संघर्ष कर रहा था, तब बहुत से लोग इसके भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं थे। उन सभी महिलाओं को बधाई जिन्होंने खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत की। गांगुली ने कहा कि जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष बना, तो मुझे महिला क्रिकेट के उत्थान के लिए काम करने में बहुत खुशी हुई और मैंने इसकी नींव मजबूत करने की पूरी को.शिश की। 50 ओवर का विश्व कप जीतना तो बस शुरुआत है - महिला क्रिकेट यहां से और भी आगे बढ़ेगा। बंगाल क्रिकेट संघ हमेशा से पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

### ऋत्विक संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया कि ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बीबीएल से बाहर हुए अश्विन



● **घुटने की सर्जरी की वजह से अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** घुटने की सर्जरी की वजह से आर अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह मौका गंवाने से वह बहुत निराश हैं, क्योंकि इससे वह बीबीएल में खेलने वाले भारत के पहले कैप्ड खिलाड़ी बन जाते। वहीं थंडर ने कहा कि वे अश्विन के साथ मिलकर एक नई योजना पर काम कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद अश्विन के लिए विदेशी लीग में खेलने का रास्ता खुला था। उन्होंने थंडर के साथ पूरे बीबीएल सीजन के लिए करार किया था। अश्विन ने थंडर के बयान में कहा, ष्मुझे बीबीएल 15 मिस करने का बहुत अफसोस है। अब मेरा पूरा ध्यान रिकवरी पर है। मैं थंडर परिवार और फैंस का शुक्रगुज़ार हूं, जिन्होंने पहले ही बहुत अपनापन दिखाया है। ट्रेंट (कोपलैंड, थंडर जनरल मैनेजर) और पूरी मैनेजमेंट टीम ने पहले ही बातचीत से मुझे क्लब का हिस्सा महसूस कराया। अगर रिहैब और यात्रा की योजना अनुमति दें, तो मैं सीजन के बाद के हिस्से में टीम के साथ रहना और फैंस से मिलना चाहूंगा। थंडर टीमों को शानदार साल की शुभकामनाएं। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि सिडनी थंडर के सभी लोग अश्विन की घुटने की चोट की खबर से बहुत दुखी हुए, जिसने उन्हें बीबीएल 15 से बाहर कर दिया। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जब हमने पहली बार अश्विन से बात की, तभी उनके थंडर के प्रति समर्पण का अंदाज़ा लग गया था। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें बीबीएल 15 के कुछ हिस्से के दौरान अपने डगआउट में स्वागत कर सकेंगे, फैंस से मिलवाएंगे।

# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जितेश शर्मा होंगे भारत 'ए' के कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** जतेश शर्मा को आने वाले एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) राइजिग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसे पहले इमर्जिंग टूर्नामेंट भी कहा जाता था। यह टूर्नामेंट दोहा में 14 से 23 नवम्बर तक खेला जाएगा। नमन धीर को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टी-20 टूर्नामेंट की टीम काफी मबूत दिख रही है और इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रमनदीप सिंह, अभिषेक पोरल, सुयश शर्मा, आशुतोष शर्मा, नेहाल वढेरा, प्रियांश आर्या और वैभव सूर्यवंशी के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर्ष दुबे, सुर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजयकुमार वैशाख और युधवीर सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। पाकिस्तान ए और ओमान इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुक़ाबला खेलेंगे, जबकि भारत ए बनाम पाकिस्तान ए मुक़ाबला 16 नवम्बर को होगा। टीमें दो ग्रुप में बंटी हैं: ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बंगलादेश, हांगकांग और श्रीलंका, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं। यह सितम्बर में हुए सीनियर एशिया कप के बाद पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमें आमने-सामने होंगी, हालांकि सीनियर महिला टीमें इसी महीने की शुरुआत में वनडे विश्व कप में भिड़ीं थीं। जब पुरुष टीमों ने एशिया कप खेला था, तब दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच ना तो हैंडशेक हुए थे और ना ही कोई औपचारिक अभिवादन। टूर्नामेंट भारत की जीत के साथ खत्म हुआ, लेकिन टीम ट्रॉफी लिए बिना दुबई छोड़ गई।

# मोहम्मद अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त



**ढाका, वार्ता।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं।

2014 में बीपीएल में मैच फिक्सिग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवम्बर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा कि अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

# रिबाकिना ने स्वियाटेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**रियाद, वार्ता।** कज़ाकिस्तान की छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने रियाद में महिला टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स के ग्रुप चरण में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर शानदार वापसी की। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरी जीत हासिल की और एक मैच बाकी रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

स्वियाटेक ने इस सीजन में अपनी प्रतिद्वंद्विता पर दबदबा बनाए रखा था और पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की थी। रिबाकिना की सर्विस जल्दी तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस सिलसिले को आगे भी जारी रखेंगी। हालांकि, दूसरे सेट में गति बदल गई क्योंकि रिबाकिना ने अपना स्तर बढ़ाया, अपनी सर्विस और बेसलाइन आक्रामकता दोनों में सुधार किया, जबकि स्वियाटेक का फॉर्म गिर गया, जिससे अनफोर्स्ड एरर बढ़ गए। कज़ाकिस्तान की खिलाड़ी ने दो बार सर्विस तोड़कर सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक सेट में, रिबाकिना ने पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया और लगातार छह गेम जीतकर अंतिम सेट 6-0 से जीत लिया और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ अपनी हार का सिल.सिला तोड़ दिया। रिबाकिना ने बाद में कहा कि मुझे लगता है कि उसने मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की और मैं थोड़ी धीमी थी, इसलिए उसने मेरी सर्विस तोड़ दी।

# सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में खेलेगी शेफाली



**मुंबई, वार्ता।** नागालैंड सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी 4 से 14 नवम्बर तक करने के लिए तैयार है।यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण होगा, जिसकी शुरुआत साल 2022 में हुई थी। यह प्रतियोगिता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित की जाती है। 2025 सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में छह क्षेत्रीय क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन का नाम शामिल है। भारत की वर्ल्ड कप विजेता शेफाली वर्मा को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि इस साल की शुरुआत में भारत को अंडर-19 टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाली निकी प्रसाद साउथ जोन टीम की कप्तानी करेंगी। इस टूर्नामेंट में कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें साइमा ठाकोर, अमनदीप कौर और आशा शोभना शामिल हैं। सीनियर महिला इंटर जोनल टी 20 ट्रॉफी 2025 की टीमें ईस्ट जोन: मीता पॉल (कप्तान), अश्विनी कुमारी (उप-कप्तान), प्रियंका लूथरा, धारा गुज्जर, तनुश्री सरकार, रश्मी गुढ़िया (विकेटकीपर), जिन्तिमणि कलिता, रश्मी डे, तन्मयी बेहरा, सुश्री दिव्यदर्शनी, तितास साहू, साइका इशाक, आरती कुमारी, ममता पासवान, प्रियंका अचार्जी। नॉर्थ ईस्ट जोन: देबस्मिता दत्ता (कप्तान), नबाम यापु (उप-कप्तान), किरणबाला हाओरुंगबाम, लालरिनफेली पौतु, रितिसिया नोंगबेट, नजमीन खातून (विकेटकीपर), समयिता प्रधान, प्रियंका कुर्मी, विपेनी, नंदिका कुमारी, नबाम अभि, प्रणिता छेत्री, सोलिना जाबा, प्रिमुला छेत्री, रंजीता कोइजाम। नॉर्थ जोन: शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), दीया यादव, आयुषी सोनी, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), एसएम सिंह, भारती रावल, बावनदीप कौर, मन्नत कश्यप, अमनदीप कौर, कोमलप्रीत कौर, अनन्या शर्मा, सोनी यादव, नाजमा, नंदिनी। वेस्ट जोन: अनुजा पाटिल (कप्तान), सयाली सतघरे (उप-कप्तान), पूनम खेमनार, धरणी थप्पेटला, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, हुमैरा काजी, इरा जाधव, किरण नवगिरे, अमृता जोसेफ, केशा पटेल, अर्शिया धारीवाल, उमेश्वरी जेठवा (विकेटकीपर), सिमरन पटेल, इशिता खले। साउथ जोन: निकी प्रसाद (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना (उप-कप्तान), कमलिनी जी (विकेटकीपर), वृंदा दिनेश, युवश्री के, आशा शोभना, चल्लुरु प्रथ्युषा, प्रणवी आदि।

### कंधे में खिचाव, ब्रेविस पाक के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**फैसलाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस 1 नवम्बर को लाहौर में तीसरे टी-20 मैच के दौरान कंधे की मांसपेशियों में हल्के खिचाव के कारण आज से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 22 वर्षीय ब्रेविस इस महीने के अंत में होने वाले दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे से पहले पुनर्वास के लिए पाकिस्तान में टीम के साथ रहेंगे, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक ब्रेविस के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति पहले से ही कमज़ोर वनडे टीम को और कमज़ोर कर देती है, क्योंकि वरिष्ठ खिलाड़ी एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा को आराम दिया गया है, और तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और एनरिक नॉर्टजे चोटों के कारण बाहर हैं।

# संवासनियों को दिलाया जाए प्रशिक्षण: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि संवासनियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाए। साथ ही पीएम स्पॉन्सरशिप योजना का प्रचार-प्रसार भी किया जाए।



जिलाधिकारी श्री बंसल कैम्प कार्यालय में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह की रोकथाम जिला टास्क फोर्स, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला टास्क फोर्स एवं बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी श्री बंसल स्वैच्छिक संगठन, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन फतेहपुर में निवासरत संवासनियों के बारे में जानकारी लेते हुए संवासनियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था करवाए जाने के निर्देश दिए। संवासनियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पीएम स्पॉन्सरशिप योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा। कन्या सुमंगला योजना का सत्यापन गंभीरता से करवाया जाए तथा लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना व मिशन शक्ति फेज 5.0 के आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों को कराने हेतु चर्चा की। साथ ही जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा योजनाओं से संबंधित ग्राम व ब्लॉक स्तर पर न किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय, जेजेबी बोर्ड के सदस्यगण, जिला बाल कल्याण समिति के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अम्बाला रोड पर बुधवार को तीन घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

**सहारनपुर।** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड प्रथम के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने जानकारी दी है कि 33/11 के.वी. उपकेंद्र अम्बाल रोड 11 के.वी. उपकेंद्र पर 11 के.वी. वीसीबी बदलने का कार्य कल (आज) किया जाएगा।

कार्य के चलते प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ढोलीखाल, थाना मण्डी, रायवाला,दाऊद सराय,जाटव नगर, पुरानी मण्डी, गुरुद्वारा रोड, पटेलनगर एवं ईदगाह रोड फीडरों से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने कहा कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस अवधि में सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# घर-घर जाकर बीएलओ ने शुरू किया सत्यापन का कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम मनीष बंसल ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण सत्यापन का कार्य करेंगे।

श्री बंसल ने बताया कि गणना अवधि आज से शुरू होकर 4 दिसंबर तक है। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 9 दिसंबर को होगा जबकि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक रहेगी। इसके बाद नोटिस चरण में नोटिस जारी करना, सुनवाई और सत्यापन के साथ, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन सात फरवरी 2026 को होगा।

# नेट पैटर्न पर मॉक परीक्षा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले के समस्त परिषद विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों का नेट पटर्न पर मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया।



परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 तक नामांकित कुल 113665 बच्चों के सापेक्ष, बच्चों 102298 अर्थात 90 प्रतिशत छात्रों ने प्रतिभाग किया। पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य हेतु विद्यालय में तैनात अध्यापकों को अन्य विद्यालय में कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात कर विद्यालय में परीक्षा कराई गई। उत्तर पुस्तिकाओं को सील बंद लिफाफा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्रित कराया गया, परीक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु सचल दल/ पर्यवेक्षक लगाये गए। साथ ही एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एवं स्टेट रिसोर्स पर्सन को भी विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु पर्यवेक्षक के रूप में लगाए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में 6 नवंबर को जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 के बच्चों का नेट मॉक आकलन कराया जाएगा। तत्पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही शिक्षकों को बुलाकर अन्य विद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अध्यापकों द्वारा करवाया जाएगा। प्राप्त दक्षताओं के सापेक्ष वच्चों को विभिन्न ग्रेड मे वर्गीकृत किया जाएगा।

## शातिर नशा तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 250 ग्राम अवैध चरस बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

आज थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक धीरसिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो शातिर नशा तस्करों मोहीन पुत्र गुलफाम निवासी बुड्ढीमाई चौक सराय गरीब थाना कुतुबशेर व अम्मार पुत्र साजिद निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर को मालगोदाम रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 125-125 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों का एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# एफबीडी के शिविर में 101 लोगों का रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और गर्मी के मौसम में जनपद में रक्त की आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 101 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।




नानौता स्थित चानन दास पंजाबी धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर का मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर शुभारम्भ किया। ट्रस्ट के संरक्षक अश्विनी कुमार मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 221 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिनमें से लगभग 120 व्यक्ति स्वास्थ्य जांच में अयोग्य पाए गए तथा रक्तदान करने से वंचित रहे। केवल 101 रक्तदाता ही रक्तदान कर पाए। इस दौरान लोगों का लोगों का उत्साह देखने लायक था। क्षेत्र का हर वर्ग रक्तदान जीवनदान जैसी समाज सेवा के लिए समर्पित है। श्री मित्तल ने बताया कि हमारा मिशन सहारनपुर को 100: स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद बनाना है। आज का शिविर इस दिशा में एक मजबूत कदम है। शिविर संयोजक मोहित राणा, सुबोध चौहान एवं राहुल सिंह ने बताया कि रक्तदान करने से न तो शरीर कमजोर होता है, न ही कोई नुकसान होता है। यह एक पुण्य का काम है। रक्तदान वह महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। यह रक्त केवल मनुष्य के शरीर से मिल सकता है, फैक्ट्री से नहीं।

इस दौरान अखिलेश चौधरी, संदीप राणा, राजीव शर्मा, अभयराज पंवार, आमिर रजा, राहिब हुसैन, डॉ विक्रम, मोहित कुमार, रजित सम्राट, रिंकू गोयल, कर्नल सैनी, भारत आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पुरस्कार संग प्रतियोगिता सम्पन्न

**सहारनपुर।** जनपद में पहली बार आयोजित जिला शुआई जियाओ चैंपियनशिप - 2025 का पुरूस्कार वितरण के समापन किया गया।

गांधी पार्क स्थित डा .भीमराव अम्डेकर स्टेडिम में आयोजित प्रतियोगिता को पुरूस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री संजय गर्ग ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि शुआई जियाओ जैसा खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है बल्कि मन में आत्मविश्वास, साहस और अनुशासन की भावना भी विकसित करता है। सहारनपुर जैसे शहर में इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन होना खेल जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पाइन वुड स्कूल ने ओवरऑल चैम्पियन का खिताब जीता, जबकि आशा मॉडर्न स्कूल रनर अप रहा। वहीं लॉर्ड महावीर अकादमी और नालंदा वर्ल्ड स्कूल ने सेकंड रनर अप का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाई सुश्री सुषमा, विवेक गर्ग, पुष्पेंद्र, पंकित वर्मा, पियूष मित्तल, हर्षित बिंदल, हर्ष अरोड़ा, श्रुति गोयल, विभा, मानसी, पायल, कनिका, अराधना, राषि ने, जिनकी निष्पक्षता और समर्पण की सभी ने सराहना की। अध्यक्ष कुलदीप त्यागी एवं सचिव प्रदीप त्यागी ने सभी खिलाड़ियों, कोचों, निर्णायकों और अतिथियों का धन्यवाद किया और भविष्य में और बड़े स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की घोषणा की।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण कुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से राष्ट्रीय सेवा योजना और छात्र कल्याण अधिष्ठाता टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर फातिमा परवीन आकिल के संयोजन में हुआ।



वाद-विवाद का विषय तकनीकी महिलाओं को सुरक्षित बनाती है रहा। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। आयोजन के निर्णायक मंडल में डॉ रेशमा ताहिर, डॉ इरशाद और असिस्टेंट प्रोफेसर साक्षी लांबा रही। समापन के अवसर पर छात्र कल्याण अध्यक्षता प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीक महिलाओं की सुरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम बन गई है। मोबाइल एप्लिकेशन, जीपीएस ट्रैकिंग, स्मार्ट वॉच, और इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम जैसे नवाचारों ने महिलाओं को आत्मविश्वास और सुरक्षा दोनों प्रदान किए हैं। अब कोई भी महिला अकेले सफर करते समय मात्र एक क्लिक से अपने परिवार या पुलिस को अपनी लोकेशन भेज सकती है। सुरक्षा ऐप जैसे "112 इंडिया", "हिम्मत", और "माय सेफ्टीपिन" ने महिलाओं को हर समय सुरक्षित रहने की शक्ति दी है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाएँ अपने अनुभव साझा कर समाज में जागरूकता फैला रही हैं। इस प्रकार तकनीक ने न केवल महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में एक नया मार्ग भी प्रदान किया है। प्रतियोगिता में टीम ए विजेता टीम रही। जिसके सहभागी थे अफसा वंशिका फैसल अलीना वासी और महक। छात्र कोऑर्डिनेटर में हमना साक्षी, खुशी और फायजा ने सहयोग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और सभी विभाग के छात्र उपस्थित रहे।

## शिविर का शुभारंभ

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में स्व. राकेश गोयल स्मृति क्रीड़ा स्थल पर मंगलवार को स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया है।

हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की सोनिया धीमान के नेतृत्व में शिविर प्रारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रबंधक राकेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार, उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि के स्काउट गाइड ध्वजारोहण के साथ शिविर का उद्घाटन किया गया। उप प्रधानाचार्य ने बच्चों को शिविर की उपयोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक सोनिया धीमान ने स्काउट-गाइड का इतिहास व अन्य जानकारियां विस्तार से दी।

# शुल्क जमा न करने पर तीन दुकान सील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज लाइसेंस/व्यवसाय शुल्क जमा न करने पर शहर में बीयर/शराब की तीन दुकानों को सील कर दिया। शराब की दुकान के सभी संचालकों को जुलाई माह में ही नोटिस दे दिए गए थे।

नगर निगम ने कर के साथ-साथ करेत्तर मद का बकाया वसूली अभियान तेज कर दिया है। उप्र नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 541 (41) के प्रावधानों के तहत सभी दुकानदारों से वाणिज्य/व्यवसाय शुल्क जमा कराने का प्रावधान है। जिसके क्रम में उप्र राज्य सरकार के गजट में उल्लखित मद शराब/बीयर आदि की दुकानों का शुल्क जमा कराये जाने के लिए जिला आबकारी अधिकारी से प्राप्त 76 दुकानों के संचालकों को जुलाई माह में नोटिस भेजे गए थे।

जिनमें से 20 दुकानदारों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराकर रसीद/लाइसेंस शुल्क प्राप्त कर लिया गया था। लेकिन अन्य दुकानदारों द्वारा निर्धारित शुल्क राशि जमा नहीं की गयी। परिणामत: नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा निगम नियमानुसार आज सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे के नेतृत्व में छह दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरु की गयी। जिस पर तीन दुकानदारों द्वारा मौके पर ही शुल्क जमा करा दिया गया। शेष तीन, अंबाला रोड पर दो व शुगर मिल रोड की एक दुकान को सील कर दिया गया।

# प्रतिस्पर्धा में बेहतर गुणवत्ता का होना जरूरी: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी ने मनीष बंसल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेल प्रतियोगिताओं के बेहतर चयन के दृष्टिगत अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन किए जाएं। प्रतिस्पर्धा में बेहतर गुणवत्ता का होना आवश्यक है क्योंकि यही खिलाड़ी जनपद का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विधानसभावार खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के आयोजन हेतु गठित समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग (यूपीआरएसएल) वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि विधायक खेल प्रतिस्पर्धा के नाम से तीन आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर पुरुष एवं महिला में होनी है जिसके लिए युवा साथी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। उन्होंने जनपद के सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपना एवं अपने जानने वाले सभी साथियों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करें एवं इस प्रतियोगिता में भाग लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिमाचल सीएम से मिले पर्वतारोही रिहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जनसेवा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी रिहान अली ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिमला स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



नशा मुक्ति केंद्र के यूथ एंबेसडर और बेहट इलाके के गांव मरवा निवासी पर्वतारोही रिहान अली ने हिमाचल प्रदेश के सीएम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को अपने सामाजिक अभियानों और विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे युवाओं को शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता और नशा मुक्ति जैसे अभियानों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। रिहान अली ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए और ठोस कदम उठाए जाएं ताकि नई पीढ़ी देश और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रिहान अली की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जागरूक युवाओं का विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने रिहान अली को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सफलता की कामना की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच हिमाचल प्रदेश के पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। रिहान अली ने कहा कि वे आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिनमें युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने आगामी सामाजिक अभियानों में सम्मिलित होने का आमंत्रण भी दिया।

# राज्य स्तरीय अंडर 11 बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वर्गीय पूरणचंद गुप्ता की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर 11 में खिलाडियों ने जमकर पसीना बहाया और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक जीते।



डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुगंध गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता, सुमित चौधरी, रिकी चौधरी रहे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा, जिला हेल्थ एथलेटिक संघ के सचिव डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को शुभाशीष दिया।

संघ के अध्यक्ष पुण्य गर्ग ने अतिथियों का धन्यवाद अदा किया। इस मौके पर श्रीमती निशु राणा, आचार्य भीम, मनीष कुमार, साक्षी गोयल, विवेक सोम, लाल धर्मेंद्र प्रताप, अंश हाडा, जॉर्ज ज्वेल, शेखर प्रताप सिंह व आयोजन सचिव अंशुल कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

आज के मैच में सहारनपुर के अर्नब धरिया ने मुरादाबाद के विहान सिंह को 30-17, सहारनपुर के ही गुनाह बिंद्रा ने आगरा के अनीश खंडेलवाल को 30-13, सहारनपुर के ही नियम गिरधर ने देवरिया के तेजस मौर्य को 30-7, सहारनपुर के ही युवंश केवाल गाजियाबाद के सक्षम चौधरी को 30-13, सहारनपुर के उत्कर्ष सिंह ने मेरठ के आरव निर्माण को 30-17, प्रयागराज के ओजसकांत ने सहारनपुर के एरिक को, मथुरा के अद्वित रावत ने सहारनपुर के कनव बिंद्रा को 30-4, गाजियाबाद के अगस्त्य शर्मा ने फिरोजाबाद के नितेश कुशवाहा को 30-21, प्रयागराज के प्रणव द्विवेदी ने कानपुर के धनुष रेडी को 30-24, गाजियाबाद के ऋतिक त्यागी ने गोरखपुर के अर्पित सिंह को 30-26, मथुरा के गगन शर्मा ने बरेली के रियांश सिंह को 30-13 गाजीपुर के विधायक सिंह ने मेरठ के परम चौधरी को 30-11 तथा बालिका वर्ग के मैच में अलीगढ़ की मेघा सिंह ने झांसी की हरगुन साहू को 30-12, आगरा की पाखी श्रीवास्तव ने कानपुर की अस्मिता सिंह को 30-12, बरेली की अन्य सिंह ने प्रयागराज की श्रद्धा यादव को 30-10, चित्रकूट की ऋतंभरा ने कानपुर की आतिशी विश्वकर्मा को 30-14से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

रेफरी की भूमिका में गोरखपुर के अजय सिंह, मैच कंट्रोलर उन्नाव के मयंक कुमार, अंपायर उन्नाव के अभिषेक कुमार, महाराजगंज के राहुल घोष, संत कबीर नगर के अभिषेक पटेल हापुड़ के उत्सव शर्मा अलीगढ़ से सुश्री वंदना सूर्यवंशी और उन्नाव से सुश्री अंजलि पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला बैडमिंटन संघ के सचिव डॉक्टर संदीप गुप्ता ने किया


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

-: ई- निविदा सूचना:-

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यों को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार पुन: ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि (रु.) | ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 नग ब्वालयरों (प्रत्येक 40 टन क्षमता) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 10.11.2025 (सायंकाल 06:30 बजे तक) |
| 02 | 03 नग ब्वालयरों ( 20 टन क्षमता के 02 नगर, 30 टन क्षमता का 01 नग) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 10.11.2025 (सायंकाल 06:30 बजे तक) |

**नोट:-**

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता ई-निविदा प्रारम्भ होने से निर्धारित समयार्न्तगत ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते पोर्टल https://etender.up.nic.in तथा संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट http://www.upsugarfed.org पर लॉगिन कर ई-निविदा को भर सकते है।
03. उपरोक्त कार्यो हेतु ऑफलाइन निविदाएं मान्य नहीं होगी।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# सम्पादकीय

बुधवार, 5 नवम्बर 2025

## रेल हादसों पर आंखें बंद

बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सोमवार शाम एक भीषण रेल हादसा हो गया, एक पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह दुर्घटना लालखदान के पास हावड़ा रूट पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में कई यात्रियों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। आखिर देश का रेलवे सिस्टम कब आंखें खोलेगा। हर साल कोई न कोई हादसा होता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जाता, यही कारण है कि लोग मर जाते हैं और विभाग जांच बैठा देता है , जिसके पूरे होने में महीने नहीं, बल्कि साल लग जाते हैं। क्या यही देश के सिस्टम का काम रह गया, या वह और लोगों के मारे जाने की इंतजार में है। ये काम किसका है। रेलवे नेटवर्क केंद्र सरकार का एक महत्वाकांशी नेटवर्क है, जिसका संबंध सीधा आम जनता से जुड़ा है। इसी में कोई सुधार नहीं किया जाता। ये कैसी विडंबना है कि जिस विभाग के पास इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, वह आंखें बंद करके कैसे बैठ सकता है। यह दुर्घटना देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक पर हुई है, जिसके कारण इस सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। 6 जून 1981 को बिहार में हुई रेल दुर्घटना को भारत के इतिहास की सबसे भयावह रेल त्रासदी माना जाता है। एक भीड़भाड़ वाली पैसेंजर ट्रेन, जिसमें 800 से अधिक यात्री सवार थे, बागमती नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी चक्रवात के कारण यह पटरी से उतर गई। ट्रेन के सात डिब्बे नदी में गिर गए, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित 500 से 800 लोगों की मौत हो गई। 20 अगस्त 1995 को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के पास एक बड़ा हादसा हुआ, जब पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने खड़ी कलिंदी एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में करीब 350 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हो गए। 2 अगस्त 1999 को पश्चिम बंगाल के गैसल स्टेशन के पास ब्रह्मपुत्र मेल और अवध असम एक्सप्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे में 285 से अधिक लोग मारे गए, जबकि 300 से ज्यादा घायल हुए। सितंबर 2002 में कोलकाता से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस बिहार के औरंगाबाद जिले में धावे नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी यह हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन के कई डिब्बे नदी में गिर गए, जिसमें कम से कम 120 लोगों की मौत हुई। 2 जून 2023 को ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थीं। कोरोमंडल एक्सप्रेस एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद इसके डिब्बे पटरी से उतर गए और दूसरी ट्रेन से जा टकराए। इस हादसे में 296 से अधिक लोगों की मौत हुई और 1,200 से ज्यादा घायल हुए। यह 21वीं सदी की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक थी।

### लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब अधूरा



भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है, जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा, यह समय है, जब भारत को वंशवाद छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए, इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंत. रिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं, नेहरू-गांधी परिवा की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है, जम्मू- कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

## बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच





**अमरेंद्र राय**

बचपन में बच्चे जब छोटे होते थे तो और देर रात तक सोते नहीं थे तो माएं उन्हें डराकर सुलाया करती थीं कि सो जा नहीं तो हुंड़ार आएगा और ले जाएगा। मैंने कभी हुंड़ार देखा नहीं। यह भी नहीं जानता कि हुंड़ार होता भी है या नहीं। लेकिन तब गांवों में रात होते ही सियारों की आवाज आने लगती थी। दिमाग में एक कल्पना बस गई है कि हुंड़ार शायद सियार जैसा ही कोई जानवर होगा जो सियार से ज्यादा खतरनाक होगा। जो बच्चे थोड़ा बड़े हो जाते हैं और हुंड़ार के अस्तित्व पर सवाल खड़े करते, उन्हें माएं डराने के लिए लकड़सुंघवा (लकड़ी सुंघाकर बड़े झोले में डालकर ले जाने वाला) का डर दिखातीं। कहतीं-अगर शैतानी करोगे तो लकड़सुंघवा आएगा और ले जाएगा। बच्चा शक्तिमान की स्टाइल में कहता मैं बहादुर हूं, स्ट्रांग ब्वाय, फिर बड़ा भी हूं तो वो कैसे ले जाएगा। मां कहती उसके पास बहुत बड़ी झोली होती है उसमें डालकर ले जाएगा। बच्चे डर भी जाते और मां की बात मानकर सो जाते या शैतानी करना बंद कर देते।

आजकल बिहार में भी यही हो रहा है। आजकल क्या पिछले 25 सालों से यही हो रहा है। जब-जब चुनाव आते हैं बिहार में जंगल राज का डर दिखाकर लोगों को एनडीए को वोट देने को कहा जाता है। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि हुंड़ार या लकड़सुंघवा की तरह काल्पनिक, झूठी बात का डर दिखाकर आम जनता को डराया जाता है लेकिन यह भी नहीं मानूंगा कि जंगलराज खत्म हो गया है और तेजस्वी-राहुल गांधी के महागठबंधन के आने से उसकी वापसी हो जाएगी। बल्कि सच यह है कि बिहार में जंगलराज लालू राज से पहले भी था, लालू के समय थोड़ा और उसमें वृद्धि हुई और वह आजतक मौजूद है। उसमें थोड़ी कमी जरूर आई लेकिन आप ए नहीं कह सकते कि जंगलराज बिहार में खत्म हो गया है और लालू-तेजस्वी-राहुल की वापसी के साथ उसकी भी वापसी हो जाएगी। मोकामा की जो घटना हुई है, उससे इस बात की सौ प्रतिशत पुष्टि हुई है। इससे पहले जो इक्का-दुक्का घटनाएं बीच में चर्चा में आती थीं उन्हें यह कहकर दबा दिया जाता था कि कुछ घटनाएं तो हर राज्य में हो जाती हैं। लालू राज की तरह नियमित नहीं होतीं। आखिर वो कौन सा पैमाना है जिसके आधार पर आप किसी राज को जंगलराज कहते हैं और किसी राज को सुशासन और मंगलराज। साल में सौ हत्या, दो सौ हत्या, पांच सौ हत्या, हजार हत्या, दो हजार हत्या, चार हजार हत्या? इसी तरह अपहरण, लूट, फिरौती और दूसरे अपराध। क्या कोई ऐसी क्राइटीरिया बनी है? पानी के मामले में ये मापदंड जरूर तय किया गया है। अगर पानी 98-100 डिग्री से ज्यादा गर्म हो जाएगा तो भाप बन जाएगा। इसी तरह तापमान जब शून्य डिग्री से नीचे, माइनस में पहुंचे तो वह बर्फ बन जाता है। लेकिन यह बात जंगलराज के बारे में तो आप नहीं कह सकते। एक मोटी धारणा यह है कि जब आपके चारो तरफ समाज में अपराध की घटनाएं बेइंतहां घटने लगें, लोगों का जीवन असुरक्षित हो जाए, कानून का राज खत्म हो जाए तो उसे जंगलराज कहने लगते हैं। तो क्या यह सब बिहार में लालू राज में ही था? अब नहीं है? न आम धारणा से इस बात की पुष्टि होती है न आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं। इसको समझने के लिए सबसे आसान, तथ्यपरक तरीका है एन सी आर बी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों को देखना जो लालू राज में थे और अब सुशासन बाबू के राज में सामने आ रहे हैं।

सबसे पहले 2025 की रिपोर्ट देखते हैं कि वह सुशासन बाबू (नीतीश कुमार- मोदी राज), एनडीए की बिहार में सरकार के बारे में क्या कहती है। 2025 में प्रकाशित एनसीआरबी की रिपोर्ट, बीजेपी-आरएसएस, जेडी यू और एनडीए के मजबूत वर्गों का कमजोर वर्गों पर बढ़ते शोषण और दमन तथा सुशासन के झूठे दावों की कलई खोलती है। एनसीआरबी पूरे देश की रिपोर्ट देता है, इसलिए पहले देश में अपराध की स्थिति और फिर उसमें बिहार की स्थिति देख लेते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, जहां पूरे देश में कुल अपराध दर में वृद्धि हुई है, वहीं सभी गंभीर अपराधों में बीजेपी शासित राज्य, जिनमें बिहार भी शामिल है लगातार शीर्ष पर कायम हैं। 2025 में हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार शीर्ष पर हैं। और ये तीनों ही बीजेपी शासित राज्य हैं। अपहरण के मामले में भी यही तीनों राज्य शीर्ष पर हैं। बस क्रम बदल गया है। हत्या के मामले में बिहार जहां तीसरे नंबर पर है वहीं अपहरण में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। बिहार में अपहरण के 12 हजार 981 मामले हुए। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में बिहार जरूर शीर्ष के तीन राज्यों में नहीं शामिल है लेकिन जिन राज्यों में सबसे ज्यादा महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए हैं वे भी भाजपा के सुशासन के दावे वाले राज्य ही हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान। अपराध की जितनी श्रेणियां बनाई गई हैं उनमें ज्यादार मामलों में बीजेपी शासित राज्य ही शीर्ष पर हैं। आप ए न समझें कि ए सिर्फ 2025 में ही ऐसा हुआ है। बल्कि इससे पहले के वर्षों में भी ऐसा ही होता रहा है। बिहार अपराध के मामले में शीर्ष के राज्यों में हमेशा बना रहा है। 2024 की एनसीआरबी की रिपोर्ट जरूर इसका अपवाद है। इसमें बिहार अपराध के मामलों में शीर्ष दस राज्यों में नहीं आता, लेकिन बीजेपी शासित आठ राज्य शीर्ष अपराध वाले राज्यों में आते हैं। जैसे 2023 की एनसीआरबी की रिपोर्ट में बिहार हत्या के मामले में देश का दूसरा राज्य है। 2023 में बिहार में 2862 हत्याएं, 22952 महिलाओं के खिलाफ अपराध, बलात्कार के 902 मामले, अपहरण के 14371 केस और आदिवासियों के खिलाफ ज्यादती के 7178 मामले दर्ज किए गए। कुछ लोग कह सकते हैं कि लालू राज में तो हत्या के पांच-दस हजार मामले होते होंगे। तभी तो उनके राज को जंगलराज कहा गया। हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े-लिखे को फारसी क्या। दोनों के शासन काल की तुलना आप खुद कर लीजिए। आंकड़े, एनसीआरबी के ही आपके सामने हम रख देते हैं। लालू राज की तुलना में नीतीश राज में अपराध जरूर थोड़े कम हुए हैं लेकिन इतना नहीं कि एक को जंगलराज कहें और दूसरे को मंगलराज। अगर आप लालू राज को जंगलराज कहेंगे तो नीतीश-मोदी के शासन को भी जंगलराज ही कहना पड़ेगा। यहां हम दोनों के शासन काल में हुई हत्याओं की बात कर रहे हैं। लालू के राज में 2001 में 3643 हत्याएं हुईं और 2003 में वो बढ़कर 3771 हो गईं। नीतीश के राज में भले हत्याओं का आंकड़ा 3700 तक न पहुंचा हो लेकिन इनके राज में भी हत्याएं खूब हुईं। हजारों की तादाद में। 2007 में 3034, 2012 में 3566, 2019 में 3000, 2020 में 3150, 2021 में 2759, 2022 में 2930 और 2023 में 2862, एक बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि लालू यादव और राजद के 15 वर्षों के शासन में 32,000 से अधिक अपहरण, 18,136 हत्याएं और 59 बड़े जातीय नरसंहार हुए। केंद्रीय मंत्री ने इसे बिहार के इतिहास का सबसे काला दौर बताते हुए कहा था कि यही असली जंगलराज था। नित्यानंद राय ने लालू राज की हकीकत तो बयान कर दी, लेकिन नीतीश और अपनी सरकार की हकीकत नहीं बताई। अगर वो बता देते तो इससे सिर्फ लालू राज का सच नहीं पूरा सच (नीतीश और बीजेपी शासन का भी) सामने आ जाता। बिहार में 2001 में 8520, 2005 में 7704, और 2020 में 9419 मामले दंगे के दर्ज हुए। वहीं 2005 से 2020 तक दंगों में लगभग 22।3 फीसदी की वृद्धि हुई। यह बताना नित्यानंद राय भूल गए। भूल नहीं गए बल्कि जानबूझ कर गोल कर गए ताकि उनके शासन काल की हकीकत किसी को पता न चल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मोदी शाह के भाषणों में पीके पर हमला सुना क्या



**श्रवण गर्ग**

> पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है।

चौदह नवंबर को जिस रहस्य से पर्दा उठने वाला है वह यह नहीं होगा कि बिहार के कश्मकश भरे चुनावों में जीत किसकी होने वाली है। इस बात से उठेगा कि मोदी, ममता, केजरीवाल आदि नेताओं को जिताकर सरकारें बनवाने वाले चुनावी कंसलटंट प्रशांत किशोर (पीके) अपने दावे के मुताबिक खुद की पार्टी को 150 सीटें नहीं दिला पाते हैं तो फिर किस दल को हराने की उन्होंने सुपारी ली थी। प्रशांत किशोर दावे करते नहीं थकते कि उन्होंने 2014 में मोदी जी को, 2017 में अमरिंदर सिंह, 2019 में उद्धव-जगन, 2020 में केजरीवाल और 2022 में ममता को जितवाया था।

प्रशांत किशोर जानते हैं कि उनकी जन सुराज पार्टी का अगर वही हश्र हुआ जो पिछले चुनाव में चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी का हुआ था तो न सिर्फ उनकी चुनावी कन्सल्टेंसी खतरे में पड़ जाएगी बिहार की राजनीति में भी वे हाशिए पर आ जाएंगे। अत: मानकर चलना चाहिए कि वे इतना बड़ा जुआं किसी बड़े दांव के लिए ही खेल रहे हैं, तो क्या नीतीश की नाराजी दरकिनार कर चुनाव लड़ रही बीजेपी के अंदर पक रहा आत्मविश्वास प्रशांत किशोर के चमत्कार के भरोसे है? साल 2015 में जेडी (यू) को जितवाकर नीतीश को मुख्यमंत्री बनवाने वाले पीके के इस कथन पर गौर किया जाना चाहिए कि जो पुरोहित विवाह संपन्न करवाता है वही श्राद्ध भी निपटाता है। बिहार विधानसभा चुनावों की सबसे ज्यादा जमीनी तैयारी अगर किसी एक व्यक्ति ने की है तो वे प्रशांत किशोर हैं। पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है। किसकी सरकार बनेगी यह जनता तय कर करेगी। पीके की भविष्यवाणी के पीछे निश्चित ही कोई ठोस आधार होना चाहिए। उनके घोषित गणित पर यकीन करना हो तो महागठबंधन और एनडीए दोनों के वोट शेयर लगभग बराबर हैं। दोनों के पास 36-36 प्रतिशत वोट शेयर है। अत: बाकी 28 प्रतिशत की जगह उनकी पार्टी के लिए खाली है। क्या बीजेपी और प्रशांत दोनों के आत्मविश्वास एक ही डोर से बंधे नहीं हो सकते? प्रशांत किशोर और चिराग दोनों द्वारा ही चुनाव न लड़ने की घोषणा को नतीजों के बाद ही डी-कोड किया जा सकेगा। दोनों ने पहले चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की थी। तो क्या फैसला बीजेपी के दबाव में बदला गया? ध्यान रखा जाना चाहिए कि तेजस्वी, चिराग और प्रशांत तीनों के बीच सिर्फ पांच-पांच साल का फर्क है। तीनों महत्वाकांक्षी हैं। चिराग ज्यादा कुछ नहीं कर पाएं तो भी इसलिए फर्क नहीं पड़ेगा कि वे केंद्र में मंत्री हैं।तेजस्वी को बिहार की राजनीति में ही रहना है। विपरीत नतीजों का सबसे ज्यादा असर प्रशांत के प्रोफेशनल और पोलिटिकल करियर पर पड़नेवाला है। मोदी जी को छोड़ दें तो अपनी कन्सल्टेंसी के जरिए जिन-जिन नेताओं को सत्ता में लाने का दावा प्रशांत किशोर करते हैं उनमें से अब सिर्फ दो बड़े ही बचे हैं- नीतीश और ममता। बीज. ेपी की मदद के लिए इस चुनाव में वे अगर नीतीश को सत्ता से बाहर करवा देते हैं तो हो सकता है अगले साल ममता का नंबर लगा दें। राहुल जानते हैं प्रशांत किशोर को उन्होंने भाव नहीं दिया था और वे कांग्रेस से नाराज हैं। कहीं तो नोट किया ही जा रहा होगा कि मोदी और शाह अपनी सभाओं में न तो प्रशांत पर हमला कर रहे हैं और न ओवैसी पर। दाल में कुछ तो काला होना ही चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सौंदर्य को कई गुना निखार देता है विटामिन सी



**शहनाज हुसैन**

अगर आप अपने सौन्दर्य बिशेष्ज्ञ को त्वचा के लिए बेहतरीन प्रकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में पूछेंगी तो विटामिन सी की खुराक शायद सबसे टॉप पर होगी। विटामिन सी को शरीर में सप्लीमेंट या डाइट द्वारा ही लिया जा सकता है तथा इसकी शरीर में प्रकृतिक रूप में उत्पति नहीं होती। विटामिन सी की गणना सबसे प्रभाबी और सुरक्षित पौषक तत्वों में की जाती है जोकि आंबला और अमरुद जैसे शाकाहारी भोज्य पदार्थों में सर्बाधिक पाया जाता है। यह पालक ,मूली , अंकुरित अनाज, संतरे, हरी और लाल मिर्च, ब्रॉक्ली, पपीते, स्ट्रॉबेरी, अनानास, कीवी और आम जैसे फलों, सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है। डॉक्टरों की मानें तो व्यस्क पुरष को रोजाना 90 मिली ग्राम और महिला को रोजाना 75 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करना चाहिए। गर्भबती महिलाओं को लगभग 85 मिलीग्राम तथा स्तनपान करबाने बाली महिलाओं को रोजाना 120 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है और इससे ज्यादा विटामिन सी का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द, पथरी आदि कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डॉक्टरों के अनुसार विटामिन सी की शरीर में अधिकता से कोई विषाक्त और हानिकारक प्रभाब नहीं पड़ता क्योंकि जल में घुलनशील होने की बजह से इसका उतसर्जन शरीर में मूत्र के द्वारा हो जाती है। विटामिन सी दिल की बिमा. रियों, एनीमिया, कोलेस्ट्रोल, मोतियाबिन्द और डायबिटिक जैसी बिमारियों को ठीक करने के लिए भी काफी मददगार साबित होती है। विटामिन सी की कमी से जोड़ों का दर्द, दांतों में दर्द, मसूड़ों से खून बहना, थकान ध्कमजोरी आदि की अनेक समस्याएं सामने आती हैं। त्वचा की देखभाल तथा सौन्दर्य के लिए आप अकसर महंगें सौन्दर्य प्रसाधनों तथा फेशियल और क्लीजिंग जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की ओर रुख करती है। जबकि बास्तविकता यह है कि स्वस्थ्य और नर्म, मुलायम त्वचा के लिए जिम या पार्लर जाने की ज्यादा जरूरत जरूरत नहीं है। अगर आप रोजना सुबह विटामिन सी का उपयोग करती है तो आपको स्वास्थ्य तथा सौन्दय्र दोनों एक साथ मिल सकते है। विटामिन सी के प्रतिदिन सेवन से आप प्राकृतिक तौर पर आकर्षक तथा चुस्त दिखेगी। प्रतिदिन सुबह अपने नाश्ते में नीबूं, संतरा, आमला, अंकुरित अनाज, टमाटर तथा अंगूर आदि शामिल करने से आप बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर सकती है। विटामिन सी के सेवन से शरीर में कोलेजन का निर्माण होता है जिससे त्वचा में कसाहट तथा कोमलता पैदा होती है जिससे चेहरें पर पड़ने वाली झुर्रियों को रोका जा सकता है तथा सूरज की किरणों तथा वातावरण में विद्यमान प्रदूषण से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। विटामिन सी का सेवन यकृत अमाशय, सर्दी, जुकाम, न्यूमोनिया में असरकारक साबित होता है। विटामिन सी का उपयोग शरीर और सौन्दर्य दोनों के लिए लाभकारी है। अनेक वैज्ञानिक शोधों में यह पाया गया है कि विटामिन सी के नियमित सेवन से आप मुलायम त्वचा, चमकीले बाल, आकर्षक आंखें तथा छरहरा बदन पाने के साथ ही अनेक रोगों से मुक्ति भी पा सकती है। बालों के स्वास्थ्य के लिए विटामिन सी अत्यन्त प्रभाबी बिकल्प माना जाता है शरीर में विटामिन सी की कमी से डैंड्रफ, दो मुहें बाल, रूखेपन जैसी बालों की समस्याएं सामने आती हैं। विटामिन सी के नियमित सेवन से सिर में रक्त संचार बढ़ता है और आप के बाल लम्बे, मुलायम और खूबसूरत दिखने लगते हैं। सबसे पहले अगर हम त्वचा को ले तो सामान्य त्वचा बरकरार रखने के लिए हमें प्रतिदिन उचित पौषाहार की जरूरत होती है। त्वचा की सेहत तथा यौवनता व त्वचा को कोशिकाओं के पुर्ननिर्माण के लिए विटामिन सी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को सु.ढ़ करके हमारी त्वचा को लचीला , सुदृढ़ तथा आकर्षक बनाते है। विटामिन सी के आहार में शामिल करने से सूर्य की किरणों से बचाव के लिए त्वचा पर प्रयोग की गई सनस्क्रीन को ज्यादा प्रभाबी बनाने में मदद मिलती है।

विटामिम-सी की कमी जवान उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां पड़नी शुरू हो जाती है तथा त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है जिससे त्वचा बेजान हो जाती है। आमला में सर्वाधिक मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है। आयुर्वेदिक में आमला को अनेक रोगों के उपचार में रामबाण बताया गया है। आमला में विद्यमान प्रचुर मात्रा में विटामिन सी गर्मियों में लू आदि से बचाने में अत्यन्त सहायक होता है। प्रत्येक सुबह आमला जूस को पानी में मिलाकर पीने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा सूर्य की गर्मी से झूलसी त्वचा तथा अन्य त्वचा रोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अपने सौन्दर्य को निखारने के लिए फलों को अपने आहार विशेषकर ब्रेकफास्ट का अभिन्न अंग बनाईए। प्रत्येक सुबह गर्म पानी में नीबूं रस मिलाकर पीने से शरीर में विषैले प्रदार्थ बाहर निकलते है तथा पाचन तंत्र को सु.ढ़ होता है। जिससे चेहरे की आभा में निखारे आता है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है। नीबूं को अनेक सौन्दर्य समस्याओं के निदान में उपयोग में लाया जा सकता है लेकिन नींबू रस को हमेशा पानी में मिलाकर ही प्रयोग में लाए क्योंकि गाढ़ा नीबूं का रस त्वचा में रूखापन ला सकता है। नीबूं के रस से धूप की तपसध्जलन से त्वचा पर पड़े काले धब्बों को मिटाने में मदद मिलती है तथा इसे हैंड लोशन की तरह भी प्रयोग किया जा सकता है। नीबूं के रस को गुलाब जल में मिलाकर हाथ में रगड़ने से हाथों की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा मुलायम हो जाती है। अगर आपके हाथों की त्वचा सख्त या खुरदरी है तो नीबूं रस को दानेदार चीनी में मिलाकर इस मिश्रण को हाथों पर रगडेघ् तथा इससे आपके हाथ मुलायम, चमकदार, आकर्षक हो जाएेगे। अन्य खट्टे फलों की तरह अंगूर स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ सौन्दर्य निखारने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। अंगूर त्वचा की रंगत को निखारते है तथा प्रभावी क्लीजिंग के रू प में असरकारक साबित होते है। अंगूरों के रस को त्वचा पर लगाने के 20 मिनट बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। यह तैलीय तथा कील मुंहासे से प्रभावित त्वचा के लिए अत्यन्त लाभदायक साबित होगा तथा त्वचा के छिद्रों को कसने में मददगार होते है।

संतरे में विटामिन-सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। संतरे को अपने आहार में शामिल करने के साथ ही बाहरी त्वचा के निखार में भी उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के जूस को फेस पैक में मिलाने या उसे सीधे अपने चेहरे पर लगाने से त्वचा के एसिड-एलकलाईन संतुलन को बनाने में मदद मिलती है। जिससे चेहरे पर काले धब्बे मिटते है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है । संतरे के छीलके में फल की अपेक्षा विटामिन-सी की प्रचुरता कही ज्यादा होती है। त्वचा के छिद्रों को कसने तथा तेल को सोखने के लिए सूखे तथा संतरे के छिलको के पाऊडर को स्क्रब तथा मास्क की तरह उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के छिलक के पाऊडर को मिल्क क्रीम या दही मिलाने से श्रेणी की स्क्रब बनाया जा सकता है। संतरे के छिलको के पाऊडर में मुलतानी मिट्टी तथा गुलाब जल मिलाकर बने पेस्ट को त्वचा पर लगाने से कील मुंहासों, फोडेघ्, फुन्सी तथा अन्य त्वचा सम्बन्धी विकार को दूर करने में मिलती है।

विश्व के सौन्दर्य विशेषज्ञ विटामिन-सी को सौन्दर्य निखारने में चमत्कारी मानते है। विटामिन सी को विटामिन ई या फेरुलिक एसिड जैसे दूसरे एन्टी ऑक्सीडेंट से मिलाकर लेने से चेहरे की झुर्रियों ,त्वचा की रंगत निखारने , फ्री रैडिकल्स से बचाव के लिए ज्यादा प्रभाबी बनाया जा सकता है। इसे विटामिन बी या ह्यलुरॉनिक एसिड से मिलाकर भी लिया जा सकता है लेकिन विटामिन सी को रेटिनॉल से मिलाकर लेने से परहेज करें और अगर आप दोनों को लेना चाहती हैं तो दोनों के उपयोग में न्यूनतम आधे घण्टे का अन्तर जरूर रखें।

# अमेरिका में शटडाउन से हवाई यात्रा ठप

## एयर ट्रैफिक कंट्रोलर काम छोड़ रहे, देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सरकारी शटडाउन के 34 दिन पूरे हो चुके हैं और इसका असर अब देश के हवाई यातायात पर गहराई से दिखने लगा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और टीएसए कर्मी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, कई कर्मचारी काम पर नहीं लौट रहे, जिससे देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं ताकि घर का खर्च चला सकें। इस कारण हवाई अड्डों पर लंबी कतारें और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। नेशनल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निक डेनियल्स ने बताया कि लंबे शटडाउन से कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा हर गुजरते दिन के साथ हवाई प्रणाली पहले से कम सुरक्षित हो रही है। हमसे उम्मीद की जाती है कि हम 100 प्रतिशत फोकस के साथ काम करें, लेकिन जब दिमाग में किराए और बिलों की चिंता हो, तो यह संभव नहीं। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि उड़ानों में देरी एक सुरक्षा उपाय है। उन्होंने कहा स्टाफ की कमी से सिस्टम में जोखिम बढ़ा है। अगर हालात असुरक्षित हुए तो हम पूरा एयरस्पेस बंद कर देंगे। फिलहाल हम देरी झेल रहे हैं, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। शिकागो, डेनवर, ह्यूस्टन और नेवार्क जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानों में व्यापक देरी हो रही है। ह्यूस्टन के बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट ने यात्रियों को चेतावनी दी है कि टीएसए जांच में तीन घंटे तक लग सकते हैं। के2 सिक्योरिटी स्क्रीनिंग ग्रुप के उपाध्यक्ष कीथ जेफ्रीज ने बताया कि टीएसए कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ रही है क्योंकि कई कर्मी अब निजी जरूरतों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, एंब्री-रिडल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइक मैककार्मिक ने कहा कंट्रोलर यह समझ रहे हैं कि अगर वे 100 प्रतिशत फोकस में नहीं हैं, तो काम पर न जाना ही बेहतर है। यही फैसला फिलहाल सिस्टम को सुरक्षित रखे हुए है। यूएस ट्रैवल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एरिक हैनसेन ने कहा हम सुरक्षा से समझौता नहीं कर रहे, लेकिन अब यात्रियों के लिए उड़ानों की पूर्वानुमेयता खत्म हो गई है। लोग तय समय पर कहीं नहीं पहुंच पा रहे। यूनियन प्रमुख निक डेनियल्स ने कांग्रेस और प्रशासन से अपील की हमारा संदेश साफ है-सरकार को तुरंत खोला जाए। अब और इंतजार नहीं किया जा सकता।



रिपोर्ट: कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं, ताकि घर का खर्च चला सकें

## जिनपिंग ने की रूसी पीएम मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने मंगलवार को यहां रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाक. ात की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकास रणनीतियों में बेहतर तालमेल पर सहमति जताई। जिनफिंग ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से ही चीन और रूस ने जटिल अंतर्राष्ट्रीय माहौल के बावजूद दृढ़ता और संयम के साथ आगे बढ़ते हुए उच्च स्तर और बेहतर गुणवत्ता वाले विकास लक्ष्यों को साधा है। उन्होंने जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखना, सुदृढ़ करना और आगे बढ़ाने पर दोनों देशों सहमत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठकों के दौरान दोनों देशों के संबंधों के लिए नई रूपरेखाएं तैयार की गईं।



गुरुग्राम। धुंध की मोटी परत के कारण कम दृश्यता के बीच एक महिला स्कूटर चलाती हुई।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 20 लोगों की मौत

**खार्तूम।** मध्य और पश्चिमी सूडान में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए दो अलग-अलग ड्रोन हमलों में सोमवार को कम से कम 20 लोग मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने दी। स्वयंसेवी समूहों के अनुसार, हमलों का लक्ष्य मध्य उत्तरी कोर्डोफन राज्य में एक नागरिक सभा और पश्चिमी उत्तरी दारफुर राज्य में एक बच्चों का अस्पताल था। स्वयंसेवी समूह नॉर्थ कोर्डोफन प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एक ड्रोन से नॉर्थ कोर्डोफन की राजधानी एल ओबैद से लगभग 15 किलोमीटर पूर्व में अल-लुलिब क्षेत्र को निशाना बनाया जिसमें 13 नागरिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। क्षेत्र के एक प्रत्यक्षदर्शी ने शिन्हुआ से कहा कि हमले में शोक व्यक्त करने के लिए आयोजित एक बड़ी नागरिक सभा को निशाना बनाया गया जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सेना ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि ये आतंकवादी दो सैन्य अभियानों में मारे गए हैं। पहला अभियान रविवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के एशम इलाके के पास हुआ, जहां सैनिकों ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाया।

### चीन में धोखाधड़ी के दोषियों को सुनाई मौत की सजा

**शेन्ज़ेन।** चीन की एक अदालत ने धोखाधड़ी करके लोगों को नुकसान पहुंचाने में लिप्त पांच लोगों को मौत की सजा सुनाई है। गुआंगदोंग प्रांत के शेन्ज़ेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट के सोमवार को दिए गए फैसले के अनुसार, यह गिरोह धोखाधड़ी करने के अलावा जानबूझकर हत्या करने और चोट पहुंचाने जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल था। इस गिरोह की आपराधिक गति. विधियों के कारण छह चीनी नागरिकों की मौत हुई जबकि एक व्यक्ति ने इन लोगों की वजह से व्यथित होकर आत्महत्या कर ली।

### बांग्लादेश में 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले दर्ज

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले सामने आए हैं और पांच नई मौतें हुई हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। आंकड़ों के अनुसार, नवम्बर में अब तक डेंगू के 2960 मामले दर्ज किए गए जिससे इस वर्ष अब तक कुल मामलों की संख्या 72822 हो गई तथा मरने वालों की संख्या 288 हो गई। डेंगू बुखार, जो आमतौर पर बंगलाद. ेश में मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी है, अब जून-सितम्बर की अवधि से आगे भी फैल रहा है।

### कामचटका के पूर्वी तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** रूस के सुदूर पूर्व में स्थित प्रायद्वीप कामचटका के पूर्वी तट पर मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 03:45 बजे पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। भूकंप का केन्द्र, 10.0 किमी की गहराई पर, शुरुआत में 52.33 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 160. 17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

# ममदानी को चुना, तो फंडिंग बंद: ट्रम्प

## न्यूयॉर्क मेयर की रेस में सबसे आगे हैं ममदानी, कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार, वोटिंग शुरू

**न्यूयॉर्क।** भारतीय समय के मुताबिक 3.30 बजे मेयर पद के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ममदानी चुनाव जीतते हैं तो न्यूयॉर्क को मिलने वाली फंडिंग कम कर दी जाएगी। न्यूयार्क सिटी में रैंक चाइस वोटिंग सिस्टम लागू है। इसमें वोटर तीनों उम्मीदवारों को पसंद के क्रम में रैंक कर सकता है (1, 2, 3)। अगर किसी को पहली पसंद में 50 प्रतिशत वोट नहीं मिलते, तो सबसे कम वोट पाने वाला बाहर हो जाता है और उसके वोट दूसरी पसंद के आधार पर बांटे जाते हैं।

यह तब तक चलता है जब तक कोई उम्मीदवार 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं पाता। वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है, क्योंकि मेल-बैलट्स और अनुपस्थित वोटों की गिनती बाद में होती है। अगर ममदानी जीतते हैं, तो वे पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर बनेंगे। ममदानी की जीत के रास्ते में 2 लोग खड़े हैं। न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो खुद भी डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कुओमो का कहना है कि ममदानी की नीतियां इतनी खतरनाक हैं कि अगर वे जीते तो शहर में चल रहे बिजनेस तबाह हो जाएंगे। इसके जवाब में ममदानी उन्हें 'ट्रम्प की कठपुतली' करार दे चुके हैं। ममदानी के दूसरे विरोधी रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा हैं। वे ममदानी और कुआ. ेमो दोनों को शहर के विकास का विरोधी बता चुके हैं। पिछले महीने हुई डिबेट में सिल्वा ने दोनों पर तंज कसा, जोहरान तुम्हारा रिज्यूमे एक नैपकिन में समा जाएगा और एंड्रयू तुम्हारी नाकामियां इतनी हैं कि पूरी लाइब्रेरी भर जाएगी। हालांकि सर्वे में न्यूयार्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो ममदानी के मुकाबले काफी पीछे रह गए हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी से कर्टिस स्लिवा के भी जीतने की संभावना काफी कम है। ममदानी राजनीति में आने से पहले हिप-हाप रैपर थे। उनका सबसे मशहूर गाना 'कांडा' था, जो युगांडा में वायरल हुआ। इस गाने में युगांडा की राजधानी कम्पाला की जिंदगी और युवाओं की चुनौतियों को दिखाया गया था। ममदानी कहते हैं कि संगीत के जरिए उन्होंने पहली बार महसूस किया कि समाज में असमानता और पहचान की राजनीति पर आवाज उठाना जरूरी है। कॉलेज से निकलने के बाद ममदानी क्वींस चले गए। यहां उन्होंने प्रवासियों, किराएदारों और ब्लैक लाइव्स मैटर जैसे आंदोलनों में हिस्सा लिया। इसी दौरान साल 2017 में ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ अपनी राजनीति की शुरुआत की। 2020 में वो न्यूयार्क स्टेट असेंबली के लिए चुने गए। 2022 और 2024 में उन्हें निर्विरोध जीत मिली। अपने कार्यकाल के दौरान ममदानी ने ऐसे मुद्दे उठाए जो सीधे आम लोगों से जुड़े थे। इससे उन्हें खूब पापुलैरिटी मिली।



- वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है
- पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं

## अमेरिका ने दी परमाणु परीक्षण पर सफाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा। राइट ने फॉक्स न्यूज़ के कार्यक्रम 'द संडे ब्रीफिंग' में एक सवाल के जवाब में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। उनके अनुसार कि हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 'आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी' की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा इस बारे में कोई चिंता नहीं है।

सिस्टम टेस्ट होगा, परमाणु विस्फोट नहीं

## भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के उस व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे एक हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की हत्या की सजा को इसी साल अदालत ने रद्द कर दिया था। वेदम जब सिर्फ 9 महीने के थे, तब अपने माता-पिता के साथ कानूनी रूप से अमेरिका पहुंचे थे। उनके पिता पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। अमेरिकी इमिग्रेशन जज ने गुरुवार को आदेश दिया कि जब तक बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स उनका केस नहीं देखता, तब तक वेदम को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

उनके वकीलों ने पेनसिल्वेनिया की जिला अदालत से भी राहत पाई, जिससे मामला फिलहाल स्थगित हो गया है। वेदम को 1980 में अपने दोस्त थामस किंसर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गवाहों और सबूतों के अभाव में भी उन्हें दो बार दोषी ठहराया गया। लेकिन अगस्त 2024 में अदालत ने नई बैलिस्टिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सजा रद्द कर दी। 3 अक्टूबर को जेल से रिहाई के बाद, उन्हें सीधा इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। फिलहाल वे लुइसियाना के एलेक्जेंड्रिया डिटेंशन सेंटर में रखे गए हैं, जो निर्वासन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट वेदम को एक पुराने मामले के चलते निर्वासित करना चाहती है। करीब 20 साल की उम्र में उन्होंने एलएसडी ड्रग केस में 'नो कान्टेस्ट' प्लिया दी थी। वेदम के वकील कहते हैं कि उन्होंने 43 साल जेल में निर्दोष रहते हुए बिताए, जहां उन्होंने शिक्षा हासिल की और कैदियों को पढ़ाया भी इसलिए उनका पुराना मामला अब महत्वहीन है। लेकिन अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग का कहना है कि हत्या का केस रद्द होने से ड्रग केस की सजा खत्म नहीं होती।



हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा

# रूस के सहयोग से आठ नए परमाणु संयंत्र बनाएगा ईरान

## ईरानी राष्ट्रपति बोले: हथियार विकसित नहीं करेंगे

**तेहरान।** ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने घोषणा की है कि तेहरान अपना स्वच्छ-सतत ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के तहत रूसी मदद से 8 नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करेगा। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम व हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बात उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के दौरे पर कही।

इस्लामी ने कहा, ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है। इसके सटीक स्थानों की घोषणा सरकार जल्द करेगी। ये संयंत्र स्थिर-स्वच्छ परमाणु ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और ईरान को परमाणु ऊर्जा से 20,000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे। इस्लामी ने कहा, ईरान के उत्तरी प्रांत गोलेस्तान के तट पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण शुरू हो गया है। खुजेस्तान प्रांत में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य भी पूरा करने की योजना है, जिसका निर्माण 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले शुरू हुआ था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा, बम बनाना इस क्षेत्र का एक छोटा, असंगत और अमानवीय हिस्सा है, जबकि बाकी आवश्यक मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वह बोले, पश्चिमी शक्तियां ईरान सहित स्वतंत्र देशों को उन्नत तकनीक से वंचित करना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य आश्रित देशों को असेंबली उद्योगों के स्तर तक ही सीमित रखना है। ईरानी वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर की जा रही शत्रुता व हत्याएं, ईरान की वैज्ञानिक और तकनीकी स्वतंत्रता के प्रति प्रमुख शक्तियों के डर से उपजी हैं।



ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है: मौ. इस्लामी

## 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचित: संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया है। लेकिन करीब 22.4 करोड़ महिलाएं खासकर, विकासशील देशों में अब भी सुरक्षित और प्रभावी परिवार नियोजन साधनों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आधु. निक गर्भनिरोधक उपायों का बढ़ता उपयोग एक बड़ी स्वास्थ्य सफलता है। इससे लाखों युवाओं को अनचाही गर्भावस्था से बचने और अपने भविष्य के बारे में फैसला करने की आजादी मिली है। हालांकि यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि बहुत से लोगों के लिए अब भी यह मूल मानव अधिकार 'बच्चों को जन्म देने या न देने का फैसला' सीमित बना हुआ है।

## अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार, चेनी की मौत स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण हुई। वे लंबे समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे।




## नेपाल में भीषण हिमस्खलन सात पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के दोलखा जिले के रोलवालिंग पर्वत श्रृंखला में सोमवार सुबह आए भीषण हिमस्खलन में सात पर्वतारोहियों की मौत हो गई है। मरने वालों में पांच विदेशी और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं, जबकि चार नेपाली पर्वतारोही अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। दोलखा ज़िला पुलिस कार्यालय के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे उस समय हुआ जब 15 सदस्ईय टीम यालुंग री चोटी की ओर बढ़ रही थी। इस टीम में पांच विदेशी पर्वतारोही और दस नेपाली गाइड शामिल थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से पूरी टीम बर्फ में दब गए। लेकिन खराब मौसम और संचार बाधित होने के कारण समय पर बचाव अभियान नहीं चलाया जा सका। दोलखा के पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान कुमार महतो ने बताया कि मारे गए विदेशी पर्वतारोहियों में तीन फ्रांसीसी, एक कनाडाई और एक इतालवी नागरिक शामिल हैं। महतो के अनुसार, टीम का मूल लक्ष्य दोल्मा कांग पर्वत पर चढ़ना था, लेकिन उससे पहले यालुंग री को उन्होंने अभ्यास पर्वतारोहण के रूप में चुना था।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले सियासत तेज

## राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने पिछली गलतियों के लिए देशवासियों से मांगी माफी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के अमीर शफीकुर रहमान ने अपनी पार्टी की श्पुरानी गलतियोंश के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है।

जेईआई चीफ शफीकुर रहमान ने 22 अक्टूबर को न्यूयार्क में पत्रकारों से कहा कि 1947 से अब तक, जिन-जिन लोगों को हमारी वजह से कोई कष्ट या नुकसान हुआ, हम उनसे दिल से माफी मांगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह माफी सभी के लिए है कि किसी एक दिन या घटना के लिए नहीं, बल्कि हर उस समय के लिए जब किसी को हमारी वजह से पीड़ा मिली। वहीं शफीकुर रहमान के इस माफीनामे की कुछ लोग जमकर आला. ेचना कर रहे हैं, आलोचकों का कहना है कि यह माफी अधूरी और अस्पष्ट है। इसमें यह साफ नहीं किया गया कि पार्टी किस अपराध या गलती के लिए माफी मांग रही है। खासतौर पर 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान किए गए अपराधों और नरसंहारों का कोई सीधा उल्लेख नहीं है। बता दें कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जमात-ए-इस्लामी ने पाकिस्तान के साथ मिलकर काम किया था। उस समय 'अल-बद्र', 'अल-शम्स' और 'रजाकार' नाम के अर्धसैनिक संगठन बने, जिन पर स्वतंत्रता सेनानियों, महिलाओं और आम नागरिकों की हत्या के गंभीर आरोप हैं। इन संगठनों को जमात से ही जोड़ा जाता है। जेईआई चीफ ने माफी मांगने के बाद कहा कि पार्टी पहले भी कई बार माफी मांग चुकी है कि प्रोफेसर गुलाम आजम ने माफी मांगी थी, मौलाना मतीउर रहमान ने भी मांगी थी, और मैंने भी पहले माफी मांगी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह माफी पार्टी की राजनीतिक वापसी की कोशिश का हिस्सा है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जमात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया था। इसके बाद से पार्टी फिर सक्रिय हो गई है, छात्र संघ चुनावों में हिस्सा ले रही है और दूसरे इस्लामी दलों के साथ गठजोड़ बना रही है।



फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है

